

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश



www.lagatar.in * रांची, बुधवार 09 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 181 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**नवरात्र सातवां दिन**

## मां कालरात्रि की आराधना

**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**

जो जगदंबा भयंकर रूप होने के बावजूद शुभ फल प्रदान करनेवाली हैं और इसी कारण शुभंकरी कहलाती हैं, उन माता कालरात्रि को भक्तिपूर्वक नमन. बाल बिखरे हुए और गले में माला है. बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग है. जिसके तीन नेत्र ब्रह्माण्ड के समान गोल हैं. जिनकी सांसों से ज्वाला निकलती रहती है. जो गर्दभ की सवारी करती हैं. जो ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा से भक्तों को वर देती हैं और दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है, उन माता कालरात्रि के श्रीचरणों में हम श्रद्धालुओं का प्रणाम. माता कालरात्रि. काल से भी रक्षा करने वाली शक्ति हैं.

-डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक... नायाब जीत

## विधानसभा चुनाव के नतीजों से भाजपा भी भौंचक कांग्रेस बोली- हम हारे नहीं हराए गए हैं

लगातार न्यूज नेटवर्क। चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने हैं. भाजपा ने सभी एग्जिट पोल के अनुमानों को गलत साबित करते हुए 52 साल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. अब पार्टी राज्य में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार है. वहीं, कांग्रेस को ओवर कॉन्फिडेंस का खामियाज भुगतना पड़ा. ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस को बंपर बहुमत मिलता दिखाया गया था. लेकिन कांग्रेस यहां 37 सीटें ही जीत पाई.

पूरे हरियाणा चुनाव में दो शब्दों की चर्चा सबसे ज्यादा रही. पहला- जाट और दूसरा- जलेबी. कांग्रेस ने दोनों पर बहुत जोर दिया, लेकिन ट्रेंड बताते हैं कि इससे पार्टी को कुछ खास हासिल नहीं हुआ. चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद अब सोशल मीडिया पर मातूराम की जलेबी ट्रेंड कर रही है. वहीं, जीत की खुशी में




नायब सिंह सैनी

भाजपा स्टेट ऑफिस में जलेबियां बांटी जा रही हैं.

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने सबको चौंका दिया है. भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 48 सीटें जीत कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है.


-शेष पेज 7 पर

## विधानसभा चुनाव 2024 का जनादेश





| पार्टी | जीते | 2019 | (+/-) |
| --- | --- | --- | --- |
| भाजपा | 48 | 41 | +7 |
| कांग्रेस | 37 | 31 | +6 |
| जजपा | 0 | 10 | -10 |
| इनेलो | 2 | 1 | +1 |
| अन्य | 3 | 7 | -4 |





| पार्टी | जीते | 2014 | (+/-) |
| --- | --- | --- | --- |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 42 | 15 | +27 |
| भाजपा | 29 | 25 | +4 |
| कांग्रेस | 6 | 12 | -6 |
| पीडीपी | 3 | 28 | -25 |
| अन्य | 10 | 7 | +3 |

**नहीं चला कांग्रेस का नैरेटिव :** दूसरी तरफ, कांग्रेस इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थी. एग्जिट पोल्स से लेकर सियासी बयानों तक यही संकेत मिल रहे थे कि भाजपा इस बार मुकाबले में कमजोर है. कांग्रेस में यह मंथन भी होने लगा था कि 65 से ज्यादा सीटें आती हैं, तो कमान किसे सौंपी जाएगी. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला, तीनों नेता सीएम पद पर अपनी दावेदारी को लेकर ताल ठोंक रहे थे. युवाओं में बेराजगारी और किसानों-पहलवानों की नाराजगी जैसे मुद्दे को कांग्रेस जोरशोर से उठा रही थी. इस सबके बावजूद भाजपा कांग्रेस की बगल से जीत को निकाल कर ले गई.

## जम्मू कश्मीर में इंडिया अलायंस की सरकार
## उमर अब्दुल्ला होंगे मुख्यमंत्री

एजेंसियां। श्रीनगर

एक दशक बाद हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने सबसे ज्यादा 49 सीटें जीत कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है. कांग्रेस की सहयोगी नेशनल कांफ्रेंस अकेले दम पर 41 सीटें जीतने में सफल रही.

वहीं गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी भी 6 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी. वहीं भारतीय जनता पार्टी जम्मू में भी अपनी उम्मीद के मुताबिक सीटें नहीं जीत पाई, वह केवल 29 सीटों पर जीत



दर्ज कर पाई. पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी अपनी सीट बड़गाम से चुनाव जीत गए हैं. कांग्रेस के बड़े नेता और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी चुनाव जीतने में कामयाब रहे.

-शेष पेज 7 पर

## हरियाणा ने कमल-कमल कर दिया : मोदी



जहां दूध-दही का खाणा, वैसा है अपना हरियाणा. हरियाणा के लोगों ने कमाल कर दिया... कमल-कमल कर दिया है. आज नवरात्रि का छठा दिन है, मां कात्यायनी का दिन है. मां कात्यायनी हाथ में कमल लेकर शेर पर बैठी हैं. वह हम सभी को आशीर्वाद दे रही हैं. ऐसे पवित्र दिन पर हरियाणा में तीसरी बार कमल खिला है. - पीएम नरेंद्र मोदी

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 81 फैसलों पर सरकार की मुहर

# उग्रवादी हिंसा में मौत पर सैप जवानों के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी

कौशल आनंद। रांची

- **विधवा और दिव्यांग पेंशन में समान रूप से 1000 रुपए की राशि मिलेगी**
- **केशव महतो कमलेश राज्य को-ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य, मिला मंत्री का दर्जा**

**कैबिनेट के फैसले**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 81 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई. कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि इंदिरा गांधी विधवा पेंशन और इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना में समान रूप से 1000 रुपए की राशि दी जाएगी. 80 वर्ष उम्र सीमा की गई है. मध्य विद्यालय को माध्यमिक उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मंजूरी दी गई. खनन सेवा अभियंता नियमावली में विभागीय परीक्षा के लिए संशोधन किया गया. गढ़वा नगर परिषद अंतर्गत मल्टीपरपज सेंटर के निर्माण के लिए 60 करोड़ के लिए प्राक्कलन को मंजूरी दी गई. उग्रवादी हिंसा में मृत्यु होने की स्थिति पर सैप पुलिसकर्मियों के आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी दी जाएगी.

इसके अलावा जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग इत्यादि की कई विकास योजनाओं की स्वीकृति दी गई. राजकीय चिकित्सा अस्पताल और सदर अस्पताल रांची में सीटी स्कैन मशीन की खरीद के लिए एक अरब 32 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गयी. केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य कोऑर्डिशन समिति का सदस्य बनाया गया. कमलेश को मंत्री का दर्जा मिलेगा.

राज्य के सरकारी भवनों, कार्यालयों, न्यायमंडलों एवं केंद्रीय उपक्रमों में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए उर्जा सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि को वेब ऑफ करने, जगन्नाथपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में स्टेट ऑफ आर्ट संस्थान विकसित करने को 74 करोड़ की मंजूरी दी गई. 2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्रों को सामान्य केंद्रों के उपक्रम करने, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सेवा शर्त एवं नियमावली 2024 का गठन, सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए डायरी छापने एवं बांटने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई.

**मुंबई में बनेगा बनेगा झारखंड भवन :** अरगोड़ा अंचल क्षेत्र में 5.15 एकड़ भूमि 28 करोड़ भुगतान पर 1. 2. 2022 से अगले 30 वर्षों के लिए लीज नवीकरण के संबंध में संत जेवियर स्कूल रांची को देने की स्वीकृति दी गई. रिम्स रांची में नए भवन और पुराने भवन के जीर्णोधार के लिए सात अरब से अधिक राशि की स्वीकृति दी गई. मुंबई में गरीब मजदूर इत्यादि के रहने के लिए झारखंड भवन बनाया जाएगा, जिसके योजना स्वीकृत की गई है. इलाज के लिए जाने वाले गरीबों को इसमें सुविधा मिलेगी.

**आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के चयन और मानदेय नियमावली में संशोधन :** झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के मानदेय, चयन सेवा नियमावली में संशोधन किया गया. बंधन झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहाय का सेवा नियमावली के मंजूरी दी गई. अनुकंपा की कठिनाई को भी दूर किया गया. आश्रित को उसी वर्ग में नौकरी मिल जाएगी. वहीं, अब तक जिन्हें मानदेय नहीं दिया जा सका है, उसके लिए एक बार मानदेय वृद्धि की जाएगी. पीटीपीएस से उत्पादक बिजली ऊपरी सबसे निकालने के आधारभूत संरचना बनाने के लिए 2181 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई.

### प्रमुख निर्णय एक नजर में





- संत जेवियर स्कूल डोरंडा को मिलेगा 1.50 एकड़ की भूमि 30 साल के लीज पर
- **रांची रिम्स के पुराने भवनों का होगा जीर्णोधार और नए भवन बनेंगे 1 अरब रुपया से**
- मुंबई में बनेगा नया झारखंड भवन जहां जहां पर झारखंड से जाने वाली मजदूरों को रहने की सुविधा दी जाएगी
- **झारखंड के सभी जिलों में बनेगा बार काउंसिल का भवन**
- आंगनवाड़ी सहायिका सेविकाओं की नियुक्ति में अनुकंपा को प्राथमिकता देने का निर्णय
- मैंगो के परदेसी छात्रवृत्ति में कोटा बढ़ाया गया अब 50 छात्र-छात्राएं विदेश पढ़ने जा सकते हैं
- **राज्य के सभी जिलों में पलाश मार्ट खुलेगा**
- कोल्हान के मुसाबनी, देवघर और गिरिडीह के तिसरी व दुमका और हजारीबाग के बड़कागांव में बनेगा नया डिग्री कॉलेज
- **केंद्र सरकार के वक्फ बोर्ड संशोधन के लिए राज्य सरकार लिखेंगे केंद्र सरकार को पत्र**

**ईडी के नाम पर वसूली मामला**

# वकील, डीटीओ, सीओ समेत कई के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

- **रांची और धनबाद में ईडी की अलग-अलग टीम ने दी दबिश**
- **कई दस्तावेज जब्त, भारी मात्रा में नकदी मिलने की भी सूचना**

विनीत/सौरभ। रांची

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर से कार्रवाई की है. ईडी की अलग-अलग टीम ने मंगलवार की सुबह रांची में पांच और धनबाद में दो ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. जिन लोगों के ठिकानों पर ईडी की टीम ने दबिश दी, उनमें धनबाद धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, रांची के कांके अंचल के सीओ जय कुमार राम, नामकुम अंचल के तत्कालीन सीओ प्रभात भूषण, जमीन करोबारी संजीव पांडेय, रवि और वकील सुजीत कुमार का नाम शामिल है.

यह कार्रवाई पंडरा थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई है. छापेमारी के क्रम में ईडी की टीम धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद के झारुडीह के देव विहार स्थित फ्लैट पर पहुंची. इस दौरान बाहरी लोगों के अपार्टमेंट में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी. साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. बता दें कि इस मामले में ईडी ने उनसे पूर्व में भी कई बार पूछताछ कर चुकी है. वहीं, रांची के बरियातू स्थित राधे कृष्णा गार्डन के अलावा पंडरा व हटिया इलाके में सबंधित लोगों से जुड़े ठिकानों पर भी दबिश दी गई. छापेमारी के दौरान ईडी ने कई दस्तावेज जब्त किये हैं. साथ भारी मात्रा में नकदी बरामद होने की सूचना है. हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है.



धनाबाद में छापामारी करती ईडी की टीम व इनसेट में वकील सुजीत कुमार.

**ईडी को मैनेज करने के लिए 5.71 करोड़ में हुई थी डील :** जमीन घोटाला मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) को मैनेज करने के लिए कांके व नामकुम सीओ के अलावा धनबाद डीटीओ पर 5.71 करोड़ रुपये में डील करने का आरोप लगा है. पंडरा निवासी जमीन कारोबारी संजीव कुमार पांडेय ने पंडरा ओपी में वकील सुजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. प्राथमिकी में वकील सुजीत कुमार पर ईडी से जुड़े केस को मैनेज करने का आरोप लगाया गया है.

**आरोप : केस से बचा लेने का झांसा देकर लिये रुपये :** संजीव ने आरोप लगाया है कि वकील सुजीत कुमार ने चार्जशीट में उनका नाम शामिल न करने के लिए कुछ अधिकारियों और उनसे पांच करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की है.

-शेष पेज 7 पर

## मिथुन को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**नयी दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को मंगलवार को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया. उन्हें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने यह सम्मान प्रदान किया. अभिनेता इस दौरान काफी भावुक नजर आए और कहा कि पहले मैं भगवान से बहुत शिकायत करता था, अब कोई शिकायत नहीं है. भगवान ने सूद सहित सब वापस कर दिया. मिथुन को इस दौरान स्टैंडिंग ओवेशन मिला. बेस्ट हिंदी फिल्म के लिए गुलमोहर को अवार्ड दिया गया. स्क्रीनप्ले राइटर राहुल वी.चित्तेला को गुलमोहर के लिए बेस्ट स्क्रीनप्ले का नेशनल अवॉर्ड मिला. फिल्म गुलमोहर को नेशनल अवॉर्ड सेरेमनी में स्पेशल मेंशन मिला.


ॐ शान्तिः

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

तृतीय पुण्यतिथि



स्व. तिलक राज अजमानी
08 अगस्त, 1953 — 09 अक्टुबर, 2021

सादगी, प्रेम, करुणा, समदृष्टि, कर्मठता एवं सभी के प्रिय

।। पिता स्वर्गः - पिता धर्मः - पिता ही परम तपः।।

हम आपके दूरदर्शी भावना का स्मरण करते हैं।
आपकी अदम्य विरासत हमारे हर प्रयास के केंद्र में रहती है

श्रद्धानवत
प्रिंस अजमानी (ज्येष्ठ पुत्र)
प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख- विश्व हिंदू परिषद्
कुणाल अजमानी (कनिष्ठ पुत्र)
गुलशन लाल अजमानी ● सुशील कुमार अजमानी (भाई)
एवं समस्त अजमानी परिवार


•RANCHI TENT HOUSE •THE PENTAGON GROUP •ORCHID DEWELLERS PVT LTD


# मजदूरों के मरने के बाद भी नहीं होती नरसिंह इस्पात पर कार्रवाई?

दिलीप कुमार। चांडिल

नरसिंह इस्पात कंपनी में बार-बार गैस रिसाव की घटना होने के बाद भी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होना चिंताजनक है. यहां सरकार के प्रावधानों के विपरीत मजदूरों से काम लिया जा रहा. पुलिस-प्रशासन के अफसर हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं. ऐसे ही कई सवाल और बातें क्षेत्र में चल रही हैं.

लोगों का कहना है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी मजदूर की मौत पर चुप्पी साधे बैठे हैं. उन्हें जनता की जान की परवाह नहीं है. रविवार को कंपनी में मजदूर की मौत के बाद खूंटी ग्राम सभा और कंपनी द्वारा कानूनों को ताक पर रखकर काम किए जाने का विरोध करने वाले एक बार फिर मुखर हैं. लोगों का कहना है कि जब कंपनी में दुर्घटना में मजदूर की मौत हुई है. कंपनी गेट पर 14 घंटों से अधिक समय तक प्रदर्शन जारी है. प्रबंधन परिजनों को मुआवजा दे रहा है. ऐसे में कंपनी की गलती पर अधिकारी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं.



नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी.

**2022 में भी हुआ था जहरीली गैस रिसाव :** अप्रैल 2022 में भी कंपनी में जहरीली गैस का रिसाव होने से सात मतदूर बेहोश हो गए थे. सात में तीन को गंभीर स्थिति में टीएमएच, जमशेदपुर में भर्ती कराया गया, जबकि चार मजदूरों का स्थानीय क्लीनिक में उपचार कराया गया था. गंभीर रूप से घायलों में एक स्थानीय और दो बिहार के मजदूर थे. बताया गया कि तब कंपनी में फर्नेस में मरम्मत का काम हो रहा था. तभी कार्बन मोनो-ऑक्साइड गैस लीक हो गई थी. लोगों का कहना है कि हर दो-तीन वर्ष में कंपनी में बड़ा हादसा होता है, लेकिन कंपनी इनसे सबक लेकर परिसर में सुरक्षा की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा रही. कंपनी असुरक्षित तरीके से उत्पादन का कार्य कर मजदूरों की जान के साथ खिलवाड़ करती आ रही है.

### पहले भी घट चुकी है दुर्घटना

कंपनी में गैस रिसाव की घटना नई नहीं है. पहले भी कई बार मजदूर की मौत हुई और कई मजदूर घायल हुए. अगस्त 2016 में कंपनी में जहरीली गैस रिसाव से दम घुटने से बुधुराम महतो नामक मजदूर की मौत हो गई थी. तब बुधुराम के बचाव में गए सात मजदूर भी बेहोश हो गए थे. बेहोश होने वालों में तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर एम साई कला रवि भी शामिल थे. घटना के बाद सभी मजदूरों को टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था. वहां बुधुराम को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया था. कंपनी में वेल्डिंग और गैस क्लीनिंग का काम करने के दौरान उक्त घटना घटी थी. चौका-कांड्रा सड़क पर स्थित नरसिंह इस्पात में काम तो खतरनाक होते हैं, लेकिन उसके अनुरूप कंपनी परिसर में किसी प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है और ना ही कंपनी में एंबुलेंस और सुरक्षा उपकरण ही उपलब्ध है. ऐसे में दुर्घटना होने पर घायलों को तड़पता छोड़कर पहले वाहन की व्यवस्था की जाती है. कंपनी में कई बार दुर्घटना घट चुकी है. बावजूद इसके कंपनी प्रबंधन दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया है.

# एचईसी में इस बार पर्दे पर होगी रामलीला, आर्थिक संकट के कारण मंचन बंद

**शुभम किशोर ।रांची**

रांची शहर में जहां दुर्गा पूजा पंडालों की भव्यता देखने को मिल रही है, वहीं एचईसी के सेक्टर-दो में इस साल भी रामलीला का आयोजन हो रहा है, पर इस बार मंच के बदले पर्दे पर रामलीला होगा. रामलीला मैदान संस्कृति समिति ने आर्थिक कारणों से रामानंद सागर की रामायण धारावाहिक को बड़े पर्दे पर दिखाने का फैसला लिया है.

समिति के सदस्यों ने बताया कि पहले रामलीला का मंचन करने में लगभग तीन से चार लाख रुपये का खर्च आता था. पैसे की कमी के चलते इस साल मंचन बंद कर दिया गया है. बड़े पर्दे पर धारावाहिक दिखाने में 50 से 60 हज़ार रुपये का खर्च आ रहा है, जिसका प्रबंध समिति के सदस्यों और समाजसेवियों की मदद से किया जा रहा है. एचईसी में पिछले दस सालों से रामलीला का मंचन बंद था.



**सिर्फ एचईसी में होती थी रामलीला :** रांची में केवल एचईसी में ही दशहरा के समय रामलीला का आयोजन होता था. विजय दशमी समारोह समिति वर्ष 1967 से इसका आयोजन करती थी. वर्ष 2010 से आर्थिक कारणों से रामलीला का मंचन रुक गया और तब से नियमित रूप से नहीं हो पाया है. इसके बाद से बड़े पर्दे पर रामायण धारावाहिक दिखाया जाता रहा है.

**अगले साल मंचन की उम्मीद :** रामलीला मैदान संस्कृति समिति के सदस्यों का कहना है कि अगले साल रामलीला के मंचन की तैयारी की जा रही है. पहले रामलीला मंडली को ठहराने में मुश्किल होती थी, लेकिन समिति ने समाजसेवियों की मदद से एक सामुदायिक भवन का निर्माण करवा लिया है. साथ ही मंच को भी बड़ा किया जा रहा है. अगले साल बनारस की रामलीला मंडली से रामलीला का मंचन करवाने की योजना है.

### रामलीला, लोग और मूंगफली



रामायण धारावाहिक देखने के लिए आसपास के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं. शाम 6 :30 से रात 10 बजे तक रामायण का प्रसारण होता है. इस दौरान लोग मूंगफली (चिनिया बदाम) का आनंद लेते हैं. जब रामलीला का मंचन होता था, तब मैदान में लोगों की भीड़ देखने लायक होती थी.

### मुख्य बातें

- समिति अगले साल बनारस की रामलीला मंडली से रामलीला का मंचन करवाने की योजना बना रही है.
- समिति ने समाजसेवियों की मदद से रामलीला मंडली को ठहराने के लिए एक सामुदायिक भवन बनाया है.
- रामलीला के मंच को भी बड़ा किया जा रहा है.
- एचईसी में पहले रामलीला का मंचन 1967 से हो रहा था.
- 2010 के बाद से रामलीला नियमित रूप से नहीं हो पाई है.

# डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की बासुकीनाथ मंदिर में पूजा

**संवाददाता।रांची**



झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता मंगलवार को दुमका के बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा-अर्चना की. इस दौरान उन्होंने शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक किया और राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की. मौके पर दुमका आईजी, डीआईजी, एसपी समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे. वहीं डीजीपी के आगमन को लेकर जिले में सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे. सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान अलर्ट मोड में थे.

## केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची ।** केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की. राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है.

## सीएम से मिला झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री को झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के सदस्यों ने झारखंड राज्य पुलिस सेवा संवर्ग (पुलिस उपाधीक्षक/ अपर पुलिस अधीक्षक) के सेवा शर्तों व देय भत्ता आदि के न्यायोचित मांग के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा. मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर राज्य सरकार यथोचित विचार करेगी. इस अवसर पर झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव बुधराम उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

## झालसा का डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम

**रांची ।** झालसा कैलेंडर के अनुसार न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को नगड़ी प्रखंड के बसिला गांव में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या आदि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के बारे में विस्तार से बताया. नालसा 10 स्कीम के बारे में जानकारी दी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से विधिक सेवा प्राप्त करने के विषय में जानकारी उपस्थित लोगों को दिये.

राज्य में झारखंड वस्तु एवं सेवा अधिप्राप्ति नियमावली

# झारखंड में अब स्थानीय वेंडर्स और मैन्यूफैक्चर्स को मिलेगा बढ़ावा

- वित्त विभाग ने जारी किया आदेश
- चार अक्टूबर से ही हो गया प्रभावी

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

झारखंड में अब स्थानीय वेंडर्स और मैन्यूफैक्चर्स को बढ़ावा मिलेगा. इन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा. इसके लिए राज्य में झारखंड वस्तु एवं सेवा अधिप्राप्ति नियमावली लालू कर दी गई है. यह नियमावली चार अक्तूबर 2024 से ही प्रभावी मानी जाएगी. वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार के अधीनस्थ विभिन्न विभागों व कार्यालयों में सामग्रियों व सेवाओं की अधिप्राप्ति प्रक्रिया के लिए समय-समय पर परिपत्र निर्गत किये जाते रहे हैं. अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सरल, एकरूप, पारदर्शी व प्रासंगिक बनाने के लिए एकीकृत दिशा-निर्देश की आवश्यकता महसूस की जाती रही है.

सभी विधियों को प्रोक्योरमेंट मैन्यूअल में समाहित करने की आवश्यकता है. विभिन्न माध्यमों से सामग्री की अधिप्राप्ति की अधिसीमा भी अब अप्रासंगिक हो गयी है, जिसे संशोधित करने की आवश्यकता है. इस कारण झारखंड वस्तु व सेवा अधिप्राप्ति नियमावली लागू की जा रही है. इस नियमावली के तहत राज्य में रोजगार सृजन के लिए स्थानीय वेंडर्स व मैन्यूफैक्चर्स को प्रोत्साहित किया जाएगा.



### इन एकीकृत उत्पादों की होगी खरीद

झारखंड वस्तु एवं सेवा अधिप्राप्ति नियमावली के तहत सभी वस्तुएं, सामग्री, वस्तु, खाद्यान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तु, पशुधन, दवाइयां, फर्नीचर, किताबें, फिक्स्चर, कच्चा माल, उपभोग्य वस्तुएं, स्पेयर पार्ट्स, उपकरण, मशीनरी, उपकरण, औद्योगिक संयंत्र, वाहन, रेलवे रोलिंग स्टॉक, सहायक उपकरण, मशीनों का समूह जिसमें एक एकीकृत उत्पादन शामिल है, की खरीद की जाएगी. इसके अलावा सॉफ्टवेयर, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, लाइसेंस, पेटेंट या अन्य बौद्धिक संपत्तियां, लाइब्रेरी के लिए पत्रिकाएं भी खरीदी जाएगी. इसमें शराब, पेट्रोलियम जैसी उत्पाद शुल्क योग्य वस्तुओं को शामिल नहीं किया गया है. शामिल नहीं हैं. वहीं ऐसी सेवाएं जो ऐसी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए आकस्मिक या परिणामी हैं, जैसे परिवहन, बीमा, प्रशिक्षण आदि को भी शामिल किया गया है.

- **वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए ये अफसर होंगे अधिकृत :** विभाग स्तर पर अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव वस्तु और सेवाओं की खरीद के लिए अधिकृत होंगे. निदेशालय स्तर पर खरीद के लिए निदेशक व विभागाध्यक्ष अधिकृत होंगे. आयुक्त स्तर पर आयुक्त और उपायुक्त को अधिकृत किया गया है.

### इसमें अधिग्रहण नहीं होगा शामिल

इस नियमावली के तहत कोई अधिग्रहण शामिल नहीं होगा. इस नियमावली के तहत खुले, भेदभाव रहित और कुशल लक्ष्य के साथ खरीद के लिए पारदर्शी प्रक्रिया से खरीद सरकारी ई-बाजार पोर्टल या सूचना विभाग द्वारा विकसित पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है. वस्तुओं की खरीद की जिम्मेवारी प्रोक्योरमेंट ऑफिसर की होगी. प्राधिकृत खरीद इकाई का एक अधिकारी खरीद इकाई की ओर से निर्णय लेने के लिए सक्षम होगा.

हेमंत ने जेल से लौटने के बाद सीएम के तौर पर 90 दिनों की उपलब्धियां गिनाईं, कहा-

# जनहित में उठाए हैं कई कदम

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

हेमंत सोरेन ने जेल से निकल कर सीएम की कमान संभालने के बाद 90 दिनों के अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई हैं. इसे लेकर उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट साझा किया है. सीएम ने कहा है कि मंईयां सम्मान योजना के तहत 50 लाख से अधिक बहनों को जोड़ा गया है और एक-एक हजार रुपए की दो किस्तें उनके बैंक खातों में पहुंचा दी गई है. तीसरी किस्त भी मंगलवार को भेज दी गई है. उन्होंने किसानों के कल्याण की दिशा में किए गए कार्य का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य के लाखों किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ किए हैं. वहीं, दूध की खरीद में अब किसानों को 5 रुपए प्रति लीटर बोनस मिल रहा है. सोरेन ने बताया है कि सरकार प्रति माह 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपभोक्ताओं को दे रही है. वहीं, राज्य के 40 लाख परिवारों का बकाया बिजली बिल माफ किया गया है. राज्य में बुनियादी ढांचे को सशक्त करने की दिशा में काम करते हुए सरकार ने राज्य का पहला अत्याधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित किया है.

इसी तरह रिकॉर्ड समय में कांटा टोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा किया गया है. जमशेदपुर में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल एमजीएम में 750 बेड के अस्पताल और ओपीडी सेवा की शुरुआत की गई है. अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, प्रोत्साहन राशि, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सहायता प्रदान करने और अन्य वर्गों को भी स्वास्थ्य बीमा से जोड़ने के लिए उठाए गए कदम का भी सोरेन ने पोस्ट में उल्लेख किया है. उन्होंने कहा कि सरकार ने पोषण सखी एवं अन्य अनुबंध वर्गों को उनका अधिकार दिया. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत हर पंचायत में लाखों आवेदन के लिए शिविर लगवाया. इन आवेदनों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है. हेमंत ने कहा कि यह सूची हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता को दर्शाती है. हम आगे भी जनहित में ऐसे ही कार्य करते रहेंगे.



### इन उपलब्धियों को गिनाया

**झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**

- 50 लाख से अधिक बहनों को जोड़ा गया
- दो किश्तें उनके खातों में पहुंचा दी गई
- तीसरी किश्त भी जारी हो कर दी गई है

**किसान कल्याण**

- राज्य के लाखों किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ
- दूध की खरीद में अब किसानों को 5 रुपए प्रति लीटर बोनस

**बिजली सुधार**

- प्रति माह 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 40 लाख परिवारों को अब हर माह शून्य बिजली बिल
- राज्य के 40 लाख परिवारों का बकाया बिजली बिल हुआ माफ

**बुनियादी ढांचा विकास**

- राज्य का पहला अत्याधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित
- रिकॉर्ड समय में कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण
- कई अन्य सड़कों का उद्घाटन तथा फ्लाईओवर का शिलान्यास एमजीएम में 750 अस्पताल और ओपीडी सेवा की शुरुआत
- 300 बेड मल्टीस्पेशिलिटी अपोलो अस्पताल का शिलान्यास

**नियुक्त परीक्षा**

- परीक्षाओं का समय पर आयोजन. छात्रों एवं परीक्षार्थियों के हितों के साथ किसी भी क़ीमत पर समझौता नहीं

**अधिवक्ता एवं अन्य वर्ग**

- अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, प्रोत्साहन राशि, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सहायता प्रदान की गई. अन्य वर्गों को भी स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा
- पोषण सखी एवं अन्य अनुबंध वर्गों को हक-अधिकार दिया

**जन-सेवा**

- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत हर पंचायत में लाखों आवेदन हेतु शिविर लगाया, इन आवेदनों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है.

# प्रदेश कांग्रेस ने 63 को-ऑर्डिनेटर किया मनोनीत

- विधानसभा चुनाव को लेकर बनायी जा रही रणनीति

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस ने राज्य के 63 विधानसभा क्षेत्र के लिए वार रूम के को- ऑर्डिनेटर का मनोनयन कर लिया है. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए और रणनीति को धार देने के लिए कोऑर्डिनेटर का मनोनयन किया गया है. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वार रूम के अध्यक्ष एस शशिकांत सेंथिल के द्वारा यह सूची जारी कर दी गई है.

### इन विधानसभा क्षेत्र में ये होंगे कोऑर्डिनेटर

राजमहल-केसर सिंह, शिकारीपाड़ा-प्रशांत पराशर, जामताड़ा-किशन सिंघार, दुमका-शैलेंद्र गुर्जर, जामा-सूर्यकुमार द्विवेदी, सारठ- विशाल रघुवंशी, बरकट्ठा-किशोर कुमार, बरही- हेमा देशमुख, बड़कागांव-संतोष कुमार तिवारी, रामगढ़-गंभीर सिंह ठाकुर, मांडू- राधेश्याम कुशवाहा, हजारीबाग- अनोखा सिंह, सिमरिया- राजकिशोर प्रसाद, चतरा-तनवीर अहमद, राजधनवार-सुनील कुमार, बगोदर-अजय कुमार सिंह, जमुआ-साधना रजक गांडेय-हरिनारायण द्विवेदी, गोमिया-धीरेंद्र कुमार सिंह,बेरमो- शशि कुमार सिंह, बोकारो मोहम्मद सोइन अंसारी, सिंदरी- प्रवीण कुमार निरसा-रवि कुमार, धनबाद-विपिन बिहारी यादव, झरिया-अब्दुल सरवर कुरैशी, बाघमारा-बंशीधर सैनी, बहरागोड़ा-महेश चंद्रवंशी, घाटशिला-पदम कोठारी,पोटका- विनोद तरमकर, जुगसलाई-निलेंद्र शर्मा,पूर्वी जमशेदपुर-वीरेंद्र मसीहा पश्चिमी जमशेदपुर- भुवनेश्वर बघेल, सरायकेला-भरत सुंडा, चाईबासा-हेमंत हीरोले, मझगांव-विनोद शर्मा, जगन्नाथपुर- मनोज जिमी सवनेर, मनोहरपुर-जालम मोरी सरदारपुर, चक्रधरपुर-राहुल मिश्रा, खूंटी-प्रकाश मारकंडे, सिल्ली- शैलेंद्र प्रताप सिंह, खिजरी-विक्रम गिरी, रांची-रूपेश ठाकुर, हटिया-सुशील शर्मा, कांके- नरेश ठाकुर, मांडर- यू डी मिंज, सिसई-प्रीतम राम कमल,गुमला-हृदय राम राठिया, बिशनपुर-मोहित केरकेटा, लोहरदगा-विनय भगत, मनिका-विजय यादव, लातेहार-बी एन सिंह, पांकी-विकास सिंह, डाल्टेनगंज-सुमंत कुमार, विश्रामपुर-अमित कुमार, हुसैनाबाद-पंकज कुमार पासवान, गढ़वा-कृपाशंकर शाही भवनाथपुर-व्यास राम, पाकुड़-अरुण सिसोदिया पोड़ैयाहाट- गुरमीत सिंह, महागामा-लल्लन यादव, जरमुंडी-सूरज सिंह, सिमडेगा-कारू पासवान, कोलेबिरा-तनवीर अनवर को वार रूम का कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया गया है.

120 चलंत चिकित्सा दलों का किया गया गठन

# राज्य में चलंत ग्राम क्लीनिक पकड़ेगी रफ्तार

- क्लीनिकों में ओपीडी सेवा भी कराई जाएगी उपलब्ध

**प्रमुख संवाददाता. रांची**

राज्य में स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने चलंत ग्राम क्लीनिक पर जोर दिया है. इसके लिए 120 चलंत चिकित्सा दलों का गठन किया गया है. जो राज्य के आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे. स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में आदिम जनजाति के लगभग 75 हजार परिवार हैं. जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में निवास करते हैं. ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों से सम्पर्क व्यवस्था सुदृढ़ नहीं होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है.

खासकर गंभीर बीमारी की स्थिति में अथवा गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का कार्य अत्यंत जटिल हो जाता है. इसके लिए चिकित्सक दलों का गठन किया गया है. सरकार ने इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में पांच करोड़ 98 लाख 36 हजार रुपए की स्वीकृति दी है.

**कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करेगा चलंत ग्राम क्लीनिक :** केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 तक देश में कालाजार उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. इसको देखते हुए राज्य सरकार ने भी कालाजार का शत प्रतिशत उन्मूलन सुनिश्चित किया था. जिसमें दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज के 74 कालाजार से प्रभावित गांवों को चिह्नित किया गया था. इनमें कई ऐसे गांव हैं, जो दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित हैं. जहां स्वास्थ्य सेवाएं सीमित हैं. ऐसे गांवों में भी चलंत ग्राम क्लीनिक की स्थापना की जाएगी. कालाजार के रोगियों की पहचान की जाएगी.

**चलंत ग्राम क्लीनिक का तैयार होगा भ्रमण रोस्टर :** चलंत ग्राम क्लीनिक का भ्रमण रोस्टर तैयार किया जाएगा. जिसमें सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी. प्रत्येक चिह्नित आदिम जनजाति बहुल ग्राम में अवस्थित सरकारी भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन और विद्यालय भवन में चलंत ग्राम क्लीनिक की स्थापना की जाएगी. साथ ही हर चलंत ग्राम क्लीनिक में सूचना पट्ट लगाया जाएगा, जिसमें प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं की विवरणी अंकित की जाएगी. टेस्ट की सूची, कार्यरत चिकित्सक के नाम और मोबाइल नंबर, उपलब्ध दवाओं की सूची भी अंकित की जाएगी. चलंत ग्राम क्लीनिक में पोस्टर के माध्यम से बीमारियों के लक्षणों के संबंध में जागरूकता के प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा.



### चलंत ग्राम क्लीनिक में ये सेवाएं होंगी उपलब्ध

- ओपीडी
- पूर्व प्रसव और प्रसव के बाद देखभाल
- परिवार नियोजन परामर्श और गर्भनिरोधक सेवाएं
- एनीमिया सहित अन्य गैर संचारी रोग, ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच
- टीबी और मलेरिया का पता लगाने के लिए बलगम व रक्त संग्रह
- कालाजार इलाज

**योजना** गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक

# झारखंड के कोर्ट परिसरों की सुरक्षा में होगा इजाफा

### 2141 नए सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

**वरीय संवाददाता ।रांची**

झारखंड के सभी जिला और अनुमंडल कोर्ट परिसरों में सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किए जा रहे हैं. राज्य सरकार ने कोर्ट परिसरों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू कर दिया है. इस योजना के तहत सभी कोर्टों में 2141 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. सोमवार को गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक की गई, जिसमें सभी जिलों के जिला और अनुमंडल कोर्टों में पहले से लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और अतिरिक्त कैमरों की आवश्यकता का आकलन किया गया. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी कोर्ट परिसरों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या में वृद्धि की जाएगी ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके.

**नए पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण :** हाल ही में हुए पुलिस अधिकारियों के तबादले के बाद, कई नए अधिकारी कोर्ट परिसरों में तैनात किए गए हैं. इन नए अधिकारियों को कोर्ट परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पूरी तरह से अवगत कराया जा रहा है. सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि वे नए अधिकारियों को कोर्ट परिसरों की सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दें.

**कंप्यूटराइज्ड चेकिंग सिस्टम :** कोर्ट परिसरों में आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए एक कंप्यूटराइज्ड चेकिंग सिस्टम भी लगाया जाएगा. इस सिस्टम के माध्यम से कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों की पहचान आसानी से की जा सकेगी.



### एसपी को हर महीने सुरक्षा ऑडिट का दिया निर्देश

बैठक में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को निर्देश दिया है कि वे हर महीने कोर्ट परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था का ऑडिट करेंगे. यह सुनिश्चित करने के लिए कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए, सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि वे समय-समय पर कोर्ट परिसरों का निरीक्षण करें और सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक निर्देश दें.

### इन उपायों पर गौर करने की जरूरत

- **पर्याप्त सुरक्षा बल :** सभी कोर्ट परिसरों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे.
- **आधुनिक हथियार :** सुरक्षाकर्मियों को आधुनिक हथियार और उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे.
- **नियमित गश्त :** कोर्ट परिसरों में नियमित रूप से गश्त की जाएगी.
- **आगंतुकों की जांच :** कोर्ट परिसर में आने वाले सभी आगंतुकों की कड़ी जांच की जाएगी.

सरयू राय ने बन्ना गुप्ता के खिलाफ तेवर तल्ख किए

# वायरल एफआईआर की न्यायिक जांच की मांग

**संवाददाता ।रांची**

विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ अपना रुख कड़ा कर लिया है. मंगलवार को रांची स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता से जुड़े एक एफआईआर को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है, जिसे वे फर्जी बता रहे हैं. उन्होंने इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की है. राय ने कहा कि रांची के पुलिस अधीक्षक (नगर) ने एफआईआर के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है. दूसरी ओर, बन्ना गुप्ता के एक सहयोगी ने जमशेदपुर में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. इन तीनों लोगों को "मेरा नजदीकी" बताकर उन्हें भी इस मामले में उलझाना चाहा है.



**2023 में अश्लील वीडियो भी हुआ था जारी:** सरयू राय ने बताया कि अप्रैल 2023 में एक महिला के साथ अश्लील बात करते हुए बन्ना गुप्ता का वीडियो जारी हुआ था. इसपर उन्होंने खुद ही एफआईआर किया था, परंतु आज तक उसका कोई फलाफल नहीं निकला है. उन्होंने बन्ना गुप्ता पर कई गंभीर आरोप लगाए, जिसमें गत एक माह में जमशेदपुर में करीब 100 गरीब फुटपाथ दुकानदारों का आशियाना तोड़वाने, कोविड महामारी के दौरान आदित्यपुर, जमशेदपुर के एक अस्पताल को बंद कराने और इसके मुख्य चिकित्सक डॉ ओपी आनंद को जेल में डालने, जमशेदपुर के कांतिलाल मेडिका अस्पताल को बंद कराने, जमशेदपुर के मेडिट्रिना अस्पताल को 29 दिनों तक निलंबित रखने, उमा अस्पताल, डिस्कवरी डॉयग्नोस्टिक सहित कई चिकित्सीय संस्थानों पर दबाव डालना और धमकाना शामिल हैं.

**एमजीएम अस्पताल प्रबंधन को कर रखा है मुट्ठी में :** सरयू राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल के प्रबंधन को अपनी मुट्ठी में कर रखा है. अपने एक नुमाइंदे को अस्पताल के अधीक्षक के कमरे के सामने ही एक बड़ा कमरा देकर उसे वहां बैठा दिया है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, बुधवार 09 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 181 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**खुशखबरी :** मनरेगा कर्मियों के मानदेय में 30% की वृद्धि का निर्णय

# मनरेगा कर्मियों को दुर्गापूजा का तोहफा

**खास बातें**

- मंत्री इरफान अंसारी के साथ बैठक के बाद बनी सहमति
- हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने लगे हैं मनरेगा कर्मी



प्रमुख संवाददाता। रांची

करीब तीन माह से अनिश्चितकाल हड़ताल पर चल रहे मनरेगा कर्मियों को दुर्गा पूजा की सौगात मिली है. राज्य सरकार ने इनके मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला लिय है. ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और मनरेगा कर्मचारी संघ के नेताओं के बीच बैठक के बाद इस बात पर सहमति बनी. अब 12000 रुपये मानदेय पानेवाले रोजगार सेवक, 23700 रुपये मानदेय पानेवाले बीपीओ के मानदेय में 30 फीसदी की वृद्धि होगी. इसी तरह असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, कंप्यूटर ऑपरेटर और लेखपाल आदि के वेतन में 30 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी. प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में मनरेगा कर्मियों को 1500 रुपये तक यात्रा भत्ता भी देने की मंजूरी हुई है. वहीं पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 20 लाख रुपये तक की सामाजिक सुरक्षा देने पर भी सहमति बन गई है. मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग ग्रेड पे और नियमितीकरण है, इस पर अभी सहमति नहीं हुई है. हालांकि, राज्य सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा.

### सीएम से मुलाकात के बाद वापस लेंगे हड़ताल

बागे ने बताया कि मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की जाएगी. हालांकि, राज्यभर के 5000 से अधिक मनरेगा कर्मचारी मंगलवार से ही काम पर वापस लौटने लगे हैं. बैठक में मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल मुख्य रूप से शामिल थे. बता दें कि विगत 22 जुलाई से राज्य भर के मनरेगा कर्मी हड़ताल पर थे. इससे मनरेगा का सारा कामकाज प्रभावित हो गया था.

## एलसी रोड की रंगबिरंगी छटा



एलसी रोड की छटा श्रद्धालुओं का मनमोह रही है. यहां शेर, भालू, डॉल्फिन, चिंगपांजी, परी आदि बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हैं. श्रद्धालुओं का स्वागत यहां लाइट से बने भव्य गेट कर रहे हैं.

**ब्रीफ खबरें**

### ग्रामीणों ने चोरी करते चार युवकों को पकड़ा

**तेतुलमारी।** तिलाटांड गांव में मंगलवार की दोपहर ग्रामीणों ने एक भट्ठे से पुराना टायर व जेनरेटर के पार्ट्स चोरी करते चार लोगों को पकड़कर तेतुलमारी थाना की पुलिस को सौंप दिया. ग्रामीणों ने बताया कि उक्त चारों युवक ईंट भट्ठा कर चारदिवारी फांदकर सामानों की चोरी कर टेंपो में लाद रहे थे. तभी एक ग्रामीण महिला की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने शोर मचाया तो अन्य ग्रामीण दौड़ पड़े, यह देख चारों ने टेंपो स्टार्ट किया और भागने लगा, तब ग्रामीणों ने उसे खदेडकर पकड़ लिया.

### पीबी एरिया के नए जीएम ने लिया पदभार

**केंदुआ।** पीबी एरिया के नए महाप्रबंधक जे एस महापात्रा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया. एजीएम ए के वर्मा ने महाप्रबंधक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया व अधिकारियों से परिचय कराया. क्षेत्र के जीएम धर्मेंद्र मित्तल का तबादला मुख्यालय में महाप्रबंधक (आईईडी) के पद पर हुआ है. मौके पर प्रोजेक्ट ऑफिसर आर के शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक विधूत व यांत्रिक यशवंत सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक (असैनिक) राहुल बनर्जी, एन के चौधरी, प्रमोद कुमार, सुशील सिन्हा आदि मौजूद थे.

### चौबे स्टेशन पर ट्रेनों का होगा अस्थायी ठहराव

**धनबाद.** अगामी दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद मंडल के चौबे स्टेशन से आगामी 10 नवंबर तक निम्नलिखित 02 जोड़ी ट्रेनों का 02 मिनट का अस्थायी ठहराव पर सहमती बनी. ट्रेन नंबर 12365 पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस 09.40 बजे चौबे स्टेशन पहुंचकर 09.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी. वहीं ट्रेन नंबर 12366 रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस 18.28 बजे चौबे स्टेशन पहुंचकर 18.30 बजे वापस प्रस्थान करेगी. ट्रेन नंबर 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 18.20 बजे चौबे स्टेशन पहुंचकर 18.22 बजे वापस प्रस्थान करेगी.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 76 नवनियुक्तों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# सरकार का पहिया बन झारखंड के सर्वांगीण विकास में भूमिका निभाएं

**खास बातें**

- जैक, सीबीएसई, आईसीएसई और ओलंपियाड के टॉपर्स सम्मानित
- नेतरहाट की तर्ज पर तीन विद्यालय भवनों का ऑनलाइन शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता। रांची

सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 70 और झारखंड भवन व मंत्रिमंडल सचिवालय में छह नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा. प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में सीएम ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करनेवाले अभ्यर्थियों से कहा कि आज से आप सरकार के एक अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं. राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया आप बन रहे हैं. विश्वास है कि आप अपने कार्यों से राज्य को बेहतर दिशा देने में अहम भूमिका निभाएंगे. सीएम ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में विद्यालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया. समारोह में मुख्यमंत्री ने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 60 विद्यालयों, जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा और झारखंड ओलंपियाड- 2023 के टॉपर्स को सम्मानित किया. इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बैद्यनाथ राम, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के एसपीडी शशि रंजन मौजूद थे.



प्रोजेक्ट भवन में महिला अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते सीएम

### इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा. इनमें झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 35 लॉ एग्जीक्यूटिव, चार एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, 21 अस्सिटेंट इंजीनियर और 10 स्कूल मैनेजर और झारखंड भवन, नई दिल्ली व मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में छह अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने के लिए शुभकामनाएं दी.

### यह पुरस्कार नहीं, बल्कि प्रोत्साहन राशि है

सीएम ने मेधावी विद्यार्थियों से कहा कि आपको आज पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि मिल रही है, ताकि आप आगे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें, पहले इसका दायरा काफी सीमित था. लेकिन अब इसमें जैक के अलावा अन्य सभी बोर्ड के टॉपर्स को भी शामिल कर उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है. सरकार का उद्देश्य अपने मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा को नई दिशा देना है.

### पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ेगा

सीएम ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सरकार यहां के विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रही है. अभी इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या सीमित है. लेकिन विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए इस योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्द ही नीतिगत निर्णय लेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके.

### प्रतिभा के रूप में भी झारखंड की पहचान हो

सीएम ने कहा कि झारखंड की पहचान सामान्य तौर पर अपने खनिज संसाधनों के लिए होती है. लेकिन हम इस उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं कि प्रतिभा संपन्न राज्य के रूप में झारखंड की अलग पहचान बने, चाहे वह शिक्षा हो या खेल या कोई और क्षेत्र. सरकार शिक्षा के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है.

# कोयला राजधानी से पूरा देश रोशन : विस अध्यक्ष

एलसी रोड के पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



संवाददाता। धनबाद

कोयलांचल भारत वर्ष की कोयला राजधानी है जो पूरे देश को रोशन करता है. यहां की लाइट अद्भुत होना स्वाभाविक है. उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ माहतो ने मंगलवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित यूथ क्लब सेवा समिति द्वारा 50 वें वर्ष मनाए जा रहे दुर्गा पूजा के पंडाल व लाइट उद्घाटन के दौरान कही. उन्होंने कहा मां दुर्गा दुर्गति नाशनी है. देश में जीव और मानव जिस दुर्गति से जूझ रहा है, मां दुर्गा उस दुर्गति से देशवासियों को मुक्त करे. आसुरी शक्ति का विनाश कर सभी देशवासियों को दैविक शक्ति देकर सुरक्षा प्रदान करें.इस अवसर पर उन्होंने कोयलांचल वासियों के साथ-साथ राज्य और देशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी.बता दें कि यूथ क्लब सेवा समिति लुबी सर्कुलर रोड स्थित 1975 से मां दुर्गा की पूजा की जा रही है. इस वर्ष दुर्गा पूजा का 50 वां साल होने कारण समिति द्वारा विशेष तैयारी की गई है. 45 लाख की लागत से इस वर्ष दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है. जिसमें चंदन नगर हुगली के लाइट डेकोरेट द्वारा झारखण्ड में पहली बार विद्युत साजसज्जा कराई गई है. जिसकी लागत 30 लाख की बताई गई है. उद्घाटन समारोह में विधायक राज सिन्हा, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, नीलम मिश्रा, आकाश रवानी समेत अन्य मौजूद थे.

## पूजा में बिजली संबंधित शिकायतों के लिए विभाग ने जारी किए नम्बर

संवाददाता। धनबाद



दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ में धनबाद अंचल अंतर्गत किसी भी बिजली संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी किया है. इन नम्बरों पर सम्पर्क कर बिजली आपूर्ति संबंधित शिकायतों को दूर किया जा सकता है. इसके साथ ही अंचल स्तर पर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है. कंट्रोल रूम का नम्बर 97988540082 हैं. वहीं हीरापुर क्षेत्र के लिए 9431135840, चिरागोडा - 9431135827, धैया- 9431135827, सरायढेला- 9431135842, नया बाजार- 9431135838, पुराना बाजार- 9431135847, मनईटांड़- 9431135847, भूली- 9431135839, करकेन्द एवं पुटकी के लिए 9431135847 नम्बर जारी किए गए हैं.

### बाइक से गिरकर मां-बच्चा जख्मी

**धनबाद।** आठ लेन सड़क पर बाइक से गिरकर भूली निवासी सरिता देवी और उसका दो साल का बच्चा जख्मी हो गया. घटना मंगलवार सुबह की है. सरिता अपने पति शंकर तुरी ने बताया कि वह अपने बच्चे को डॉक्टर से दिखने पत्नी के साथ सुबह धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल जा रहा था. आठ लेन सड़क पर शक्ति नगर मोड़ के समीप आगे चल रही ऑटो ने अचानक ब्रेक लगा दी. शंकर ने भी अपनी बाइक की ब्रेक लगाया. इससे बाइक अनियंत्रित हो गई और बच्चे को गोद में लेकर पीछे बैठी पत्नी सरिता गिर गई. सरिता के कमर में गहरी चोट आई है. बच्चे को हल्की चोट है.

## मुस्लिम बस्ती से 50 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता। आदित्यपुर



आदित्यपुर पुलिस ने मंगलवार को मुस्लिम बस्ती में छापामारी अभियान चलाते हुए दो व्यक्ति को 50 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है. थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एच रोड मुस्लिम बस्ती से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री में संलिप्त फिरोज कुरैशी के पास से 27 पुड़िया और गफ्कार अली नामक व्यक्ति के पास से 23 पुडिया ब्राउन शुगर पकड़ा गया है. बरामद कुल 50 पुड़िया ब्राउन का कुल वजन 4.57 ग्राम है.

पकड़े गए दोनों व्यक्ति को एसपी के दिशा निर्देश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है. छापेमारी दल में एएसआई राग कुमार सिंह, संतोष कुमार सेन, रघुनाथ बिरुआ के साथ अमर कुमार मंडल और सिपाही नन्दलाल प्रसाद वर्मा, समीर बेसरा आदि शामिल थे.

### निषाद समाज के प्रत्याशी को ही देंगे समर्थन

**साहिबगंज।** राजमहल विधानसभा सीट पर निषाद वंशीय समाज से जी भी राजनीतिक दल प्रत्याशी खड़ा करेगा, उसे ही समाज समर्थन करेगा. यह जानकारी निषाद संघ के जिलाध्यक्ष प्रो अनिल सरकार ने मंगलवार को मछुआ सोसायटी में पत्रकारों को दी है. उन्होंने कहा कि राजमहल विधान सभा क्षेत्र में निषाद समाज के करीब 1.10 लाख वोटर हैं. पूरे राज्य में सिर्फ इसी विधान सभा क्षेत्र में निषाद के इतने वोटर हैं. इतनी बड़ी संख्या में वोटर रहने से इसी समाज से प्रत्याशी होना चाहिए. अगर कोई राजनीतिक दल निषाद समाज से प्रत्याशी नहीं बनाता है तो समाज अपने स्तर से खड़ा कर उसे पूरा समर्थन देगा.


**आकर्षण** रांची के दुर्गा पूजा पंडालों में दिख रहे हैं राजनीति के रंग, चर्चा का विषय बनीं झांकियां

# नामकुम में कल्पना सोरेन और मेन रोड में पीएम मोदी की प्रतिमा

संवाददाता। रांची

दुर्गा पूजा के अवसर पर राजधानी रांची में अलग-अलग थीम पर दो सौ से भी ज्यादा पंडाल बनाए गए हैं. ज्यादातर पंडालों के पट खुल गए हैं और दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही है. कुछ पंडाल ऐसे हैं, जहां राजनीतिक शख्सियतों पर आधारित झांकियां चर्चा का विषय बन गई हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से लेकर सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन तक की मूर्तियां और तस्वीरें पंडालों में दिख रही हैं.

मेन रोड में सर्जना चौक के पास चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से बनाए गए पंडाल में प्रदर्शित झांकी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मूर्ति लगाई गई है. इसमें उन्हें बनारस के घाट पर गंगा आरती करते दिखाया गया है. यह पंडाल काशी विश्वनाथ के दशाश्वमेध घाट की थीम पर बनाया गया है. वहीं, रातू रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब के पंडाल में कई स्वतंत्रता सेनानियों और विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों के स्केच प्रदर्शित किए गए हैं. इनमें झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का भी स्केच शामिल है.





### कल्पना सोरेन को सशक्त नारी के रूप में दिखाया

रांची के नामकुम में स्टेशन रोड स्थित जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में एक साथ कई सियासी हस्तियों की मूर्तियों वाली झांकी प्रदर्शित की गई हैं. यहां झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की मूर्ति लगाते हुए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि जब हेमंत सोरेन जेल में थे, तो वह सशक्त नारी के रूप में उभरीं और विपक्षियों से अकेले लड़ाई लड़ीं. इस पंडाल में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को गरीबों के हितैषी, उनके पुत्र राजद नेता तेजस्वी यादव को नौकरियां बांटनेवाले नेता के रूप में प्रदर्शित करते हुए उनकी मूर्तियां लगाई गई हैं. मां दुर्गा की प्रतिमा को राजद के चुनाव चिह्न लालटेन के आकार वाली अनुकृति के अंदर स्थापित किया गया है. इसके अलावा लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य और हरियाणा के जुलाना सीट से नवनिर्वाचित विधायक और महिला पहलवान विनेश फोगाट को मां दुर्गा की बेटियों के रूप में प्रदर्शित किया गया है.

### घर की महिलाओं को देवी रूप में पूजें : विनोद सिंह

जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति के मुताबिक पूजा पंडाल में महिलाओं की प्रतिमा लगा कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि लोग अपने-अपने घरों में महिलाओं को देवी रूप में पूजें. जय माता दी दुर्गा पूजा समिति पिछले पांच वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाती आ रही है. पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि हर साल यहां इस तरह की झांकियां प्रदर्शित की जाती हैं. उन्होंने झांकी के पीछे राजनीतिक उद्देश्य की बात से इंकार किया. कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन ने जिस तरीके से विपक्षियों का मुकाबला करते हुए खुद को एक उभरती हुई महिला नेता के रूप में स्थापित किया, उससे समाज की अन्य महिलाओं को भी सीखने की जरूरत है.

# निगम कराएगा स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता

संवाददाता। धनबाद

धनबाद नगर निगम पूजा पंडालों में स्वच्छता प्रतियोगिता कराने जा रहा है. इसमें शहर के सभी पूजा पंडालों को शामिल किया जाएगा. नगर आयुक्त रविराज शर्मा के निर्देश पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. उन्होंने कहा कि पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ से पंडालों के ईद-गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है. जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है. धनवाद नगर निगम अन्तर्गत पूजा पंडालों की स्वच्छता मूल्यांकन 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के दौरान नगर निगम द्वारा गठित टीम-समिति तय मापदंडों के आधार पर आकलन करेगी.

**इन मापदंड के आधर पर चुने जाएंगे विजेता :** नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरे का विस्तारण के लिए नगर निगम को सौपने के लिए 15 अंक निर्धारित किये गए हैं. प्रसाद वितरण के लिए कागज, पत्ता अथवा अन्य बायोडिग्रेडेवल सामग्री का प्रयोग पर 15 अंक, पूजा पंडाल-परिसर में सफाई के लिए सफाई मित्र की भागीदारी के लिए 10 अंक, पूजा पंडाल परिसर में गीला तथा सूखा कचरा को पृथक रखने के लिए प्रर्याप्त संख्या में हरे तथा नीले डस्टबिन एवं कूड़े व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन के लिए 20 अंक, नागरिकों के लिए किये गये इनोवेटिव वर्क के लिए 10 अंक, जुलूस के दौरान न्यूनतम प्लास्टिक अपशिष्ट उत्सर्जन के लिए 10 अंक, चिन्हित स्थान पर प्रतिमा का विसर्जन के दौरान घाट पर न्यूनतम अपशिष्ट के लिए 20 अंक रखे गए हैं. इस प्रकार कुल 100 अंकों की प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा अंक लाने वाले पंडाल को निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा.

### ब्रीफ खबरें

#### बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिया योगदान

**महुदा।** नव पदस्थापित बाघमारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने मंगलवार को योगदान दिया. इस अवसर पर कार्यालय कर्मियों के द्वारा उनको गुलदस्ता देकर स्वागत किया. मौके पर रघुवंश भारती, सांख्यिकी पदाधिकारी सराज कुमार सिंह, प्रधान सहायक राजेश प्रसाद, कृषि पदाधिकारी तरूण कुमार, अमर कुमार पासवान, मोतिलाल, सीआई मो० साहाबुदीन, सुदीप कुमार, दीपेन्द्र कुमार, अर्चना कुमारी, रवि कुमार यादव, नाजिर ओन्दा टुडू, जन सेवक प्रेमलता सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष लगनदेव यादव, उपाध्यक्ष राहुल महतो, प्रमुख प्रतिनिधि बैधनाथ प्रसाद सहित अन्य शामिल थे.

#### एमपीएल ओपी में नये प्रभारी



**निरसा।** निरसा प्रखंड अंतर्गत एमपीएल ओपी में अजय कुमार सिंह ने नये प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया. इस दौरान उन्हें मुखिया अपर्णा देवी व झामुमो नेता तपन तिवारी के द्वारा पुष्प गुलदस्ता देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया.

#### महुदा में डांडिया नृत्य आयोजित

**महुदा।** दशहरा के पावन अवसर पर मंगलवार को रॉयल रूट्स प्ले स्कूल महुदा के प्रांगण में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया. इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्रा के साथ शिक्षिकाओं के द्वारा डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जो काफी आकर्षक रहा. इस मौके पर प्रचार्य अमित कुमार पाठक, मो० खालिद शैख, हिरालाल महतो, समीर कुमार, आँखी चटर्जी, प्रिया कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुजाता तिवारी, कुसुम कुमारी, माही सिंह, रंजना सिंह, कुन्दन कुमार पाठक, मोहन कुमार महतो, सीता महतो, सुनिता सिंह, निरंजन सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे.

#### धनबाद रेल मंडल में स्वच्छता अभियान

धनबाद। धनबाद रेल मंडल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत मंगलवार को सभी स्टेशनों, रेलवे कॉलोनी ,रिटायरिंग रूम, वेटिंग हॉल सहित अन्य जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया. इस अभियान में रेल कर्मचारियों द्वारा धनबाद कोचिंग डिपो परिसर में भी सफाई की गई. इसके साथ अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरुकता पर विशेष ध्यान दिया गया.

#### घर के सामने से बाइक उड़ाई

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के उपर कुल्ही ईदगाह के समीप रहने वाले मंजर आलम की बाइक उनके घर के समीप से चोरी हो गई. मामले को लेकर उन्होंने झरिया थाने में लिखति शिकायत की है. पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि मंगलवार को दोपहर में वो घर के बाहर बाइक खड़ी कर खाना खाने गए थे.खाना खाकर लौटे तो देखा कि उनकी बाइक गायब है. उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है.

#### लोकनायक जय प्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनी



**धनबाद।** लोकनायक स्मारक समिति के सौजन्य से संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जय प्रकाश नारायण की पुण्य तिथि का आयोजन जेपी चौक, बैंक मोड़, धनबाद में किया गया. इस अवसर पर उपस्थित होकर सभी ने इनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस आयोजन में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष बीके ठाकुर जी, अरुण कुमार राय, लालजी वर्मा, एस एन लाल त्यागी, रविभूषण श्रीवास्तव, बासुदेव गोस्वामी, जय प्रकाश नारायण सिंह जी,सुनील कुमार उरांव, मुकतेशवर प्रसाद, प्रेम किशोर श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, जय किशन, राजीव रंजन सिंह, अरविंद सिन्हा, अशोक बागी आदि अनेक लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए.

### झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ के सदस्यों ने विधायक के साथ की भिक्षाटन

# भिक्षाटन का कार्य करना बेहद शर्मनाक : राज सिन्हा

- 22 माह से वेतन नहीं मिलने पर निकाली रैली

संवाददाता। धनबाद



करीब 22 महीनों से लंबित वेतन की मांग को लेकर झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ के सदस्यों ने मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर रैली निकाली. इस दौरान उन्होंने भिक्षाटन का कार्य करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इस प्रदर्शन में धनबाद विधायक राज सिन्हा भी शामिल रहे.

मीडिया से बात करते हुए विधायक राज सिन्हा ने कहा कि झारखंड में उत्पादित बिजली से संबंधित सभी कार्यभार ऊर्जा मित्र संघ के सदस्यों पर ही है, लेकिन इसके बावजूद पिछले 22 महीनों से राज्य सरकार ने इन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया है. उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में भी सरकार ने इनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया. इस संबंध में जीएम से लेकर तमाम अधिकारियों से बात की, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है. मजबूरन संघ के सदस्यों को भिक्षाटन का कार्य करना पड़ा, जो कि बेहद शर्मनाक है. उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने केवल और केवल यहां के युवाओं को लूटने का काम किया है.

# जल जमाव से परेशान लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

### विधानसभा चुनाव में वोट वहिष्कार करने का किया ऐलान

संवाददाता। केंदुआ



न्यू कालोनी खरिकाबाद दास बस्ती के निकट रास्ते में जलजमाव से परेशान स्थानीय नागरिकों ने गोन्दूडीह ओपी के निकट विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व वार्ड नम्बर 14 के निवर्तमान पार्षद निसार आलम ने किया. लोगों का आक्रोश ननि व बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ ज्यादा था. निसार ने कहा कि पिछले एक माह से जल जमाव की समस्या से लोग परेशान है. ननि होल्डिंग टैक्स नहीं मिलने की बात कह पल्ला झाड़ रहा है. रास्ते में तीन फिट पानी जमा होने से लोगो को आने-जाने में विशेषकर महिलाओं परेशानी हो रही है. उन्होंने काम नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए विधान सभा चुनाव में प्रत्याशियों का खिलाफत करते हुए वोट बहिष्कार करने की घोषणा की. कहा कि दुर्गापूजा शुरू हो गया है. ओपी की बैठक में समस्या उठी थी लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ. प्रदर्शन में भोलानाथ राम, राजू रवानी, श्यामाकांत पांडेय, राजेश मंडल, राजेश कुमार, बजरंग रवानी, विभाष प्रमाणिक, रवि यादव, बप्पी प्रमाणिक, तरुण रवानी, सचिन कुमार, गुजरी देवी, रूबी देवी, चमेली देवी, गुड़िया देवी, रामावती देवी, काजल प्रसाद, लाखो देवी, कांति देवी, गोलकी देवी, संगीता देवी सहित अन्य श्रमिक थे.

# हरियाणा में जीत पर भाजपाइयों का जश्न

संवाददाता। धनबाद



भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में रंधीर वर्मा चौक पे हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की खुशी में जमकर आतिशबाजी कर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई. सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता भारत माता की जय, जय श्री राम,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे.धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनविश्वास ,मुख्यमंत्री नायब सैनी और टीम बीजेपी हरियाणा के सामूहिक प्रयास की जीत है. लगातार तीसरी बार बहुमत की सरकार बनाकर प्रदेश की जनता ने भाजपा के समावेशी विकास और सुशासन पर पुनः मुहर लगाई है.सिन्हा ने आगे कहा कि जनता ने अपना बहुमूल्य जनादेश देकर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की जनता झूठ और खोखले वादों के साथ नहीं बल्कि देश एवं राज्य को आगे ले जाने वाली डबल इंजन की सरकार के साथ है. झारखंड राज्य के आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका व्यापक असर होगा झारखंड की जनता भी राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार के झूठे वादों से त्रस्त है झारखंड में भी भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी.जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा की हरियाणा में भाजपा ने चुनावी जीत की शानदार हैट्रिक लगाकर यह साबित कर दिया है कि,जनता का भरोसा मोदी जी के सशक्त एवं सक्षम नेतृत्व तथा सुशासन और विकास की राजनीति में है .भाजपा की जीत उसके विकास की जीत है क्योंकि जो विकास करेगा वही जीतेगा.महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी.भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश रही एवं संजीव अग्रवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा जनादेश का सम्मान करती है सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास पर लोगों का अटूट विश्वास बढ़ा है.जिला मंत्री पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित ने कहा कि, यह चुनावी परिणाम पार्टी के संघर्ष एकता समर्पण और विकास का रिजल्ट है. हमें विश्वास है कि हरियाणा एक नई दिशा में आगे बढ़ेगा हरियाणा में कांग्रेस का प्रोपेगेंडा पूरी तरह फेल हुआ हरियाणा की जनता ने विकास को चुना है.इस अवसर पर मुख्य रूप से रमा सिन्हा, जिला मंत्री पंकज सिन्हा, नरेंद्र त्रिवेदी,महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष विभा रानी सिंह, सदर मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, मनईटांड मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा, बापी बाऊरी, उमेश सिंह, नरेंद्र सिंह, राणा सिंह, सत्येंद्र मिश्रा, मनोज रिंकू सिन्हा, श्रवन झा, मनीष सिंह, कपूर रवानी, बबलू सिंह सहित सैकड़ों लोग थे.

### जम्मू-कश्मीर में जीत पर कांग्रेसियों का जश्न



धनबाद । जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की हुई ऐतिहासिक जीत एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की ऐतिहासिक जीत के साथ-साथ हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सीट में हुई बढ़ोतरी पर धनबाद कांग्रेस ने जश्न मनाया . जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों को लेकर सिटी सेंटर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप पटाखा फोड़ कर एवं मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की . मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि देश में लोगों का राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी के प्रति विश्वास जगा है . देश में केंद्र सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है महंगाई एवं बेरोजगारी चरम सीमा पर है . अर्थव्यवस्था चरमरा गई है . लोग आर्थिक संकटों से जूझ रहे हैं . इसके बावजूद मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ लोगों को झूठा दिलासा देकर निरंतर छलने का काम कर रही हैं . मोदी सरकार देश में जाति और धर्म के साथ-साथ समाज में भाई-भाई को बांटने का काम कर रही हैं, कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों एवं वंचितों युवाओं महिलाओं एवं बेरोजगारों की बात करती है एवं उनके हक और अधिकार के लिए हमेशा कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा रहने का काम किया है और आगे भी करते रहेगी,आज लोगों ने कांग्रेस की प्रति विश्वास जताते हुए जो जनादेश दिया है निश्चित रूप से देश के विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी लोग कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेगी .जिला उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने कहा कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब की ऐतिहासिक जीत पर जिलाध्यक्ष ने बधाई देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में प्रभारी गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी झारखंड में पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी और सभी विधानसभा में कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी . मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवनीत नीरज,महेंद्र दुबे,दिनेश सिंह,पप्पू कुमार तिवारी,हरेंद्र शाही,पप्पू पांडे,अरविंद सैनी,मृत्युंजय सिंह,सूरज वर्मा,रवि कुमार सिंह,पिंटू कुमार,रोशन कुमार,अमित चौधरी,विजय कुमार सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित थे .

#### पहला कदम में धूमधाम से मना नवरात्र उत्सव

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में मंगलवार को शांति समृद्धि एवं अंधकार व अज्ञानता रूपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामई मोक्ष प्रदायनी माता दुर्गा के पर्व नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया. बच्चों के बीच खुशियां मनाने लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोलफील्ड के सदस्य सोमनाथ पुर्थी, साधना सूद, सुदेश चुग, सी एल चुग, वसंत कुमार बजाज, ए पी जय सिंग, संजय कुमार झा, और विदित वैभव शामिल हुए. सभी ने बच्चों के साथ मिल कर माता दुर्गा की पूजा कर डांडिया तथा रास गरबा का आनंद लिया. दिव्यांग बच्चों ने केसरिया रंग, ढोलिडा तथा रंगे रमे आदि गीतों में झूमकर गरबा कर आनंद लिया. नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि कार्यक्रम में बच्चों ने डांडिया एवं गरबा का आनंद लेते हुए जाना की डांडिया को देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच हुई लड़ाई का प्रतिक माना जाता है. डांडिया को मां दुर्गा की तलवार कहा जाता है, जो बुराई की विनाशक का प्रतिक है. दुर्गा पूजा का पर्व हिंदू देवी दुर्गा बुराई के प्रतीक राक्षस महिषासुर पर विजय के रूप में मनाया जाता है. कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने बच्चों के बीच मिठाई और चॉकलेट्स का वितरण किया. पहला कदम परिवार ने सभी बच्चों को नवरात्रि पर्व की शुभकामना दी.

## एचडीबी की कमर्शियल व्हीकल की दूसरी ब्रांच का उद्घाटन



संवाददाता। धनबाद

सरायढेला में मंगलवार को एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की कमर्शियल व्हीकल की दूसरी ब्रांच का उद्घाटन रीजनल हेड अमरनाथ गुप्ता व जोनल हेड काशीनाथ चटर्जी के द्वारा किया गया. इसका उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को गाड़ी फाइनेंस कराना एवं सुविधाओं से लाभ दिलाना है. रीजनल हेड अमरनाथ गुप्ता ने कहा कि यहां पूर्व से ही यह सुविधा दी जाती थी परंतु इस सुविधा को भव्य रूप देने के लिए इस ब्रांच का उद्घाटन बड़े पैमाने पर किया गया है. मौके पर ब्रांच के क्लस्टर हेड मुकेश सिंह, टेरिटरी मैनेजर रमेश विश्वकर्मा, कुमार राहुल, रवि पांडे, पंकज पांडे, कौशलेश सिंह आदि उपस्थित थे.

# सड़क दुघर्टना से बचाव को लेकर जगह-जगह बैरिकेडिंग

संवाददाता। कतरास



लायंस विश्व सेवा सप्ताह के अंतर्गत रोड सेफ्टी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सलूजा गोल्ड के द्वारा प्रदत 12 बैरिकेडिंग लायंस क्लब ऑफ कतरास के द्वारा राजगंज-कतरास 8 लेन सड़क के विभिन्न स्थानों में दुर्गा पूजा एवं सड़क सुरक्षा को देखते हुए लगाया गया. जिसमें चार बैरिकेडिंग कतरास कॉलेज के पास, चार बैरिकेडिंग तिलाटांड हॉस्पिटल कतरास तथा चार बैरिकेडिंग मालकेरा रोड में लगाया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर उमाशंकर, सचिव डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, विष्णु प्रसाद चौरसिया, मधुमाला, समीर जायसवाल, संजय अग्रवाल, रितेश कुमार दुबे, अचिंतो कुमार बोस तथा सामाजिक सहयोगियों के रूप में प्रदीप जायसवाल, संजय कुमार, शक्ति यादव सहित कई लोग उपस्थित थे.

विदित हो कि पिछले साल से अभी तक लायंस क्लब ऑफ कतरास द्वारा कुल 25 बैरिकेड अभी तक कतरास के विभिन्न सड़कों और चौराहों पर लगाया गया है. इस कार्य के लिए उपस्थित कतरासवासियों ने लायंस क्लब ऑफ कतरास की सराहना की एवं कहा कि लायंस एक्टिविटी के अलावा भी लायंस क्लब कतरास के हितों के लिए हमेशा प्रयास में अग्रसर रही है. इधर क्लब ने सरस्वती विद्या निकेतन, हीरापुर में लायंस क्लब कतरास के तरफ से बच्चों में कैंसर के प्रति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और साथ ही साथ सभी बच्चों को टॉफी, बिस्कुट, पेन, पेंसिल और रबड़ का वितरण किया गया. साथ ही साथ बच्चों के साथ पौधरोपण कार्यक्रम के तहत 50 पौधे हीरापुर के जंगलों में लगाया गया.

#### नवरात्रि के अवसर पर छात्रों में प्रतियोगिता

**महुदा।** शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में पी मिश्रा उच्च विद्यालय बेलाखोंदा में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच तीन प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें चित्रकला, सुलेख एवं नव कन्या सज्जा प्रतियोगिता शामिल है. चित्रकला प्रतियोगिता में सोनी कुमारी, अभिनव कुमार, शिवम गयाली अव्वल रहे तथा नव कन्या सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में निति भट्ट, द्वितीय स्थान में करिश्मा कुमारी, तृतीय स्थान में प्रिया रवानी तथा चतुर्थ स्थान में प्रिसा कुमारी अव्वल रही. इसके अलावे नन्हें बच्चों ने सुलेख प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया. सभी सफल प्रतिभागीयों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. प्राचार्य गणेश रवानी ने छात्रों से कहा कि प्रतियोगिता में सफल होने के लिए मेहनत करना चाहिए. हमें शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी ध्यान देने की जरूरत है. शिक्षा प्राप्त करने से आगे बढ़ने में सफलता हासिल होती है. वहीं खेलने से शरीर तंदुरुस्त रहता है. मौके पर प्राचार्य गणेश रवानी, लक्ष्मण कुमार रवानी, सुरेश रवानी, दीपक कुमार माजी, विकास कुमार, रुपाली कुमारी, पूनम कुमारी, शिखा कुमारी, दिव्या कुमारी आदि मौजूद थे.

#### देवघरा पहाड़ी शिव मंदिर में महायज्ञ



**महुदा ।** उपर देवघरा पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री नव निर्मित दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र चंडी महायज्ञ के छठे दिन मंगलवार को यज्ञाचार्य गणेश पाण्डेय आचार्य शास्त्री कृष्णा पाण्डेय, उपाचार्य शुभम पाण्डेय के द्वारा मंत्रोचारण के साथ मंडप प्रवेश, मंडप पुजन, देवी पूजन के साथ अग्नि देवता का हवन किया. यज्ञ मंडप में स्थापित देवी देवताओं का पुजन कर प्राण प्रतिष्ठा शुभारंभ किया गया. इस दौरान सैकड़ो श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर पूजा अर्चना किया. यजमान धीरन रवानी उसकी पत्नी मीना देवी, बच्चु रवानी पत्नी शामा देवी, छ्कु रवानी पत्नी कलावती देवी, शिव चरण मोहली एवं उसकी पत्नी जल देवी ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया.यज्ञ समापन के पश्चात महाभोग का प्रसाद वितरण किया गया. संध्या में मंगलगीत व आरती होने के बाद रात्री में प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य ब्रजेश जी महाराज के द्वारा श्रीमद्ध भागवत कथा का प्रवचन किया गया1 यज्ञ को सफल बनाने में मंदिर विकास समिति के सदस्यगण महानंद रवानी, महेश्वर रवानी, रंगलाल रवानी, हुलास रवानी, मथुर रवानी, विकास चन्द्र रवानी, अनुप रवानी, डब्लु रवानी, संजय रवानी, रमेश रवानी, कपिल रजवार आदि का सराहनीय योगदान रहा.

### बीसीसीएल ने 50 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर दिया नियुक्ति पत्र

# नियुक्ति पाने वाले हमारे परिवार का हिस्सा : सीएमडी

**खास बातें**

- 2021 से अब तक मिला 1360 आश्रितों को नियुक्ति पत्र
- इस वर्ष का आंकड़ा पहुंचा 1460

संवाददाता। धनबाद



भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के कम्युनिटी हॉल में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजित कर 50 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया. इस दौरान सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि जिनके परिवार वर्षों तक बीसीसीएल में अपनी सेवाएं दी, 49 वैसे लोग थे, जिनको अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया. एक महिला को नियोजन की जगह पैसा दिया जाएगा.

सीएमडी ने कहा कि यह हमारे परिवार का ही एक हिस्सा हैं. जिनका खालीपन को हम दूर तो नहीं कर सकते मगर मेरा प्रयास रहेगा, कि इनका हम हमेशा सहारा बने. पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, और इनका नाम 0.1 दिया गया. सीएमडी समीरान दत्त ने आगे कहा कि ये सिर्फ एक नौकरी नहीं है बलकि यह हमारा वचन है कि हम जीवन के हर मोड़ पर अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के साथ खड़े रहेंगे.

उन्होंने डायरेक्ट पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया का काफी सराहना की और कहा कि उन्होंने जो अभियान चालू किया है. वह सराहनीय है, साथी जनरल मैनेजर पर्सनल विद्युत साहा, जीएम ई ई, एसपी राय और उनकी टीम को भी बधाई दी, वर्ष 2021 में 247 आश्रितो, वर्ष 2022 में 377 आश्रित, 2023 में 470, को नियुक्ति पत्र सोपा गया,इस वर्ष 266 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, 2021 से अब तक 1360 आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिया गया, इस वर्ष का आंकड़ा 1460 हो चुका है, इस तरह का कार्यक्रम अब निरंतर चलता रहेगा, वहीं बीसीसीएल के सीएमडी ने आर के सहाय निदेशक वित्त की काफी तारीफ की दुर्गा पूजा से पहले बोनस का भुगतान करना एक सराहनीय कदम रहा, साथ ही संजय कुमार सिंह डायरेक्टर टेक्निकल की भी काफी तारीफ की.

उन्होंने कहा कि कंपनी को ऊंचाई ले जाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है. इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी एरिया के जनरल मैनेजर और पर्सनल डिपार्टमेंट के अधिकारी उपस्थित थे.

#### हरियाणा की जीत पर झरिया में भाजपाइयों ने निकाला विजय जुलूस

**झरिया।** मंगलवार को हरियाणा में भाजपा के ऐतिहासिक तीसरी बार जीत को लेकर हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में जश्न का माहौल है. भाजपाई विभिन्न क्षेत्रों में पटाखा फोड़ कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं. इसी को लेकर झरिया बाजार में भी झरिया भाजपा नगर अध्यक्ष अवधेश साव के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया और भाजपाइयों ने खुशियां मनाई, वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाया. मौके पर भाजपा झरिया नगर अध्यक्ष अवधेश साव, विष्णु त्रिपाठी, सत्यदेव सिंह, अरिंदम बनर्जी, शिबू अग्रवाल, सरवन राम, मनोज प्रसाद, राजा सिंह, परमेश्वर स्वर्णकार, निर्मल अग्रवाल, भोला सेन मोदक, अमित साव, सुदेश शर्मा, बबलू साव, बसंत बनर्जी, गणेश बर्णवाल, जीतन सिंह आदि लोग मौजूद थे.



## ब्रीफ खबरें

### हरियाणा में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**पथरगामा।** भाजपा के हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा को लगातार तीसरी बार के कार्यकाल के लिए सत्ता मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया. मंगलवार को देर संध्या पथरगामा मुख्य चौक पर जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा की जीत पर जश्न मनाते हुए पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी. भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रामस्वरूप पंडित उर्फ गोलू पंडित के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पथरगामा मुख्य चौक पर जमा होकर एक दूसरे को अबीर लगाकर खुशी का इजहार किया एवं पटाखे भी छोड़े. पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह भगत ने कहा कि हरियाणा तो अभी झांकी है झारखंड अभी बाकी है. उन्होंने कहा कि झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी. मौके पर प्रखंड महामंत्री मुनीलाल भगत, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ऋतिक राजा, कन्हैया भगत, राजेश भगत, राजीव भगत, मिथुन यादव सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### स्नान घाट, पीसीसी पथ निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी जिला अनाबद्ध निधि के 3857400 की लागत से बनने वाली दो योजनाएं क्रमश : रांगामाटी पंचायत के गट्टीगढ़ा हनुमान मंदिर से जमुनिया नदी स्नान घाट तक एवं खैराटुंडा पंचायत के मटियोबेड़ा काली करण रोड से डोमनपुर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने नारियल फोड़कर किया. अपने संबोधन में श्रीमति कुमारी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हमारे क्षेत्र का कोई भी ऐसा रोड नहीं बचे, जहां अब तक पक्का रोड नहीं बना हो. इसके लिए मैं लगातार प्रयास कर रही हूं. उक्त दोनों रोड जहां बन रही है, वहां आने-जाने का रास्ता बिल्कुल ही खराब था . रास्ता कीचड़ से भरा रहता था, जिससे लोगों को निजात मिलेगा. इस दौरान भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, रांगामाटी मुखिया जागेश्वर यादव, खैराटुंडा मुखिया भुनेश्वर साव, पूर्व मुखिया लालमनी साव, वार्ड सदस्य उमेश ठाकुर, मुसरी देवी, टेकनी देवी, प्रमिला देवी आदि उपस्थित थे.

### परसाटांड़ के समीप अज्ञात शव बरामद

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी थाना क्षेत्र के परसाटांड़ के समीप धनबाद-गया रेल खंड पर मंगलवार को एक युवक का शव पाया गया. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गिरिडीह भेज दिया. शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है. मृतक का उम्र करीब 25 वर्ष बताया जा रहा है. पुलिस इस संबंध में यूडी केस दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है. इस संबंध में बताया जाता है कि कुछ स्थानीय लोगों ने रेलवे पटरी के बाहर एक शव पड़ा देखा. लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. मृतक पीले रंग का शर्ट और नीले रंग का जीन्स पहने हुए है. संभावना जताई जा रही है कि किसी यात्री ट्रेन से गिरने या पटरी पार करने के दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई होगी .

### जारंगडीह पूजा पंडाल का जीएम ने किया उद्घाटन

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन नवरात्र के षष्ठी तिथि मंगलवार को सीसीएल कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार तथा बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार के हाथों संयुक्त रूप से विधिवत किया गया. जारंगडीह पूजा पंडाल गोल्डन लूक पर बनाया गया, जो लगभग 2 लाख 90 हजार की लागत से बनाया गया और रंग बिरंगी लाईटों से सुव्यवस्थित तरीके से सजाया गया है. मां की प्रतिमा राजस्थान के थीम पर बनाया गया है. उक्त बातें पूजा कमेटी सचिव सौरभ दूबे ने बताया.

### अवैध ढिबरा लदा वाहन जब्त

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी पुलिस ने मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के धोवापाट से अवैध ढ़िबरा लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है. बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है. पुलिस को लोकाय - सिंघो मुख्य मार्ग से अवैध ढ़िबरा लदे पिकअप निकलने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार थाना प्रभारी रंजय कुमार ने पुलिस टीम को भेजा, जिसके बाद पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर थाना ले गई. वहीं मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंची, विभाग आगे की कार्रवाई में जुटा है.

# मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर विस्थापितों ने दिया धरना

## जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर जताया विरोध

संवाददाता। बोकारो



सेक्टर 12 में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज निर्माण का मामला निर्माण कार्य शुरू होने के पूर्व गरमाने लगा है. विस्थापितों ने मंगलवार को उक्त भूमि को लेकर धरना दिया.

विस्थापित कैलानी प्रसाद सिंह ने कहा कि हमलोगों ने उक्त जमीन को बीएसएल को विस्तारिकरण के लिए दिया था. जमीन के एवज में प्रबंधन ने मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया और ना ही विस्थापन नीति के तहत उन्हें दी जाने वाली सुविधाएं मिली. बल्कि राशि आज तक ट्रेजरी में ही पड़ा हुआ है. उन्होंने कहा कि बोकारो शिक्षा का हब है, हम मेडिकल कॉलेज बनने के विरोध में नहीं है, बल्कि हमारा जो हक है पहले उसे दिया जाय, इसके बाद कॉलेज का निर्माण हो. उन्होंने कहा कि यदि हकमारी होगा तो हम अपने अधिकार को लेकर आंदोलन करेंगें. विस्थापितों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

### डीसी ने अनुमंडल पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**साहिबगंज।** मंगलवार को जिला दंडाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती ने साहेबगंज पोखरिया स्थित अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण किया. अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नियमित रूप से पत्रिका आदि क्रय करने तथा अतिरिक्त कमरे, बुक, रैक एवं शौचालय आदि बनाने के लिए प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया. उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया कि पुस्तकालय के लिए पुस्तकालय प्रबंधन समिति का गठन करे, जिससे समिति द्वारा पुस्तकालय का सुचारू रूप से संचालित किया जा सके. छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था रखने का निर्देश दिए. उन्होंने वहां मौजूद विद्यार्थियों से मुलाकात करते हुए उनसे उनकी समस्याएं भी जानी. बाद में उन्होंने टाउन हॉल का भी जायजा लिया. इस मौके पर नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे.

# डीपीएस बोकारो में हर्षोल्लास से मना नवरात्रि उत्सव

## छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ रूपों से किया मोहित

संवाददाता। बोकारो




शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार को डीपीएस बोकारो में उत्सवमय माहौल में विशेष आयोजन किया गया. छात्र-छात्राओं को अपनी गौरवशाली पारंपरिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर से जोड़े रखने के उद्देश्य से नवरात्रि उत्सव के तहत विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई. इस अवसर पर नन्हें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबकी भरपूर सराहना पाई.

विशेष कर आकर्षक परिधानों में संवरीं छात्राओं ने देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया. शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री अवतारों की जीवंत झलक दिखाकर उन्होंने सबका मन मोह लिया. उनकी रूप-सज्जा, भाव-भंगिमा और संवाद-प्रेषण की सभी ने सराहना की. इसके पूर्व, मां दुर्गा की आरती से कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इस क्रम में पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा. विद्यार्थियों ने नवरात्रि थीम पर भांति-भांति की कलाकृतियां भी तैयार कीं. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति-आराधना का उत्सव है. यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और आत्मशक्ति-जागरण का संदेश देता है. उन्होंने विद्यार्थियों में अपनी परंपरा व संस्कृति से जुड़ाव आवश्यक बताया.

# आकाशीय बिजली गिरने से दो मासूम की गई जान

## वर्षा से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे दोनों बच्चे

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)



गावां थाना क्षेत्र के धरवे नावाडीह में आकाशीय बिजली गिरने से दो मासूम बच्चे की मौत हो गई. घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया.

बताया जाता है कि नावाडीह निवासी सोनू कुमार (10) वर्ष, पिता रामप्रसाद यादव एवं बिराज कुमार (8) वर्ष, पिता अखलेश यादव दोनों घर से कुछ दूरी पर खेल रहे थे. इसी बीच तेज हवा के झोंको के साथ बारिश होने लगी. दोनों बच्चे बारिश से बचने के लिए दौड़कर पास में पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गए. इसी बीच अचानक तेज आवाज से साथ वृक्ष पर वज्रपात हो गया, जिससे दोनों अचेत होकर वहीं गिर गए. आनन फानन में परिजनों ने दोनों को सीएचसी गावां लाया. जहां डॉ महेश्वरम ने जांचोपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, नागेश्वर यादव, कांग्रेस यादव समेत काफी संख्या में लोग सीएचसी पहुंचे व दोनों परिवारों को ढांढस बंधवाया. राजकुमार यादव ने दोनों बच्चों के पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह ले जाने के लिए 5 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया. घटना के बाद दोनों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है.

### चौकीदार बहाली में यूपी अभ्यर्थी का एडमिट कार्ड वायरल

**गोड्डा।** चौकीदार बहाली के लिए आयोजित हुए परीक्षा में यूपी के छात्र के नाम जारी प्रवेश पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परीक्षा की विश्वसनीयता को लेकर तरह-तरह की चर्चा की जा रही है. वायरल प्रवेश पत्र फर्जी है या सही इसकी पुष्टि नहीं हुई है. झारखंड उच्च न्यायालय झारखंड द्वारा दिए गए एक फैसले के बाद पूरे राज्य में चौकीदार के पद पर बहाली की प्रक्रिया की जा रही है. गोड्डा जिला में भी चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या 01/2024 के आलोक में बहाली निकाली गई है. जिसके लिए अभ्यर्थियों के नाम एडमिट कार्ड जारी करने के बाद सोमवार को परीक्षा का भी आयोजन करा लिया गया, लेकिन इस बीच एडमिट कार्ड जारी होने के बाद जिलास्तरीय चौकीदार बहाली का सच सामने आने लगा है. सोशल मीडिया पर गोड्डा जिला से बाहर के व्यक्तियों का एडमिट कार्ड जारी किया गया है. जिसके बाद गोड्डा के अभ्यर्थियों में रोष देखने को मिला और बहाली में धांधली की बात सामने आने लगी है.

### फोटो खिंचवाने गई महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**कसमार (बोकारो)।** कसमार में बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित हसन डिजिटल स्टूडियो में फोटो खिंचवाने गई एक महिला के साथ स्टूडियो संचालक हसन रजा अंसारी द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है. छेड़छाड़ की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुटी और हंगामा होने लगा. इसकी सूचना के तुरंत बाद कसमार सीओ प्रवीण कुमार एवं थाना प्रभारी समेत पुलिस बल पहुंची और मामले पर कार्रवाई में जुट गई. इस मामले को लेकर पीड़िता ने कसमार थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. आवेदन में बताया गया है कि हसन डिजिटल स्टूडियो में उक्त महिला अपनी सास के साथ फोटो खिंचवाने गयी थी. इस दौरान जब स्टूडियो संचालक महिला को फोटो खींचने के लिए अंदर कमरे में ले गया तो सुरजुडीह निवासी हसन रजा अंसारी उसके कंधे पर हाथ रखकर शरीर के अन्य हिस्से में हाथ फेरने लगा. इसके बाद जब महिला ने हल्ला किया तो हसन ने मुंह दबाने का भी प्रयास किया. इससे जब किसी तरह वह जान बचाकर बाहर निकली तो अपनी सास को सारी बात बताई. घटना की जानकारी मिलते ही जब दोनों सास, बहू हल्ला करने लगी तो आसपास के दर्जनों लोग उक्त स्टूडियो में पहुंचे. इसी बीच भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी हसन रजा अंसारी भाग गया. उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन में बताया है कि अगर वह दरवाजा खोलकर उसके चंगुल से नहीं भागती तो उसके साथ बलात्कार की घटना घट सकती थी. इधर सूचना के बाद जब कसमार सीओ प्रवीण कुमार एवं थाना प्रभारी भजनलाल महतो घटनास्थल पर पहुंचे तो हल्ला कर रहे ग्रामीण शांत हुए. थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस बल ने उक्त स्टूडियो को सील कर दिया है. इस मामले को लेकर थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर आरोपी के ससुराल सुरजुडीह एवं घर मंजुरा में छापेमारी की गई, लेकिन आरोपी फरार है. उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है. हर हाल में आरोपी की गिरफ्तारी होगी.

### देवघर के आदिवासी छात्रावास में चला सदस्यता अभियान



**देवघर।** कांग्रेस छात्र संगठन देवघर एनएसयूआई के द्वारा छात्र नेता रवि वर्मा के नेतृत्व में जुड़ेगा विधार्थी जीतेगा झारखंड के तहत देवघर के आदिवासी छात्रावास में सदस्यता अभियान चलाया गया. मौके पर छात्र नेता रवि वर्मा ने देवघर जिले के आदिवासी छात्रावास के छात्रों के बीच एनएसयूआई संगठन के बारे में जानकारी दी और बतलाया कि वह किस प्रकार इस संगठन का हिस्सा बनकर खुद की पहचान बनाते हुए पूरे राज्य में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और अपनी हक की आवाज उठा पाएंगे. छात्रों ने भी बातों को गंभीरता से लेते हुए संगठन का दामन थामा और उन्होंने प्रण लिया कि वह संगठन को अपना कीमती वक्त देंगे और संगठन द्वारा निर्वाचित सभी कार्यों का निर्वहन भी करेंगे. वहीं छात्र नेता सैफ दानिश ने छात्रों से वार्ता करते हुए बताया कि हमारा संगठन किस प्रकार पूरे भारतवर्ष में काम करता है और हमारा संगठन छात्रों की बेहतरीन के लिए हर वक्त उनके साथ खड़ी है. इसके उपरांत छात्रों ने भी संगठन से जुड़ते हुए कहा कि वह आगे जिस प्रकार दिशा निर्देश मिलेगा वे संगठन के लिए कार्य करने के लिए तैयार है और आगामी विधानसभा में भी वह अपनी भागीदारी देने के लिए संगठन द्वारा जिस प्रकार भी उन्हें निर्देश दिया जाएगा, वह अपनी भागीदारी को भी सुनिश्चित करेंगे. मौके पर मुख्य रूप से देवघर के छात्र नेता रवि वर्मा, छात्र नेता सैफ दानिश, छात्र नायक विनय टुडू, समर्थ हंसदा, संनित लाल मुर्मू, मूर्शीद अंसारी, सुनील यादव, मानवेल हंसदा, जीतू लाल सोरेन, पिंटू यादव, संदीप मुर्मू, मुनेश हंसदा, अजय कोल, गणेश कोल आदि सैकडों सदस्य उपस्थित थे.

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता माह आयोजित




संवाददाता। साहिबगंज

मंगलबार को संयुक्त स्वास्थ्य भवन साहिबगंज के सभागार में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता माह के तहत सिविल सर्जन साहेबगंज डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर जागरुकता माह का उद्घाटन किया.

सिविल सर्जन साहिबगंज द्वारा उपस्थित चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य यह है कि आप लोग कैसे हमेशा तनाव मुक्त होकर कार्य करें. आप अच्छे कार्य करेंगे तो आपको उसका अच्छा परिणाम निश्चित रूप से आपको मिलेगा. साथ ही सिविल सर्जन साहिबगंज द्वारा बताया गया कि कोई भी व्यक्ति मानसिक तनाव से स्वयं बच सकता है यदि वे अपना कार्य पूरी ईमानदारी एवं सकारात्मक सोच के साथ करें. डॉ किरण माला, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी- सह-नोडल पदाधिकारी एन.सी.डी. साहेबगंज, डॉ अमित कुमार, डॉ अनिमेष नवल कुजूर एवं डॉ राजेश कुमार साह द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में वृहत जानकारी दी गई. इस कार्यक्रम के दौरान तनाव मुक्ति हेतु म्यूजिकल बॉल गेम का भी आयोजन किया गया. गेम खेलने से कर्मी को काफी पॉजिटिव ऊर्जा मिली. सिविल सर्जन द्वारा घोषणा की गई की उक्त कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा. जिससे टीम भावना के साथ कर्मी कार्य कर सकें. म्यूजिकल बॉल गेम में प्रथम पुरस्कार मंटू शर्मा सपोर्ट स्टाफ, द्वितीय पुरस्कार संजय कुमार राय, आदेशपाल एवं तृतीय पुरस्कार श्रवण कुमार चालक को मिला. साथ ही बैलून फोड़ गेम में राजीव रंजन, डीपीएमयू, कोऑर्डिनेटर विजेता हुए.

### जयराम महतो ने हेमंत सोरेन सरकार पर बोला हमला



**साहिबगंज।** जयराम महतो ने बोरियो ब्लॉक मैदान में आयोजित बदलाव संकल्प महासभा में कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी समुदाय के साथ धोखा कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में केवल हेमंत सोरेन के परिवार की सरकार है, न कि आदिवासी समुदाय की. महतो ने कहा कि झारखंड की सरकारी और निजी नौकरियों पर सिर्फ स्थानीय लोगों का हक होगा, अगर उनकी सरकार बनती है. उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार और भाजपा पर झारखंडी जनता को ठगने का आरोप लगाया और लोगों से अपने हक के लिए लड़ने का आवाहन किया. इस मौके पर गोड्डा के संभावित विधानसभा प्रत्याशी जवाहर यादव, राजमहल के घोषित उम्मीदवार मोतीलाल सरकार, बोरियो के संभावित उम्मीदवार उमेश मड़ैया, पोडेयाहाट के मुकेश टुड्डू, जिलाध्यक्ष अर्जून महतो, प्रखंड अध्यक्ष विष्णु मोदी, गोड्डा जिला सचिव रवि महतो, बरहेट प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे.

### पुल निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**कसमार (बोकारो)।** बोकारो जिला अंतर्गत कसमार एवं जरीडीह प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन मंगलवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने संयुक्त रूप से किया. उक्त पुल का निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल बोकारो की ओर से 3 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से होगा. उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ लंबोदर व जयमंगल ने कहा कि यहां पुल निर्माण की मांग लंबे समय से उठ रही थी. करीब एक दशक पूर्व बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल के कार्यकाल में उक्त स्थल पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास भी हुआ था, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से पुल निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका, और योजना रद्द हो गयी. कसमार एवं जरीडीह प्रखंड के सीमावर्ती गई के ग्रामीणों के आग्रह पर दोनों विधायकों ने यहां उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए पहल शुरू की. विधायकों ने कहा कि इस पुल के बनने से कई गांवों के बीच आवागमन की सुविधा बहाल हो जाएगी. मौके पर जिप सदस्य सुनीता टुड्डू, भस्की मुखिया मंटू मरांडी, आजसू जिला प्रवक्ता उमेश जायसवाल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र नाथ महतो, अशोक मंडल, डॉ जीतलाल महतो, काशीनाथ महतो, मनोज महतो, सूरज टुड्डू, शक्तिपद महतो, लोकनाथ महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे.

## वेदांता ने क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया के सम्मेलन में 9 पुरस्कार जीते

# यह उपलब्धि हमारी निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है : मीनाक्षी

संवाददाता। बोकारो



वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया (क्यू सी एफ आई) के बोकारो चैप्टर द्वारा आयोजित 32वें चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स 2024 (सी सी क्यू सी 2024) में 7 अति-उत्कृष्ट और 2 उत्कृष्ट पुरस्कार जीतकर शानदार प्रदर्शन किया. यह उपलब्धि कंपनी की गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है. कंपनी ने 9 प्रविष्टियों के साथ सम्मेलन में भाग लिया, जिनमें से सभी को पुरस्कार मिले. यह पहली बार है कि एक प्रविष्टि क्वालिटी सर्किल श्रेणी में शामिल हुई और अति-उत्कृष्टता पुरस्कार जीता. वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड की मुख्य गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता अधिकारी, मीनाक्षी सभरवाल ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी उत्कृष्टता, नवाचार और निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है. यह पुरस्कार हमारे मिशन को दर्शाते हैं और इस्पात उद्योग में वैश्विक अग्रणी बनने के हमारे दृष्टिकोण के साथ संरेखित करते हैं. वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड झारखंड के बोकारो जिले में स्थित एक प्रमुख इस्पात निर्माता है, जो 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाला एक ग्रीनफील्ड एकीकृत इस्पात संयंत्र संचालित करती है. कंपनी विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधानों का लाभ उठाते हुए कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करती है.

# बालू ट्रेक्टर से थाना के नाम पर वसूली करने का आरोप

## थाना प्रभारी ने लिखित शिकायत देने पर कार्रवाई करने का दिया भरोसा

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)



डुमरी जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने उत्तराखंड क्षेत्र के दर्जनों ट्रेक्टर वालों के साथ डुमरी थाना प्रभारी से भेंट कर बालू का काम करने वाले ट्रेक्टर चालकों, मालिकों के साथ हो रही परेशानियों को अवगत कराया. उन्होंने थाना प्रभारी को यह भी बताया कि थाना के नाम से उत्तराखंड क्षेत्र के माजिद नामक व्यक्ति द्वारा प्रत्येक ट्रेक्टर से चार हजार रुपये मासिक वसूली की जा रही है, नहीं देने पर गाड़ी पकड़वाने की धमकी दी जाती है. जिससे मजबूरन कई ट्रेक्टर मालिकों ने उसे रुपए भी दिया है. इसी क्रम में 5 अक्टूबर शनिवार की रात्रि को मासिक राशि नहीं देने वाले 7 ट्रेक्टरों को केवी रोड के पास रोका गया तथा चालकों के साथ मारपीट की गई और जब ट्रेक्टर वालों ने मजीद को कुछ राशि नगद व कुछ राशि फोन-पे में दिए तब सातों ट्रेक्टरों को छोड़ा. जिसकी जानकारी भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार एवं जिप सदस्य सुनीता कुमारी को मिली. जिस पर रात्रि को ही सभी ट्रेक्टर चालकों से मिल घटना की जानकारी लेते हुए अगले दिन रविवार को डुमरी थाना प्रभारी से मिल उन्हें इस गंभीर समस्याओं को अवगत कराया. जिसपर थाना प्रभारी ने ट्रेक्टर चालकों से लिखित शिकायत करने की बात कहते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति पुलिस के नाम से वसूली करता है तो इसकी लिखित शिकायत दें, उसपर तत्काल कार्रवाई की जाएगी.

इधर जिप सदस्य ने कहा कि वह लगातार डुमरी प्रखंड की बालू घाटों की बंदोबस्ती को लेकर आवाज उठाती रही, लेकिन विभाग के अधिकारी इस पर मौन साधे रहे. बंदोबस्ती हो जाती तो आज जो ट्रेक्टर वाले बालू का कारोबार रहे हैं, उन्हें परेशानी नहीं होता. जिप सदस्य ने ट्रेक्टर चालकों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र से शिकायत आती है, ट्रेक्टर चालक बहुत तेज गाड़ी चलाते हैं. जिससे बड़ी घटना घटने की संभावना बनी रहती है. ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर नियंत्रण में उतना ही तेज से गाड़ी चलाएं. इस दौरान भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, दीपक श्रीवास्तव, फूलचंद किस्कू सहित दर्जनों ट्रेक्टर चालक व मालिक उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### पालीचक में हजारों की चोरी

**केंदुआ।** घर के छत की एस्बेस्टस तोड़ अपराधियों ने पालीचक निवासी मनोज कुमार दास के घर से करीब 75 हजार रुपये से ज्यादा की संपत्ति चुरा लिया. सोमवार की रात चोरों ने छत के सहारे घर में घुसकर 20 हजार रुपये नगद गहना चुराकर भाग निकले. गृहस्वामी सोमवार रात करीब लगभग 10 बजे दुकान से लौट खाना खाकर सो गए थे. दूसरे दिन सुबह आठ बजे नींद खुली तो देखा घर के छत की एडबेस्टस टूटा, हटा व दरवाजा खुला था. घर के अंदर अलमीरा में रखे 20 हजार रुपए नगद, मोबाईल, सोना-चांदी के आभूषण, पीतल व अलमुनियम के व अन्य सामान गायब थे.
पुटकी पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच की.

### कुसुंडा बस्ती में 60 टन कोयला जप्त

**केंदुआ।** सीआईएसएफ ने कुसुंडा 10 नंबर बस्ती के निकट मंगलवार की दोपहर छापामारी कर करीब 60 टन चोरी का अवैध कोयला बरामद किया. कोयला चोरों ने गोन्दूडीह से केडीएस टू रेलवे साइडिंग के लिए ट्रांसपोर्टिंग के दौरान हाईवा से उतार कर जमा किया गया था. सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर के नेतृत्व में क्यूआरटी व जवानों ने छापेमारी कर कोयला जप्त कर लिया. कोयला को पांच हाईवा के माध्यम से गोन्दूडीह प्रबन्धन को सौंप दिया गयं प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया है.

### जिला स्तरीय करियर टॉक में विभिन्न कोर्स की दी जानकारी

**गोविंदपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को जिला स्तरीय करियर टॉक हुआ. इसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मैट्रिक एवं इंटर के बाद पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, पुलिस विभाग, बीएड आदि के कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी. गोविंदपुर थाना प्रभारी रुस्तम अली ने पुलिस विभाग से संबंधित कैरियर चाहने वालों को पुलिस तैयारी की जानकारी दी. एसबीआई शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने बैंकिंग से संबंधित तैयारी की जानकारी दी. अल इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव डॉ एस खालिद ने प्राइमरी, पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षक बनने की प्रक्रिया बताये.

# झारिया में भाजपा कार्यालय पर रागिनी ने खुद बनाई जलेबी

**खास बातें**

- हरियाणा में जीत का अनोखा जश्न



संवाददाता। झरिया

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर झरिया विधानसभा में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जश्न मनाया. झरिया बिहार बिल्डिंग स्थित कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने अनोखे अंदाज में जीत का जश्न मनाया है. रागिनी सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर खुद जलेबी बनाई.। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी. जीत का जश्न मना रहे कार्यकर्ताओं से रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री

## हरियाणा की जीत पीएम मोदी के नेतृत्व की जीत : राजकुमार

**झरिया।** मंगलवार को हरियाणा में भाजपा के ऐतिहासिक तीसरी बार जीत को लेकर हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में जश्न का माहौल है. भाजपाई विभिन्न क्षेत्रों में पटाखा फोड़ कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं. झारखंड भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार अग्रवाल ने हरियाणा में भाजपा के ऐतिहासिक लगातार तीसरी बार जीत को लेकर खुशी का इजहार किया है. उन्होंने



कहा कि यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जीत है, यह भाजपा के विकास और सुशासन की जीत है. कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने जितना भ्रम फैलाने का काम किया था. वह देश की जनता और हरियाणा की जनता समझ रही थी.

# पूजा पंडाल में सुरक्षा गार्ड-सीआईएसएफ कर्मी की तैनाती

- झरिया, कतरास, केंदुआ, हरिना बगान मेला रहता है आकर्षक

संवाददाता। धनबाद

जिले में दुर्गा पूजा को लेकर आयोजित मेले में शांति व्यवस्था बनाए जाने को लेकर जिला प्रशासन के साथ सीआईएसएफ की भी उपलब्धी रहेगी. रत कोकिंग कोल लिमिटेड के अधीन सीआईएसएफ कर्मी के अलावा कंपनी का सुरक्षा गार्ड को भी मेला के देखभाल में लगाया जाता है. इसको लेकर बीसीसीएल मुख्यालय ने आदेश जारी किया है. बीसीसीएल प्रबंधन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोलियरी क्षेत्र के पंडालों में विशेष सुविद्या दे रही है. इसको लेकर जहां पूजा पंडालों में पानी टैंकर,कंपनी की सुरक्षा गार्ड के साथ मेले में सीआईएसएफ कर्मी की भी मौजूदगी



है. जानकारी के अनुसार बाघमारा के हरिना,बरोरा,कतरास ,झरिया ,केंदुवा पूजा पंडाल में कोयला प्रबंधन द्वारा व्यवस्था दिया जाता है. दुर्गा पूजा का मेला धनबाद कोयलांचल क्षेत्र में सबसे मशहूर है.मेले में भारी भीड़ रहती है. ऐसे में सुरक्षा,सेफ्टी की आवश्यकता सबसे अधिक होती है.कोलियरी क्षेत्र में बने पूजा पंडाल में आवश्यकता के अनुरूप बीसीसीएल दमकल गाड़ी की विशेष व्यवस्था रखती है.

## बिजली विभाग के आश्वासन पर ग्रामीणों का पुतला दहन स्थगित

**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह के ग्रामीण तथा बिजली विभाग के अधिकारियों के बीच वार्ता के बाद पुतला दहन के कार्यक्रम को स्थगित किया गया. मंगलवार को बिजली विभाग के महाप्रबंधक तथा झरिया विधायक का पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था डिगवाडीह इस्लामपुर बस्ती तथा गुप्ता टोला में बरसों से जर्जर तार होने के कारण लो वोल्टेज तथा दुर्घटना होने की संभावना बढ़ती जा रही थी. इसकी शिकायत ग्रामीणों ने लिखित रूप से कई बार सहायक विद्युत आपूर्ति अभियंता डिगवाडीह को दिया. जिस पर ठेकेदार द्वारा पूर्व की भांति तार को लगाया जा रहा था. परंतु ग्रामीण के विरोध से उस जगह पर कभर किया हुआ तार लगाने की आश्वासन कार्यपालक विद्युत अभियंता तथा कनिय विद्युत अभियंता एवं सहायक विद्युत आपूर्ति अभियंता ने लिखित रूप से दिया. कहा कि कल से उस जगह में एलटी एबी कभर तार लगाया जाएगा.

# हरियाणा में जीत पर भाजपा का भूली में जश्न



संवाददाता। भूली

भाजपा भूली मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान के नेतृत्व में हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत पर अटल स्मृति पार्क में अटल बिहारी वाजपेई की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. जश्न में लड्डू खिला कर हरियाणा विधानसभा चुनाव जीत पर खुशी व्यक्त किया गया.रजनीश तिवारी ने कहा कि हरियाणा में आजादी के बाद भाजपा ने तीसरी बार लगातार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है. झारखंड विधानसभा चुनाव में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी. हरियाणा जीत का असर झारखंड में सकारात्मक रूप से दिखेगा. सूरज कुमार पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास की गंगा का असर है कि राज्य चुनाव में भाजपा इतिहास रच रही है. कार्यकर्ताओं में इस जीत से नया जोश भर दिया है. हरियाणा जीत पर लड्डू खिला कर कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं. मौके पर सत्येंद्र ओझा, मनमोहन सिंह, ललन मिश्रा , उपेंद्र सिंह, संतोष मंडल , रवि सिंह, उपेंद्र चौहान, धीरेंद्र सिंह, कुणाल सिंह, सुभाष कुशवाहा , सूरज सिंह, मोती पासवान, रणजीत सिंह, अनिल कुमार, विनोद कुमार , अजय कुमार ठाकुर , संजीव कुमार मिश्रा, रंजन यादव, अरुण दास आदि शामिल थे.

# कदवारा में प्रखंड स्तरीय दासांई नृत्य-संगीत प्रतियोगिता

संवाददाता। टुंडी

पश्चिमी टुंडी के कदवारा गांव में प्रखंड स्तरीय दासांई नृत्य-संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम में विभिन्न गांव के मांझी बाबा, गुरु बाबा ने अपने नृत्य दल के साथ हिस्सा लिया. कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों ने पौराणिक संस्कृति को प्रदर्शित किया. आयोजन बृहद झारखंड आदिवासी कला मंच द्वारा किया गया था. सादा परिधान पहने वाद्य यंत्र के धुन पर प्रतिभागी दल ने मोरपंख की छड़ी लेकर नृत्य प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा.कार्यक्रम में आसपास के गांव के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया. आयोजन समिति के सदस्यों ने झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक का माला पहनाकर स्वागत किया. इन्होंने कहा कि दशहरा पर्व पर आयोजित दासांई नृत्य संथाल समाज का अनूठा कार्यक्रम है.संस्कृति को बचाए रखने का हम सभी का कर्तव्य बनता है. उन्होंने कहा कि राजनीति संगठन के



लोगों ने हम लोगों को जाति में बांट दिया है जो समाज के हित में नहीं है.झारखंड अलग राज्य होने के बाद आदिवासी बहुल क्षेत्र पिछड़ा है. इस कार्यक्रम में 25 टीमों ने भाग लिया. सभी प्रतिभागियों को समान रूप से मुख्य अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने अंग वस्त्र पगड़ी, नगदी, राशि देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम अध्यक्षता कदवारा गांव के ग्राम प्रधान मिहीलाल टुडू , संचालन गोविंद टुडू व किशोर हेम्ब्रम ने किया. इस मौके लाल मुर्मू हीरालाल मुर्मू, भोला हेम्ब्रम, शीतलाल हेम्ब्रम, दुर्गा सोरेन, नंदलाल मुर्मू, शिवलाल मुर्मू, बाबूलाल हेम्ब्रम, अशोक टुडू, मुरली सिंह, मुस्ताक अंसारी, इमाम अख्तर अंसारी आदि ने कार्यक्रम संबोधित किया.

# 3.32 लाख लाभुकों को मिली मंईयां योजना की तीसरी किस्त



संवाददाता। धनबाद

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में एक समारोह का आयोजन कर जिले की 3 लाख 31 हजार 930 लाभुकों को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया. इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि श मदन महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित कर दुर्गा पूजा के अवसर पर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तृतीय किस्त के भुगतान समारोह का शुभारंभ किया.
मौके पर चांदनी कुमारी, भागी देवी, ममता मंडल, मिट्ठू मंडल, सुमित्रा देवी, कल्पना देवी, शोभा मंडल, मधु मंडल, रूपा मंडल सहित 30 लाभुकों के बीच योजना से संबंधित चेक का वितरण किया गया। वहीं शेष लाभुकों के बैंक खाते में राशि का हस्तांतरण किया गया.

## आसनसोल

# सांकतोड़िया क्षेत्र में दुर्गापूजा में भी गंदगी से परेशान हैं लोग

- नगर निगम ने अभी तक नहीं की झाड़ियों की साफ-सफाई, टूटी नालियों की मरम्मत भी नहीं

संवाददाता। सांकतोड़िया



दुर्गापूजा में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं, लेकिन कई जगहों पर नगरनिगम द्वारा अभी तक साफ-सफाई नहीं हो पाई है। सांकतोड़िया क्षेत्र के कई भागों में गली-मोहल्लों में उग आई झाड़ियों की साफ-सफाई और टूटी नालियों की मरम्मत नहीं हो पाई है. लोगों का कहना है कि वर्षा ऋतु समाप्त हो गई है और पूजा का माहौल है, लेकिन नगरनिगम द्वारा साफ-सफाई और मरम्मत नहीं होने से उन्हें परेशानी हो रही है. टूटी और बजबजाती नालियां रोग संक्रमण कारी जीवाणुओं और विषाणुओं के लिए ब्रीडिंग ग्राउंड तैयार कर रही हैं. कुछ लोगों का कहना है कि यह दिवाली या छठ के अवसर पर होगा. फिलहाल, कुछ लोग साफ-सफाई के लिए छठ की आश लगाए टकटकी बांधे हुए हैं. लोगों का सवाल है कि क्या निकाय को तब समझ में आएगा जब कोई संक्रमण तेजी से फैल चुका होगा? इस समस्या के समाधान के लिए नगरनिगम से संपर्क करना उचित होगा. इसके अलावा, आप स्थानीय प्रशासन से भी संपर्क कर सकते हैं और अपनी समस्या का समाधान निकाल सकते हैं.

### पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों की भूख हड़ताल आज से

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है. अब फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की है.
चिकित्सकों के संघ ने बैठक की और घोषणा की कि भूख हड़ताल बुधवार को शुरू होगी. एफएआईएमए के अध्यक्ष सुवर्णकर दत्ता ने कहा, 'हम पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के साथ निकट संपर्क में हैं और अपने रुख पर एकजुट हैं. व्यापक विचार-विमर्श के बाद हमने पश्चिम बंगाल में अपने सहयोगियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए देशव्यापी भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है. इस बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने आंदोलनरत चिकित्सकों से काम पर लौटने का अनुरोध किया है.

# पानी की किल्लत के बीच पानी की बर्बादी

**खास बातें**

- नल में स्टॉपर नहीं होने से हो रही पानी की बर्बादी
- कई वर्षों से बेकार बह रहा है नल का पानी

संवाददाता। सांकतोड़िया

एक तरफ जल की किल्लत तो दूसरी तरफ जल की बर्बादी पर लोग इस बात को समझ नहीं रहे हैं. नल से बेवजह जल बहकर बर्बाद होते लगभग हर जगह कहीं ना कहीं देखने को मिल ही जाता है. सांकतोड़िया अंचल के डिसरगढ़ 6 नंबर में टाइम कल का कुछ स्थानीय लोग व्यवहार करते हैं. ज्यादातर समय कल से जल यूं ही बेकार गिरता रहता है. इस टाइम नल को सार्वजनिक उपयोग के लिए लगाया गया था. लेकिन जब भी इधर से नल के समय पर गुजरें तो नल से



बेकार बहता जल आपको दिख जाएगा. दरअसल इसे खोलने बंद करने के लिए स्टॉपर नहीं लगा हुआ है. जबकि बेकार बहकर जल का बर्बाद होने धार्मिक रूप से भी गलत है पर इस जल को नियंत्रित करने के लिए इस नल का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति को स्टॉपर लगाने की बात मन में नहीं आती, क्योंकि स्टॉपर के लिए 25-35 या फिर थोड़ी ज्यादा या कम पैसे खर्चे करने होंगे. भला किस उपभोक्ता को यह गंवारा होगा? सभी यही सोचते हैं कि मैं क्यों? और इसी फेरे मे विगत कई वर्षों से यहां जल बेकार बहता जा रहा है. ये आलम सिर्फ यहीं नहीं और भी कई जगहों पर है. वैसे जल किल्लत पर कई लोगों को चिल्लाते देखकर भी बाकी लोगों को इसका एहसास होने की बात पता नहीं चलता.

# दुर्गापूजा के अवसर पर वस्त्र वितरण समारोह



संवाददाता। बराकर

भारतीय जनता पार्टी कुल्टी मंडल एक के अध्यक्ष संजू घोष और उपाध्यक्ष निशा चौहान के नेतृत्व में दुर्गापूजा के अवसर पर वस्त्र वितरण का आयोजन किया गया. कुल्टी के भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार के सहयोग से 105 नंबर वार्ड में 100 पुरुष, महिला और बच्चों को नए वस्त्र वितरित किए गए. मंडल अध्यक्ष संजू घोष और उपाध्यक्ष निशा चौहान ने बताया कि दुर्गापूजा पश्चिम बंगाल में एक बड़े पर्व के रूप में मनाई जाती है, जहां सभी लोग बिना किसी जाति धर्म के भेदभाव के पूजा में शामिल होते हैं. गरीब और अति पिछड़े समाज के लोगों को विधायक के सहयोग से वस्त्र वितरित किए गए ताकि वे भी पूजा का आनंद ले सकें. इस आयोजन में भाजपा मंडल एक के एसटी मोर्चा की मामूनी मुर्मु और पार्टी के अन्य सदस्य शामिल थे.

## चितरंजन के एरिया 6 में दुर्गा पूजा में अखबार की महत्ता पर जोर

# प्रिंट मीडिया को थीम बनाकर पढ़ने की आदत को जगाने का प्रयास

संवाददाता। बराकर

चितरंजन के एरिया 6 दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है. कमेटी की ओर से यह 73वां वर्ष है और इस वर्ष कमेटी ने एक नई थीम पर पूजा पंडाल को सजाया गया है. कमेटी ने बताया कि इस बार उन्होंने प्रिंट मीडिया के कागज को अपनी दुर्गा पूजा का थीम बनाया है. पूजा से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि नई पीढ़ी और इस डिजिटल युग में न्यूज पेपर पढ़ने की आदत से लोग दूर होते जा रहे हैं. लोग ज्यादा से ज्यादा समय मोबाइल में ही दे रहे हैं, जिस वजह से पढ़ने की आदत खत्म होती जा रही है. लोगों में पढ़ने की आदत को फिर से जगाने के लिए ही इस बार उन्होंने प्रिंट मीडिया को ही अपने दुर्गा पूजा का



थीम बनाया है. न्यूज़ पेपर पढ़ने की आदत बहुत जरूरी है, इससे न केवल खबरों के बारे में जानकारी मिलती है, बल्कि भाषा का भी अच्छा ज्ञान होता है. मोबाइल और टीवी के जरिए खबरें तो मिल जाती हैं, लेकिन भाषा का ज्ञान नहीं मिलता, जो केवल न्यूजपेपर पढ़ने से मिलता है. इसीलिए उन्होंने इस बार अखबार को अपना थीम बनाया है.



# भारतीय राष्ट्रीय खनन अधिकारी संघ का मना 68वां स्थापना दिवस



संवाददाता। बराकर

भारतीय राष्ट्रीय खनन अधिकारी और पर्यवेक्षी कर्मचारी संघ (इनमोसा) का 68वां स्थापना दिवस मंगलवार को बराकर स्थित इनमोसा भवन में मनाया गया. राष्ट्रीय महासचिव पी एन मिश्रा ने ध्वजारोहण किया और संस्थापक महासचिव जेके बनर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया. मिश्रा ने कहा कि इनमोसा की स्थापना 68 वर्ष पूर्व विपरीत परिस्थितियों में हुई थी, जिसके लिए संगठन के साथियों का सहयोग महत्वपूर्ण था. आज इनमोसा भारतीय स्तर पर चीन सीमा से अरब सागर तक अपनी नीतियों और राष्ट्रीय विकास धारा को सर्वोपरि मानते हुए आगे बढ़ी है. इस अवसर पर सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी मनाई और दुर्गापूजा की बधाई दी. इसमें इनमोसा के वरिष्ठ अधिकारी और सदस्य मौजूद थे, जिनमें समीर चक्रवर्ती, एसके राय चौधरी, डीके पांडे, सुशील कुमार और खलील खान शामिल थे. मिश्रा ने बताया कि इनमोसा का स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर देश के सभी कार्यालयों में मनाया गया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आस्था में वृद्धि होगी. ससुराल में कोई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा. दुर्गा मंदिर में अन्न दान करें.

**वृष** समय सामान्य है. किसी से विवाद से मानसिक तनाव होगा. कोई विवाद हो सकता है. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें.

**मिथुन** मानसिक उलझन होगा. कोई नया कार्य मे जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी. क्रोध व उत्तेजना पर संयम रखना होगा. गणेश जी का पूजन ध्यान करें.

**कर्क** धन के आगमन से मन प्रसन्न होगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. किसी से भी बोलने से पहले विचार कर लें. शिवलिंग पर दूध अर्पण करें.

**सिंह** गलत दोस्त से बचें. शिक्षा में सुधार का समय आ गया है. बस प्रयास करें. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** मन मे प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा पर सोच विचार कर ही करें.

**तुला** अपनो के कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी. कुछ हानि भी हो सकता है, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है.

**वृश्चिक** समय उत्तम है जिससे धनार्जन का योग बन रहा है. पूँजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें.

**धनु** समय पर किया गया मेहनत उत्तम फल प्रदान करेगा. संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी.

**मकर** ज्यादा आत्मविश्वास हानि का कारण बन सकता है. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं. शनि को बल दे.

**कुंभ** उतावलेपन में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी, पर मेहनत से विजय पाया जा सकता है. अन्न दान करें.

**मीन** सरकारी कार्य मे गति मिलेगा. सरकारी कार्य मे गति मिलेगा. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. आय के लिए समय उत्तम है. कोई बड़ा लाभ से मन प्रसन्न रहेगा.

## प्रतीक्षारत 28 डीएसपी को मिली पोस्टिंग

**रांची।** पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत 28 डीएसपी को पोस्टिंग मिली है. इसके पहले पिछले सप्ताह ही सरकार ने कई डीएसपी का तबादला किया था. जिनमें कई ऐसे डीएसपी थे, जिनके स्थान पर दूसरे डीएसपी की पोस्टिंग हो गई थी, लेकिन उनकी कहीं पोस्टिंग नहीं हुई थी. इस वजह से वे पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत थे.

**कौन कहां हुए पदस्थापित**

- राहुल देव बड़ाइक एएसपी अभियान गढ़वा
- सुरजीत कुमार एएसपी अभियान गिरिडीह
- रीतिभान सिंह डीएसपी मुख्यालय कोडरमा
- रणवीर सिंह डीएसपी मुख्यालय सिमडेगा
- अखिल नीतीश कुजूर डीएसपी मुख्यालय खूंटी
- राकेश नंदन मिंज डीएसपी एसटीएफ रांची
- सुधीर कुमार डीएसपी एसटीएफ रांची
- अंजनी कुमार तिवारी डीएसपी एसटीएफ रांची
- संतोष कुमार मिश्र डीएसपी स्पेशल ब्रांच
- हिमांशु चंद्र मांझी की डीएसपी स्पेशल ब्रांच.
- वेंकटेश कुमार डीएसपी मुख्यालय देवघर
- नीरज डीसीपी ट्रैफिक जमशेदपुर
- कुलदीप कुमार डीएसपी स्पेशल ब्रांच रांची
- वीरेंद्र कुमार राम डीएसपी स्पेशल ब्रांच
- रोहित कुमार रजवार डीएसपी एटीएस
- अजय कुमार केसरी डीएसपी आईआरबी 3
- अंकिता राय डीएसपी एटीएस
- संदीप कुमार गुप्ता डीएसपी आईआरबी 4
- आनंद ज्योति मिंज डीएसपी एसटीएफ
- भूपेंद्र रावत डीएसपी आईआरबी 2
- दीपक कुमार डीएसपी एसटीएफ
- आशीष कुमार महली डीएसपी एसटीएफ
- मंगल सिंह जमुदा डीएसपी एसीबी
- सुमित सौरभ लकड़ा डीएसपी एसीबी
- राजेश कुमार सिंह डीएसपी रांची रेंज डीआईजी कार्यालय
- संजय कुमार सिंह डीएसपी मुख्यालय जामताड़ा
- विनेश लाल डीएसपी डीआईजी कार्यालय दुमका

### नेतरहाट में गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने बोटिंग का आनंद उठाया और नाशपाती बागान का अवलोकन किया

# नेतरहाट के छात्रों ने देश में अपना परचम लहराया है : कल्पना सोरेन

**संवाददाता। लातेहार**

गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति पर आधारित नेतरहाट विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. उन्होंने देश में अपना परचम लहराया है. आज नेतरहाट के छात्र देश के विभिन्न पदों पर योगदान दे रहे हैं. कल्पना सोरेन मंगलवार को नेतरहाट विद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी. मौके पर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग मंत्री बेबी देवी, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और सिसई विधायक झींगा मुंडा व उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव आदि मौजूद थे.

**नेतरहाट के सूर्योदय का आनंद लिया**

कल्पना ने छात्रों को विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों से प्रेरणा लेने तथा विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को बनाये रखने की बात कही. उन्होंने छात्रों को पूरी लगन के साथ पढ़ाई कर लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी. इससे पहले उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मंत्री-विधायक व अन्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया.

इससे पहले मंगलवार को अतिथियों ने नेतरहाट के मशहूर सूर्योदय का अवलोकन किया. लेक व्यू पॉइंट का अवलोकन के क्रम में बोटिंग का आनंद लिया. उन्होंने नाशपाती बागान का भी अवलोकन किया. अतिथियो ने मुक्त कंठ से नेतरहाट की नैसर्गिक खूबसूरती की प्रशंसा की. कहा कि नेतरहाट को प्रकृति ने फुर्सत से सजाया है.



नौकाविहार करतीं कल्पना सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह व अन्य.

### बिहार, बंगाल, कर्नाटक की तर्ज पर झारखंड वक्फ बोर्ड में हों सुविधाएं

# झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड को बहुत आगे लेकर जाएंगे : मौ. तहजीबुल

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड की प्रेस कांफ्रेंस मंगलवार को अंजुमन मुसाफरिखान में हुई. वक्फ बोर्ड के सदस्य मौलाना तहजिबुल हसन रिजवी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज से पहले सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन हुआ था, 5 साल रहा, लेकिन चेयरमैन नहीं बने थे. इस बार जो सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन हुआ है, इसमें चेयरमैन हैं. इस तरह वक्फ बोर्ड के कार्य को आगे बढ़ाने में सुविधा मिलेगी. उन्होंने कहा कि बिहार, बंगाल, कर्नाटक में भी वक्फ बोर्ड है. ममता सरकार व बिहार सरकार इमाम व मोज्जिन को तनख्वाह देती है. इमाम को जहां 5000 रुपये, वहीं मोज्जिन को 3000 रुपये मासिक वेतन देते हैं. झारखंड वक्फ बोर्ड में भी इसे उसी तर्ज पर लागू करने की जरूरत है. केंद्र सरकार द्वारा लाये गये वक्फ संशोधन बिल का सभी जगह विरोध हो रहा है. इस लिये इसे केंद्र सरकार को वापस ले लेना चाहिए. वक्फ संपत्तियों से अस्पताल, स्कूल, गरीब जरूरतमंदों की देखरेख की जाती है. इस 5 साल की अवधि में हम झारखंड के वक्फ बोर्ड को आगे से आगे लेकर जाएंगे. कल्याण विभाग से मिलने वाली सुविधाओं के साथ वक्फ बोर्ड को और मजबूत करेंगे.

**वक्फ बोर्ड की मजबूत के लिए विभागीय स्तर की बैठक की जरूरत : अधिवक्ता:** सदस्य अधिवक्ता एके रशीदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ एक्ट में संशोधन कर बिल लाया, जिसका चौतरफा विरोध हो रहा है. इसलिये संशोधन बिल को वापस करने की जरूरत है. झारखंड के वक्फ बोर्ड को और अधिक मजबूत करने के लिए विभागीय स्तर की बैठक की जरूरत है. वक्फ की संपत्ति को बचाना व उसे आगे से आगे बढ़ाना के कार्य किये जायेंगे. इसकी संपत्ति से गरीबों, बच्चियों, मिसकीनों को लाभ पहुंचाया जाएगा.



पत्रकारों से बात करते वक्फ बोर्ड के सदस्य मौलाना तहजिबुल हसन रिजवी व अन्य.

**वक्फ संपतियों को बचाने व आगे बढ़ाने का होगा कार्य : इबरार**

सदस्य इबरार अहमद ने कहा कि वक्फ बोर्ड को आगे से आगे बढ़ाने के लिये कार्य किये जायेंगे. सीओ को आग्रह पत्र देकर वक्फ बोर्ड के कार्यक्रम के लिए अनुमति मांगी जाएगी. उस कार्यक्रम में चेयरमैन समेत सारे वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी शामिल होंगे. वक्फ की संपत्तियों को बचाने व उसे आगे से आगे बढ़ाने पर सम्मिलित रूप से निर्णय लिये जाएंगे, ताकि वक्फ की संपत्ति से गरीब बच्चों को स्कॉलरशिप का लाभ गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्कील डेवलपमेंट के कार्य किये जाएंगे. झारखंड के पूरे 24 जिले में लोगों से मिल कर जानकारी ली जाएगी.

## द्वितीय छमाही सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारंभ

**रांची।** मंगलवार को नामकुम प्रखंड प्रांगण में द्वितीय छमाही सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारंभ खाद्य सार्वजनिक वितरण मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया. इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची जिला अंतर्गत 416939 पात्र गृहस्थ परिवार (गुलाबी कार्ड), 101933 अंत्योदय परिवार (गुलाबी कार्ड) व 45623 ग्रीन कार्डधारी हैं, जिसमें नामकुम प्रखंड में 22985 पात्र गृहस्थ परिवार (गुलाबी कार्ड), 3698 अंत्योदय परिवार (पीला कार्ड), 1875 ग्रीन कार्डधारी हैं. सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा लाभुक से प्रति वस्त्र 10 रुपया प्राप्त किया जाता है. जिसमें जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को देय कमीशन एक रुपये प्रति वस्त्र व वस्त्रों के प्रखंड मुख्यालय से वितरण स्थल तक परिवहन के लिए प्रति वस्त्र 2 रुपये की दर से कुल तीन रुपये प्रति वस्त्र संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने पास रखते हैं. शेष राशि 7 रुपये प्रति वस्त्र, वितरण के 15 दिन के अंदर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से सरकारी कोष में जमा करना होता है. मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सभी राशन कार्डधारी को धोती-साड़ी-लुंगी से आच्छादित किया जा रहा है, सभी योग्य लाभुकों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, पंचायत समिति सदस्य, सुषमा हेंब्रम, सिल्वे की मुखिया नूतन पाहन, माधव कच्छप व अन्य मौजूद थे.

## सदभावना समिति ने निगरानी कमेटी के सदस्यों को दिया निगरानी कार्ड



**संवाददाता। रांची**

बिहार क्लब रांची में सर्वधर्म सदभावना समिति की बैठक मंगलवार को बिहार क्लब में संरक्षक डॉ अजीत सहाय की सरपर्सती में हुई. इसकी अध्यक्षता मो इस्लाम ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में लोअर बाजार थाना के थाना प्रभारी दयानंद कुमार शामिल हुए. आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ को आपसी भाईचारा व सौहार्द साथ मनाने पर बल दिया. सभी त्योहारों में विभिन्न समस्याओं के समाधान तथा शरारती तत्वों पर निगरानी रखने के लिए सर्वधर्म सदभावना समिति की ओर से निगरानी कार्ड बनाया गया. जिसे लोअर बाजार थाना प्रभारी ने समिति के पदधारियों एवं सदस्यों को दिया. मौके पर प्रदीप राय बाबू, राजन वर्मा, सागर कुमार, राफे कमाल, ओम सिंह, संजय मिनोचा, परवेज आलम, नौशाद आलम,मो फिरोज, सुहैल खान,आफताब आलम, जसीम हसन, तनवीर आलम,मो. इश्तेयाक, इस्लाम इदरीसी, सोनू, महावीर ओहदार, मो रईस, मो अब्दुल्लाह, जमील गद्दी, परवेज आलम, हाजी बेलाल कुरैशी, असलम अली, मो मेराज, अमरनाथ साहू, मो साबिर,अर्श अली टिंकू, मोजाहद, मकसूद समेत सैंकड़ों सदस्यगण शामिल थे.

**पेज एक का शेष...**

### हरियाणा में भाजपा की...

माना जा रहा है कि नायब सिंह सैनी विजयादशमी के दिन हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे. नायब सैनी के नेतृत्व में पार्टी ने लगातार तीसरी बार हरियाणा में चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया है. हरियाणा में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा में जश्न का माहौल है. पीएम नरेंद्र मोदी ने भी मंगलवार की शाम दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पहुंच कर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी. राजनीति के जानकार हरियाणा में भाजपा की जीत को किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं. उनका कहना है कि भाजपा ने कांग्रेस के जबड़े से हरियाणा की जीत छीनी है. अब तक गुजरात और मध्य प्रदेश को ही भाजपा का गढ़ माना जाता था, लेकिन हरियाणा की जनता ने भी साफ कर दिया कि उसे पीएम मोदी के विजन पर भरोसा है. भाजपा ने हरियाणा के शहरी ही ग्रामीण इलाकों में भी शानदार प्रदर्शन किया है. यही नहीं जाटलैंड में उसकी मौजूदगी दमदार रही है. चुनाव में भाजपा के कई मंत्री चुनाव हार गए हैं, लेकिन फिर भी पार्टी ने कमाल कर दिखाया है. कांग्रेस के लिए यह कुछ ऐसा ही है, जैसे कुश्ती में 'बगलडूब' दांव होता है, जब एक पहलवान सामने वाले पहलवान की बगल और पकड़ से बाहर निकल कर उसे परास्त कर देता है. हरियाणा के चुनावी इतिहास में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ, जब किसी दल ने हैट्रिक लगाई हो. कोई भी दल लगातार तीसरी बार सरकार नहीं बना पाया. इस बार भाजपा ने रिकॉर्ड बना दिया. 2014, 2019 में जीत के बाद 2024 के विधानसभा चुनाव में भी वह सरकार बनाने जा रही है. कांग्रेस के चुनाव हारने के बाद भी पार्टी के नेता कोई सबक नहीं ले रहे हैं. पार्टी की दिग्गज नेता कुमारी सैलजा ने मीडिया से बातचीत में हार का ठीकरा सीधेतौर पर भूपेंद्र हुड्डा के सिर फोड़ दिया है. उन्होंने संकेतों में कहा कि कहां तो वो (हुड्डा) 60 सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, यहां पार्टी की दुर्गति हो गई है. दिलचस्प बात यह रही कि कांग्रेस की महिला पहलवान विनेश फोगाट ने जुलाना सीट से चुनाव जीत लिया है. हार स्वीकार करते हुए भूपेंदर हुड्डा ने कहा, हमने जैसा सोचा था, वैसे नतीजे नहीं आए. उधर, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, हमें चुनाव परिणाम मंजूर नहीं है. ये लोकतंत्र पर तंत्र की जीत है. हम हरियाणा में हारे नहीं हराए गए हैं.

### उमर अब्दुल्ला होंगे सीएम...

डोडा सीट आम आदमी पार्टी के खाते में गई है. महबूबा मुफ्ती की पीडीपी को सिर्फ तीन सीटों पर सफलता मिल पाई है. चुनावों से पहले निर्दलीय उम्मीदवारों को लेकर चल रही बातचीत भी लगभग सही साबित हुई. पांच निर्दलीय उम्मीदवार अपनी सीट जीतने में कामयाब रहे. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र रैना अपनी सीट नौसेरा 7 हजार वोटों से हार गए. पीडीपी की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने अपनी हार को स्वीकार करते हुए लिखा कि मैं लोगों के जनादेश को स्वीकार करती हूं. लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद के करीबी पीरजादा फिरदौस अहमद को बुरी तरह चुनाव हार गए. पिछले विधानसभा चुनाव से लेकर अभी तक कश्मीर की जनता के लिए काफी कुछ बदल चुका है. 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने 370 हटा कर कश्मीर को एक केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था. परिसीमन के बाद हुए पहले चुनाव में सभी पार्टियों ने अपनी जीत का परचम लहराने के लिए जम कर जोर लगाया था, लेकिन कामयाबी इंडिया गठबंधन को मिली. नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने नतीजे आने के बाद घोषणा की कि उनके पुत्र उमर अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर के नए मुख्यमंत्री होंगे. उन्होंने चुनाव में विजयी बनाने के लिए जम्मू कश्मीर की अवाम का शुक्रिया भी अदा किया.

### वकील, डीटीओ, सीओ समेत...

संजीव के मुताबिक, सुजीत ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि वह उन्हें और उनके कुछ अधिकारी मित्रों को ईडी के केस से बचा लेंगे. उनका नाम चार्जशीट में नहीं आयेगा. इसके बाद भी जब संजीव पांडेय का नाम ईडी की चार्जशीट में आ गया, तो उसने वकील सुजीत कुमार से अपना पैसा मांगा. इस पर अधिवक्ता ने पैसा नहीं होने के एवज में 54 चेक जारी किये. साथ ही पैसे के बदले अपनी कार भी दे दी और एग्रीमेंट कर लिया. उधर, आरोपी वकील सुजीत कुमार ने भी संजीव पांडेय के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है. अधिवक्ता ने अपने आवेदन में बताया है कि संजीव पांडेय और उसके कुछ साथियों ने उनका अपहरण किया और 12 लाख रुपये वसूलने के बाद उन्हें छोड़ा.

**सुजीत का वकलत लाइसेंस संदेहास्पद, ऑनलाइन रिकॉर्ड भी नहीं! :** ईडी के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली के मामले में कांके सीओ जय कुमार राम, तत्कालीन नामकुम सीओ प्रभात भूषण, धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, वकील सुजीत कुमार व जमीन करोबारी संजीव पांडेय के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है. वसूली मामले में मुख्य सूत्रधार बताये जा रहे सुजीत कुमार के वकालत लाइसेंस को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, सुजीत कुमार ने पटना हाईकोर्ट बार एसोसिएशन से वर्ष 2013 में वकालत का लाइसेंस लिया था. इसके बाद वर्ष 2021 में उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन में एनरोलमेंट करा लिया. वकालत के पेशे से जुड़े लोग बताते हैं कि प्रथम दृष्टया सुजीत कुमार का अधिवक्ता पहचान पत्र संदेहास्पद प्रतीत होता है. वहीं, अधिवक्ताओं के ऑनलाइन रिकॉर्ड में भी सुजीत कुमार का नाम उपलब्ध नहीं है.

## पूर्व व वर्तमान के विधायक ने विस को खोखला बना दिया है: गिरिनाथ



**संवाददाता। गढ़वा**

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा के दौरान जिले के मेराल प्रखंड के बाना एवं गढ़वा के ग्राम अंचला में कार्यकर्ता मिलन सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान पूर्व मंत्री ने रंका प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालो में जाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया एवं अपने विधानसभा क्षेत्र को इन भ्रष्टाचारियों से मुक्त कराने का संकल्प लिया.

मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है. आज कोई भी काम करने के लिए कमीशन देना पड़ता है. चाहे आवास हो, कुआं हो या कोई और भी सरकारी योजना सभी में घूस देना पड़ रहा है. जनता त्रस्त है और विधायक मस्त है. पूर्व के विधायक व वर्तमान के विधायक ने पिछले 15 सालों में विधानसभा को खोखला बना दिया है. उन्होंने कहा कि पूर्व के विधायक ने अपने कार्यकाल में अलकतरा चुराने और झूठा चेक स्लीप बांटने का काम किया. वर्तमान के विधायक तो उनसे भी एक कदम आगे निकले एक ही रोड को बार बार बनवाने का काम कर कमीशन ले रहे हैं और झूठा विकास का झूठा ढ़ीढोरा पीटते घूम रहे है. मौके पर मुख्य रूप से मेराल दक्षिणी अध्यक्ष दुःखन चौधरी, हाजी मयुनुदीन अंसारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, शाहिद आलम, मौलाना संजर, सलमाउद्दीन अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## चुनाव जीतने के बाद जो भी कार्य रह गया है, वह पूरा करेंगे : रामचंद्र चंद्रवंशी

- विधायक ने किया 4 करोड़ 21 लाख की योजनाओं का शिलान्यास

**संवाददाता। मझिआंव**

नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मंगलवार को 4 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से डेढ़ दर्जन से अधिक योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ कर एवं पूजा अर्चना कर किया. जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के भुसुआ गांव में एक सड़क मरम्मती तथा पुलियां निर्माण व गाइड वॉल, वार्ड नंबर 5 के मस्जिद टोला में दो पीसीसी सड़क निर्माण, वार्ड नंबर 5 के डुमरिया देव स्थल से लेकर गुडू कबाड़ी के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण, एवं मेन रोड से अशोक गिरी के घर होते हुए नौशाद आलम को घर तक पीसीसी पथ निर्माण, वार्ड नंबर 7 के डोमन मिस्त्री के घर से होते हुए कामदेव साव के घर तक पीसीसी निर्माण, ब्लॉक के समीप नव निर्मित दुकान (कंपलेश )का शिलान्यास किया गया. वहीं राधा कृष्ण मंदिर के सामने कोयल नदी तट पर छठ घाट निर्माण का शिलान्यास, काली मंदिर कोयल नदी के किनारे शंकर जी के मंदिर के पास सिढ़ी निर्माण सहित 20 योजनाओं का शिलान्यास किया गया. जिसका टोटल लागत लगभग 4 करोड़ 21 लाख 49 हजार 300 सौ रुपए के लागत से सभी योजनाओं को बनवाया जाएगा. मौके पर राधा कृष्ण मंदिर के महंत केशव नारायण दास, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, निवर्तमान नपं अध्यक्ष सुमित्रा देवी, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, भाजपा नेता वीरेंद्र नाथ दुबे, अर्जुन दास, विश्वनाथ पासवान, लक्ष्मण सिंह, धनंजय धनंजय सिंह, शाहिद खां, अरसू खां, नपं के निवर्तमान वार्ड पार्षद पार्वती कुंवर, अनीता देवी, दीपक राज सहित नगर पंचायत के कर्मचारी पदाधिकारी एवं संवेदक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.



**विधानसभा चुनाव** सबसे अधिक 4 बार उपेंद्रनाथ दास ने जीत हासिल की

# बीजेपी का गढ़ सिमरिया में झामुमो की चुनौती

**समीर चक्रवर्ती। रांची**

- सिमरिया सीट पर बीजेपी को 4 बार मिली सफलता
- **किशुन दास ने बीजेपी का 12 वर्षों का वनवास तोड़ा**
- जेएमएम उम्मीदवार के रूप में मनोज चंद्रा होंगे मैदान में

चतरा जिले के सिमरिया विधानसभा सीट को आरएसएस-बीजेपी का गढ़ माना जाता है, लेकिन अब यहां झामुमो ने बीजेपी को घेरने की पुख्ता रणनीति तैयार की है. वर्ष 2019 के चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार किशुन दास को आजसू पार्टी के मनोज चंद्रा ने कड़ी टक्कर दी थी, परंतु इस बार मनोज चंद्रा के सहारे जेएमएम ने बीजेपी के किला को ध्वस्त करने की रणनीति बनाई है. वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आजसू पार्टी के बीच गठबंधन नहीं हो पाया था. लेकिन इस बार के चुनाव में तालमेल लगभग तय है. ऐसे में सिटिंग सीट होने के कारण बीजेपी का सिमरिया सीट पर दावा मजबूत है, हालांकि दूसरे स्थान पर रहने के कारण आजसू पार्टी सिमरिया की जगह किसी अन्य सीट देने का दबाव बीजेपी पर बना रही है. इसके बावजूद किशुन दास की बड़ी चिंता खत्म हो गई है. आजसू पार्टी उम्मीदवार के खड़े होने से वोटों का बिखराव नहीं होगा, जिससे बीजेपी को फायदा मिलने की उम्मीद है.दूसरी तरफ वर्ष 2023 में ही मनोज चंद्रा आजसू पार्टी छोड़ कर सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में जेएमएम में शामिल हो गए. जेएमएम में शामिल होने के बाद वो लगातार क्षेत्र में सक्रिय है. वहीं सिमरिया विधानसभा सीट कांग्रेस और आरजेडी की कोई खास मजबूत दावेदारी नहीं है, ऐसे में यह माना जा रहा है कि मनोज चंद्रा जेएमएम टिकट पर सिमरिया विधानसभा सीट से इंडिया अलायंस के उम्मीदवार के यप में चुनाव मैदान में होंगे.2019 के विधानसभा चुनाव में किशुन दास ने भाजपा का 12 वर्षों का वनवास तोडत्रा. इससे पहले सिमरिया सीट पर बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक के उम्मीदवार ने 2009 और 2014 में जीत हासिल की.

2009 में झाविमो के जयप्रकाश भोक्ता ने जीत हासिल की, जबकि 2014 में गणेश गंझू को सफलता मिली.सिमरिया विधानसभा सीट से सबसे अधिक 4 बार उपेंद्रनाथ दास को सफलता मिली. उपेंद्रनाथ दास ने 1977, 1990, 1995 और 2005 में जीत हासिल की. विधायक रहने के दौरान 2007 में उनका निधन हो गया. उपेंद्रनाथ ने पहली बार जनता पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी और बाद में तीन बार बीजेपी टिकट पर जीत हासिल की. पार्टी में उनकी पहचान प्रखर वक्ता के रूप में थी.सिमरिया विधानसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आया. जिसके बाद इस सीट पर एक बार जनसंघ और चार बार बीजेपी को सफलता मिली. कांग्रेस और झारखंड विकास मोर्चा उम्मीदवार की दो-दो बार जीत हुई, वहीं आरजेडी और भाकपा उम्मीदवार को भी एक-एक बार चतरा सीट पर सफलता मिली.2019 के विधानसभा चुनाव में किशुन दास ने भाजपा का 12 वर्षों का वनवास तोड़ा. इससे पहले सिमरिया सीट पर बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक के उम्मीदवार ने 2009 और 2014 में जीत हासिल की. 2009 में झाविमो के जयप्रकाश भोक्ता ने जीत हासिल की, जबकि 2014 में गणेश गंझू को सफलता मिली.सिमरिया विधानसभा सीट से सबसे अधिक 4 बार उपेंद्रनाथ दास को सफलता मिली. उपेंद्रनाथ दास ने 1977, 1990, 1995 और 2005 में जीत हासिल की. विधायक रहने के दौरान 2007 में उनका निधन हो गया. उपेंद्रनाथ ने पहली बार जनता पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी और बाद में तीन बार बीजेपी टिकट पर जीत हासिल की. पार्टी में उनकी पहचान प्रखर वक्ता के रूप में थी.सिमरिया विधानसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आया. जिसके बाद इस सीट पर एक बार जनसंघ और चार बार बीजेपी को सफलता मिली.

## जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत 30 उग्रवादियों पर मामला दर्ज

**लातेहार।** सोमवार को पुलिस और जेजेएमपी के उग्रवादियों के बीच सदर थाना क्षेत्र के ओरैया-बोकाखाड़ जंगल में मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ मे झारखंड जगुआर के एक एएसआई व एक जवान के पैरों में गोली लगी थी. हालांकि दोनो सुरक्षित हैं. पुलिस ने इस मुठभेड़ मे जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा व जोनल कमांडर लवलेश गंझू समेत 30 से अधिक उग्रवादियों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया है. पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने मामला दर्ज कराया है. इनमें 12 नामजद व 20 अज्ञात उग्रवादी शामिल हैं. बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली इनपुट पर सोमवार की सुबह तकरीबन छह बजे सदर थाना क्षेत्र के ओरैया- बोकाखाड़ पुलिस सर्च आपरेशन में चला रही थी. इसी दौरान जेजेएमपी के उग्रवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई थी.

# जनादेश के मायने

इतना तो तय है कि देश की जनता शासन की प्रवृत्ति और प्रक्रिया में बदलाव चाहती है, ताकि उसकी आर्थिक और सामाजिक जरूरतें उम्मीदों पर खरा उतरे. विभिन्न जनादेशों में देश के मतदाता इन्हीं बातों पर फोकस करते रहते हैं. भारतीय समाज किसी भी तरह के अतिवाद को स्वीकार नहीं करता है. इस तथ्य को जितना जल्दी सभी समझ लेगें, देश की प्रगति की राह उतनी ही आसान और प्रशस्त होगी. दुनिया में वही देश और समाज आगे बढ़ता है, जो सामाजिक धरातल पर सद्भाव और सम्मान को महत्व देता है. लोकतंत्र नागरिकों के सम्मान की बुनियाद पर खड़ा है. इसीलिए जनोदश का सम्मान भी जरूरी है. भारतीय राजनीति और समाज में अनेक तरह के अलोड़न हैं. यह आलोड़न विभिन्न राजनीतिक प्रतिवादों में प्रकट होता रहता है. चुनाव की प्रक्रिया भी एक माध्यम है. दो राज्यों के जनादेश इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि भारत का मतदाता बेहद समझदार है और वह अपनी समझदारी के अनुसार ही निर्णय लेता है. स्वतंत्र ,निष्पक्ष और पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रिया भारतीय जन की आकंक्षा है. इस तथ्य को समझना और इसके अनुरूप राजनीतिक प्रवृत्तियों को केंद्रित करने की जरूरत बनी हुई है. भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनावी जनादेश इसकी बार बार पुष्टि करते हैं. भारतीय समाज में तेजी से बदलाव आया है. इस बदलाव का असर चुनावी जनादेश पर देखा जा सकता है. राजनीतिक दलों को इन बदलावों को समझने की जरूरत हैं. हरियाणा और जम्मू और कश्मीर के संदेश इन्हीं ओर इशारा कर रहे हैं. हिंदी भाषी राज्यों की राजनीति में जिस तरह की प्रवृतियां क्रियाशील हैं, उससे सामाजिक सद्भाव में दरार साफ देखा जा सकता है. मतदाताओं के समक्ष आर्थिक नीतियों में विकल्प के चयन की सीमा हो तो वह ज्यादा जोखिम लेना पसंद नहीं करता है. लोकतंत्र को और ज्यादा मजबूत बनाने के लिए इस तथ्य को भी रेखांकित करने की जरूरत है कि देश में सामाजिक और आर्थिक न्याय पारदर्शी दिखे. ग्रामीण और शहरी भारत में जिस तरह के बदलाव आए हैं, उसका असर कुछ अपवादों को छोड़ कर मतदान पर भी देखा जा सकता है. कई बार प्रतिरोध आंदोलन चुनावों में बदलाव की भूमिका निभाते हैं और कई बार इन्हीं आंदोलनों को आघात का भी सामना करना पड़ता है. इसका मतलब यह है कि चुनावी जीत हार से परे कुछ ऐसे सवाल हैं जो देश के नागरिकों को मथते है. सत्तारूढ़ दलों का कर्तव्य है कि वह इन सवालों को हल करने की दिशा में ठोस कदम उठाए. दुनिया के सभ्य समाजों व जागरूक लोकतंत्रों में मदाताओं के आदेश को स्वीकार करने की समृद्ध परंपराएं विद्यमान हैं. इसी से किसी देश की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं, सामाजिक विकास और उन्नति का मूल्यांकन किया जाता है.

> हिंदी भाषी राज्यों की राजनीति में जिस तरह की प्रवृतियां क्रियाशील हैं, उससे सामाजिक सद्भाव में दरार साफ देखा जा सकता है. मतदाताओं के समक्ष आर्थिक नीतियों में विकल्प के चयन की सीमा हो तो वह ज्यादा जोखिम लेना पसंद नहीं करता है.

## सुभाषित

**या मुक्तिहेतुरविचिन्त्यमहाव्रता त्व- मभ्यस्यसे सुनियतेन्द्रियतत्त्वसारैः।**
**मोक्षार्थिभिर्मुनिभिरस्तसमस्तदोषै-**
**र्विद्यासि सा भगवती परमा हि देवि॥९॥**

देवि ! जो मोक्षकी प्राप्तिका साधन है, अचिन्त्य महाव्रत स्वरूपा है, समस्त दोषों से रहित, जितेन्द्रिय, तत्त्व को ही सार वस्तु माननेवाले तथा मोक्ष की अभिलाषा रखनेवाले मुनिजन जिसका अभ्यास करते हैं.

# वादों को धरातल पर उतारना जरूरी

**लोकपाल की नियुक्ति को भी मुद्दे के रूप में स्थापित किया गया. 2014 के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में आतंकवाद और सीमा पार से संघर्षविराम उल्लंघन के मामलों को प्रमुखता से उठाया था और यहां तक कि हर शहीद जवान के बदले दस सिर काटकर लाने जैसे चुनावी नारे दिए, लेकिन आज भी कश्मीर के हालात जस-के-तस हैं.**




• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

कोई भी पौराणिक, ऐतिहासिक या आध्यात्मिक युग रहा हो, सत्ता के उच्च पद पर जो भी आसीन रहा है, उनके प्रति कुछ समय बाद समाज में निराशा का भाव स्वाभाविक तौर पर उठने लगता है. भगवान रामचन्द्र का भी राज्य कहां स्थिर रहा? भगवान श्रीकृष्ण ने सोने की द्वारिका नगरी शांति के लिए स्थापित की थी, लेकिन अंततः कुलक्षय का कारण वही बनी? यादवों को मदोन्मत देख रहे थे श्रीकृष्ण, पर उन्हें संभाल नहीं सके. मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र अयोध्यावासियों को सीता के पतिव्रता होने का विश्वास नहीं दिला पाए, कैसी विचित्रता है यह? अर्जुन और कर्ण का क्या नाता है, यह जानते थे श्रीकृष्ण, फिर भी उन दोनों के बीच खड़े होकर साक्षात परब्रह्म श्रीकृष्ण भी उस विनाश को रोक सके? क्यों हुआ ऐसा? क्या इसलिए, क्योंकि दुष्टों के दमन हेतु और धर्म की स्थापना के लिए पुनः पुनः अवतार लेना पड़े? इससे क्या यह सिद्ध नहीं होता है कि अवतार का कार्य भी अपूर्ण रहता है? अब आज के समय की बात करें, तो वर्ष 2014 में जब यह नारा लगता था और अखबार के प्रथम पृष्ठ पर मोटे-मोटे हरफों में लिखा होता था 'हर-हर मोदी, घर-घर मोदी, अबकी बार मोदी सरकार.' विकास पुरुष के रूप में स्थापित उस चेहरे को आज क्या हो गया, यही तो समाज के निराशा का द्योतक है.

वर्ष 2013 में भारतीय जनता पार्टी के गोवा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के रूप में गुजरात के मुख्यमंत्री और अपने राज्य के विकास के लिए चर्चित नरेंद्र मोदी के नाम पर स्वीकृति दी गई थी. फिर गुजरात के विकास मॉडल को एक स्वप्न के रूप में प्रकाशित और प्रसारित किया गया. तरह तरह से योजनाबद्ध तरीके से जनता जिस महंगाई से जूझ रही थी, उसे प्रधानमंत्री उम्मीदवार ने बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया और कहा कि उनकी सरकार यदि सत्ता में आती है, तो 100 दिन के भीतर महंगाई पर अंकुश लगा देगी. उस समय डॉलर के मुकाबले भारतीय करेंसी की कीमत 65.56 रुपये हो गई थी. वहीं, बेरोजगारी से युवाओं का बुरा हाल को जमकर प्रचारित किया गया और सियासी जंग छेड़ दी गई. लोकपाल की नियुक्ति को भी मुद्दे के रूप में स्थापित किया गया. 2014 के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में आतंकवाद और सीमा पार से संघर्षविराम उल्लंघन के मामलों को प्रमुखता से उठाया था और यहां तक कि हर शहीद जवान के बदले दस सिर काटकर लाने जैसे चुनावी नारे दिए, लेकिन आज भी कश्मीर के हालात जस-के-तस हैं. जनता से उन्होंने वादा किया था के विदेश में छुपाकर रखे गए कालाधन को लाकर देश की जनता के बीच बांटा जाएगा, लेकिन क्या वह कालाधन वापस आ गया? फिर 8 नवंबर, 2016 को प्रधानमंत्री ने एक हजार और 500 रुपये के नोटों को अचानक चलन से बाहर कर दिया.

अब 2019 के लोकसभा चुनाव के मुद्दों पर नजर डालें, तो सत्तारूढ़ भाजपा ने राष्ट्रवाद को पहला चुनावी मुद्दा बनाया. पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद भाजपा ने इस मुद्दे को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया. राफेल को लेकर कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रही, 'चौकीदार चोर है' के नारे के जरिये राफेल को उस वक्त का सबसे अहम मुद्दा बना दिया गया. पाकिस्तान में भारतीय वायुसेना जैश-ए- मोहम्मद के आतंकी ठिकाने को तबाह करने के बाद उन दिनों पाकिस्तान भी चुनावी मुद्दा बन गया था. भारतीय राजनीति में किसान वैसे तो हमेशा राजनीतिक मुद्दा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में छोटे किसानों के खाते में हर साल छह हजार रुपया डालने के एलान से इसे प्रमुख चुनावी मुद्दा बना दिया गया. राम मंदिर वैसे तो बहुत लम्बे समय से ही चुनावी मुद्दा बना हुआ था, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए भी भाजपा का चुनावी मुद्दा बना रहा. भाजपा इस मामले को लेकर कांग्रेस को घेरती रही, वहीं कांग्रेस भाजपा पर राम मंदिर मुद्दे का चुनावी लाभ लेने का आरोप लगाती रही.

अब लोकसभा 2024 के चुनाव को आंशिक रूप से समझ लेने का प्रयास करते हैं. यह चुनाव तो लोकतंत्र की सारी गरिमा को ही तार-तार कर दिया. सत्तारूढ़ भाजपा ने नारा दिया कि इस बार भी उसकी सरकार बनेगी और भारी बहुमत की सरकार बनेगी. नारा था 'अबकी बार 400 पार.' कांग्रेस पर आक्रामक होते हुए कहा गया कि यदि उनकी सरकार नहीं बनी, तो देश का सारा धन मुसलमानों में बांट दिया जाएगा, मंगलसूत्र छीन लिए जाएंगे. 400 सांसदों को संसद में पहुंचाने का उद्देश्य यह बताया गया कि वर्तमान संविधान को बदलने के लिए इस संख्या की जरूरत पड़ेगी. लेकिन यह क्या, भाजपा संसद में बहुमत का भी आंकड़ा पार नहीं कर सकी और बैसाखियों के सहारे उसे सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा. एक मुद्दा और गरमाया चुनावी चंदा बाउन्ड.

प्रश्न यह उठता है कि यदि अच्छी सरकार चल रही थी, अगर देश इस गति से प्रगति कर रहा था, अगर हमारी अर्थव्यवस्था इतनी तेजी से मजबूत हो रही थी, विश्व में हमारा मान-सम्मान इतनी तेजी से बढ़ रहा था और हम 'विश्वगुरु' तक बनने की दहलीज पर थे, तो फिर अब सरकार बनाने के लिए बैसाखियों का सहारा लेना पड़ा और एक कमजोर सरकार बनाने की स्थिति क्यों आई? जो जिस प्रकार इस स्थिति को देख रहे हैं, उनका तर्क तो उसी तरह का होगा, लेकिन यदि 2014 से आज की स्थिति की तुलना करें, तो यह निर्विवाद रूप से कहा जाएगा कि वादे तो बड़े लुभावने किए गए, मुद्दे बहुत ठीक और ज्वलंत उठाए गए, लेकिन शतप्रतिशत तो नहीं, कितने प्रतिशत पूरे किए जा सके? अब विपक्ष मजबूत है और सत्तारूढ़ के हर झूठ को न केवल बेनकाब करने, बल्कि जवाब देने की स्थिति में भी है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## नवरात्र में स्वयं की अंतर्यात्रा

आत्मचेतना जब शरीर में पूरी तरह प्रवाहित होने लग जाती है. मनुष्य जब अपने अस्तित्वबोध में पूरी तरह बहने लग जाता है, तो जगत और जीवन से एक अंतःशक्ति प्रकट होती है. अस्तित्व में बहती शक्ति हमारे संकल्प, साधना और सिद्धि के लिए नव दिन और रात तक अंतस की खोज में निकलती है, बुद्धि को सहारा देती है और जीवन को जागृत करती है. जागरण के इस अवधि का नाम नवरात्रि है. नवरात्रि के माध्यम से व्यक्ति अंतर्यात्रा पर निकल जाता है. जहां पर वह अपने को अंतर के अनंत आकाश से खुद को जोड़ता है, और अपनी विशालता की अनुभूति करता है. पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा काल में हरेक साल चार ऋतु संधियां में यह अवसर हमारे पास आता है. पृथ्वी पर चैत, आश्विन के अलावा आसाढ़ और पौष में सूर्य की गति के कारण संक्रमण की स्थिति होती है. ऋतु के इस संधि काल में कॉस्मिक एनर्जी यानी ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रवाह जगत और जीव पर असरकारी होता है. अतएव इस काल में शरीर को शुद्ध रखने के तथा अपनी आंतरिक शक्ति के संचयन और जागरण की प्रक्रिया का नाम नवरात्र है. सामान्यतः हम अपने शरीर को रोजाना के स्तर पर साफ रखते हैं, लेकिन चैत और आश्विन के ऋतु संक्रमण काल में अपने तन और मन को विशेष रूप से निर्मल बनाने लिए सात्विक और शुभता का पालन किया जाता है. इससे विचारों में रचनात्मकता, कर्म में उत्साह और जीवन में सचरित्र का विकास होता है. मनुष्य प्रकृति का हिस्सा है. उसका अंग है. प्रकृति के निकट ही जीवन का जो सर्वश्रेष्ठ है, वह हमारे अंदर आता है. प्रकृति को जानना है, देखना है तो पेड़-पौधों के पास जाते हैं, चांद को देखते हैं, मिट्टी को महसूस करते हैं, अस्तित्व की ऊर्जा के साथा एकाकार होते हैं और प्राणशक्ति से खुद को जोड़ते हैं. यह प्राणशक्ति यानी बीज हमारे शरीर में ओजस के रूप में रहता है. यह बीज रूपी ओज नौ दिनों की तपस्या के अभ्यास से तप में बदल जाता है. तप ही मन की वह अग्नि है, जिसे व्यक्ति खुद ही सिद्धि को प्राप्त करते हैं. अहंकार सदैव निरंतर बाहरी जगत से अपने लिए पुष्टि चाहता है, लेकिन नवरात्र की साधना में आत्मा अपने सच्चे अस्तित्व की तलाश करते हैं. शिव और शक्ति के जीवन की कथा है. एक दिन शक्ति ने शिव से पूछा कि रावण और कुबेर दोनों ही आपके भक्त हैं परंतु दोनों में से आप किसे वरीयता प्रदान करेंगे ? शिव कहते है कि दोनों में से कोई भी एक-दूसरे से अलग नहीं है.

# बांग्लादेश: नई कहानी, लेकिन चिंताएं पुरानी

• देशांतर

अरूप ज्योति दास

भारत के उत्तर-पूर्व की सीमा से सटा पड़ोसी देश बांग्लादेश, देश में हाल ही में हुए राजनीतिक घटनाक्रम ने उत्तर-पूर्व भारत, खासकर असम में भी चिंताएं बढ़ा दी हैं. पूर्वोत्तर भारत, बांग्लादेश के साथ अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमा का लगभग दो हजार किलोमीटर हिस्सा साझा करता है, जिसका एक बड़ा हिस्सा छिद्रपूर्ण है.

आधुनिक बांग्लादेश (पहले पूर्वी पाकिस्तान) न केवल ऐतिहासिक बंगाल के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को मिलाकर बना था - दो राष्ट्र सिद्धांत के आधार पर - बल्कि यह कोच, गारो, चकमा आदि जैसे स्वदेशी समुदायों की कई ऐतिहासिक जातीय बस्तियों या मातृभूमि को विभाजित या शामिल करके भी बना था.

बांग्लादेश में कई जातीय समूहों को 'ट्रांस-नेशनल' समुदाय कहा जाता है, जो बांग्लादेश और भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्से दोनों में स्वदेशी समुदायों के रूप में रहते हैं. ये समुदाय हिंदुओं के साथ बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय बनाते हैं. दुर्भाग्य से, इन समुदायों ने बांग्लादेश की स्थापना के बाद से ही खुद को सुरक्षित महसूस नहीं किया है.

हाल के राजनीतिक घटनाक्रम ने भी बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदायों को परेशान करने के नए रास्ते खोल दिए हैं. बांग्लादेश में जब भी कोई राजनीतिक घटना घटती है, तो कट्टरपंथी समूहों द्वारा सबसे अधिक निशाना अल्पसंख्यक ही बनाए जाते हैं, जो देश के बहुसंख्यक हैं, साथ ही बांग्लादेश की सामाजिक-राजनीति और जनसांख्यिकी पर भी इनका ही दबदबा है. कई वर्षों के अंतराल के बाद, छात्र आंदोलन के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पतन के बाद फैली अराजकता का लाभ उठाते हुए कट्टरपंथी समूहों ने अल्पसंख्यकों पर भारी हमला किया है. दुर्भाग्य से, छात्र आंदोलन की जीत के जश्न को चिह्नित करने के लिए अल्पसंख्यकों को हिंसक यातनाएं दी गईं- जिसमें हत्या, घरों को जलाना, भूमि पर कब्जा करना और यहाँ तक कि महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार भी शामिल हैं.

भारतीय उपमहाद्वीप के सामाजिक-राजनीतिक इतिहास में अल्पसंख्यकों को दबाने की बहुसंख्यक समूहों में लगातार प्रवृत्ति रही है, खासकर लोकतंत्र के नाम पर और संवैधानिक और प्रशासनिक खामियों का फायदा उठाते हुए. पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में भी अल्पसंख्यक जनजातियां कहलाने वाली जनजातियों को राज्य की बहुसंख्यक जनजातियों जैसे खासी, जैंतिया और गारो की तरह समान अधिकार प्राप्त नहीं हैं. इस मामले में बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) कोई अपवाद नहीं है. इसलिए, हम मुसलमानों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचारों के बारे में बात करते हुए भी अपनी उदार पहचान और विचारधारा को बनाए रख सकते हैं.

> नए बांग्लादेश के साथ एक नई कहानी उभरी है. इस नई कहानी में, प्रगतिशील दिखने वाले बांग्लादेश की छवि पेश करने के लिए कई आवाजों को चुप कराना होगा. इसलिए, नए बांग्लादेश की नई पीढ़ी इस बार छात्र आंदोलन की प्रेरक कहानियों को दर्शाने वाले भित्तिचित्रों के साथ स्वतंत्रता का जश्न मना रही है.

नए बांग्लादेश के साथ एक नई कहानी उभरी है. इस नई कहानी में, प्रगतिशील दिखने वाले बांग्लादेश की छवि पेश करने के लिए कई आवाजों को चुप कराना होगा. इसलिए, नए बांग्लादेश की नई पीढ़ी इस बार छात्र आंदोलन की प्रेरक कहानियों को दर्शाने वाले भित्तिचित्रों के साथ स्वतंत्रता का जश्न मना रही है. बांग्लादेश के प्रमुख शहरों को रंगीन भित्तिचित्रों से चमकाया गया है. इसी भावना में, चकमा कलाकारों ने मानवाधिकार कार्यकर्ता कल्पना चकमा की तस्वीरें भी बनाई हैं, जो 1996 में गायब हो गई थीं. लेकिन दीवारों पर लगी इन तस्वीरों को मुख्यधारा के कलाकारों ने बार-बार हटा दिया है और इसे पुराने बांग्लादेश के रूप में दर्शाया है. नया बांग्लादेश कल्पना चकमा के बारे में बात नहीं करना चाहता. दूसरे शब्दों में, अल्पसंख्यकों के साथ जो कुछ भी हुआ है और हो रहा है, उसे कला के रूप में नहीं दर्शाया जाना चाहिए.

यहां तक कि बांग्लादेशी सेना आदिवासी कलाकारों को उनके अधिकारों के बारे में भित्तिचित्र बनाने से रोकने के लिए शारीरिक बल का उपयोग कर रही है. क्योंकि जब आप कल्पना चकमा के बारे में पूछेंगे, तो बांग्लादेश में पहाड़ियां उठ जाएंगी (जेगे उठाबे पहाड़), जैसा कि बांग्लादेशी संगीतकार शायन (फरजाना वाहिद) ने कहा है.

एक साक्षात्कार के दौरान, मुहम्मद यूनुस ने चेतावनी दी, ''अगर बांग्लादेश अस्थिर हो गया, तो म्यांमार के साथ-साथ भारत का उत्तर-पूर्व और पश्चिम बंगाल राज्य भी प्रभावित होगा.'' **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# भारतीय सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा हैं नदियां

• नदी

अनिल प्रकाश

नदियां सिर्फ नदियां नहीं हैं, ये हमारी सांस्कृ तिक जीवन भी हैं. नदियों का निर्मल जल दोनों किनारों और दियारे की हरी-भरी उर्वर भूमि, फैली रेत, असंख्यह जीव-जन्तुल,, तरह-तरह के पेड़ पौधे और वनस्पयतियां और करोड़ों- करोड़ लोग, हंसते, गाते और कभी दुख में आंसू बहाते, सब मिलकर बनता है नदियों का संसार. मनुष्यर ने इन नदियों से बहुत कुछ पायाहै. ये हमारी पालनहार हैं. ठीक वैसे ही जैसे माताएं अपने बच्चोंर की गंदगी साफ करती हैं और उन्हेंह अपने स्तहनों का दूध पिलाती हैं. मनुष्य ने इन्हेंए बांधने की कोशिश की. इन्हें गटर समझकर जहरीले कचरे गिराये जाने लगे, प्रगति के नाम पर बड़े-बड़े बांध और बराज बनाने लगे, उनके दोनों किनारों को तटबंधों से जकड़ने की कोशिश की गई. लेकिन नदियां इस बंदिशों और जकड़नों को तोड़ देना चाहती हैं. मानों मनुष्यक को यह संदेश देना चाहती हैं कि वे भी गुलामी के बंधनों को तोड़कर स्वंतंत्र और स्वाधभाविक जीवन की ओर अग्रसर हों. नदियोंकी अपनी-अपनी प्रकृति होती है, उसी प्रकृति के अनुकूल वे स्ववयं अनुशासित भी होती हैं. लेकिन जब उनमें कचरे का अंबार डाला जाने लगता है या उन्हें बंदिशों में जकड़ने की कोशिश होती है, तो नदियां भी अपना संयम और अनुशासन छोड़कर विनाशकारी रूप लेने लगती हैं.

प्रकृति के रहस्यों, उसके नियमों और अवस्थाशओं, उसमें होने वाले परिवर्तनों के बारे में जैसे जैसे जानकारियां मिलती गईं, वैसे वैसे मनुष्यम ने आपदाओं से सुरक्षा के रास्तें खोजे. इस संदर्भ में सबसे महत्वरपूर्ण है – प्रकृति के साथ सामंजस्ये करके चलना. देखा गया है कि मनुष्य ने जब-जब प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की, प्रकृति ने पलटकर वार किया है, और विनाश लीला मचाई है. विश्वि इतिहास में ऐसे ढेरों उदाहरण मौजूद हैं. हड़प्पार और मोहन जोदड़ो की उन्न त सभ्यमता का नाश भी वनोंकी अत्यइधिक कटाई और प्रकृति के साथ अत्यलधिक छेड़-छाड़ का परिणाम था, ऐसा अनेक लोगों का मत है. जिन्हेंर हम प्राकृतिक आपदाएं कहते हैं उनमें से ज्यािदातर मानवकृत आपदाएं होती हैं. विज्ञान और टेक्नोलॉजी का विकास जिस कदर हो रहा है उसका उपयोग करके यह संभव हो सकता है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्यृ करके चलें. लेकिन ऐसा न करके प्रकृति के अनियंत्रित दोहन की कोशिश की जा रही है. इससे ऐसी ऐसी समस्या एं पैदा हो रही हैं जो मानव जाति एवं पूरे जीव जगत के लिए कष्ट और तबाही का कारण बनती जा रही हैं. तमाम चीजोंको समग्रता में देखने के बजाय एकांगी दृष्टिहकोण अपनाने और समस्यासओं का समाधान टुकड़े-टुकड़े में खोजने की कोशिश ने भारी प्राकृतिक असंतुलन पैदा करना शुरू कर दिया है. इसका दुष्प्र भाव नदियों और इनके उद्गम स्थभलों पर साफ-साफ दिखाई पड़ने लगा है.

> आज हिमालय के गोमुख से लेकर गंगा सागर तक ही नहीं, बल्कि बांग्लाकदेश तक का गंगा बेसिन का पूरा इलाका संकट ग्रस्ते है. बांग्लीदेश में गंगा को पद्मा बोलते हैं. ढाका के पास इसमें ब्रह्मपुत्र नदी की धारा मिल जाती है. यह संयुत धारा जब थोड़ी दूर नीचे आती है तो उसमें मेघना नदी की एक छोटी धारा मिल जाती है.

आज हिमालय के गोमुख से लेकर गंगा सागर तक ही नहीं, बल्कि बांग्लाकदेश तक का गंगा बेसिन का पूरा इलाका संकट ग्रस्ते है. बांग्लीदेश में गंगा को पद्मा बोलते हैं. ढाका के पास इसमें ब्रह्मपुत्र नदी की धारा मिल जाती है. यह संयुत धारा जब थोड़ी दूर नीचे आती है तो उसमें मेघना नदी की एक छोटी धारा मिल जाती है. आगे बढ़ती हुई यह धारा समुद्र में मिल जाती है. ब्रह्मपुत्र भी एक विशाल नदी है, जो मानसरोवर (वर्तमान में चीनी क्षेत्र) से निकलती है और असम में अति वेग से गुजरती हुई लगभग 16,000 किलोमीटर की यात्रा करके बांग्लादेश में गंगा (पद्मा) से मिलती है. दरअसल फरक्काा के पास गंगा की एक धारा दुगली की ओर चली गई है. दूसरी मुख्यत धारा पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सोसे गुजरती हुई बांग्ला देशमें प्रवेश करती है. गोमुख के उद्गम स्थल से लेकर गंगा सागर तक की लंबाई लगभग 2500 किलोमीटर है. इसकी धारा जगह-जगह परिवर्तित भी होती रहती है. लेकिन गंगा बेसिन का क्षेत्र इतना ही नहीं है. उत्तइराखंड से निकलकर उत्त्र प्रदेश,बिहार, झारखंड होती हुई गंगा की मुख्यष धारा पश्िचम बंगा में प्रवेश करती है. परन्तुभ अनेक राज्यों की नदियां तथा नेपाल की अनेकानेक नदियां और सैंकड़ों धाराएं गंगा और उसकी सहायक नदियों को सिक्त करती हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# चिकित्सा का नोबेल एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को

**इस** साल का शरीर विज्ञान (फिजियोलॉजी) या चिकित्सा (मेडिसिन) का नोबेल पुरस्कार विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को दिया गया है. यह पुरस्कार माइक्रोआरएनए की खोज, यूकेरियोट्स में जीन अभिव्यक्ति के छोटे आरएनए नियामकों और प्रतिलेखन (ट्रांसक्रिप्शन) के बाद जीन विनियमन - एक जीन के डीएनए अनुक्रम का आरएनए प्रतिलिपि (मैसेंजर आरएनए या एमआरएनए) बनाने - और प्रोटीन उत्पादन के लिए सेलुलर मशीनरी के सक्रिय होने से पहले की प्रक्रिया में इसकी भूमिका का पता लगाने के लिए दिया गया है. माइक्रोआरएनए की खोज और जीन विनियमन में उनकी भूमिका से पहले, यह माना जाता था कि जीन विनियमन 'ट्रांसक्रिप्शन फैक्टर्स' नाम के विशेष प्रोटीन तक ही सीमित होता है. ये विशेष प्रोटीन डीएनए में विशिष्ट क्षेत्रों से जुड़ते हैं और यह निर्धारित करते हैं कि कौन से एमआरएनए पैदा किए जाएं. सन् 1993 में, सी. एलिगेंस नाम के एक मिलीमीटर लंबे उत्परिवर्ती (म्यूटेंट) राउंडवॉर्म का इस्तेमाल करके, इस साल के नोबेल पुरस्कार के विजेताओं ने इस बात का सबूत पेश किया था कि जीन विनियमन 'ट्रांसक्रिप्शन फैक्टर्स' तक ही सीमित नहीं है. इसके बजाय, माइक्रोआरएनए द्वारा विनियमन जीन अभिव्यक्ति, प्रतिलेखन (ट्रांसक्रिप्शन) के बाद वाली प्रक्रिया में बाद के एक चरण में होता है. हालांकि, सभी जीवों में मौजूद जीन में एन्कोडेड एक अन्य माइक्रोआरएनए की खोज से संकेत मिलता है कि जीन विनियमन में माइक्रोआरएनए की भूमिका राउंडवॉर्म से परे तक फैली हुई है.सन् 2001 में, माइक्रोआरएनए के अकशेरुकी और कशेरुकी जीवों में प्रचुर मात्रा में पाए जाने की जानकारी हुई, जिनमें से कुछ प्रजातियों में माइक्रोआरएनए अत्यधिक संरक्षित थे. इससे यह पता चलता है कि "माइक्रोआरएनए की मध्यस्थता में ट्रांसक्रिप्शन के बाद होने वाला विनियमन एक सामान्य नियामक कार्य है".



वर्तमान जानकारी के मुताबिक, मानव जीनोम 1,000 से ज्यादा माइक्रोआरएनए को कोड करता है. कैंसर, मधुमेह और स्व-प्रतिरक्षित (ऑटोइम्यून) बीमारियां अव्यवस्थित माइक्रोआरएनए अभिव्यक्ति से जुड़ी हैं. कैंसर के मामले में, अनियमित विनियमन की प्रक्रिया के दौरान माइक्रोआरएनए जीन का प्रवर्धन या विलोपन, माइक्रोआरएनए का असामान्य ट्रांसक्रिप्शन संबंधी नियंत्रण और माइक्रोआरएनए के जीवजनन (बायोजेनेसिस) संबंधी मशीनरी में दोष शामिल हो सकते हैं. **(द हिंदू)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# मुक्त/मुक्ता/मुक्ति

**मुक्त**, मुक्ता और मुक्ति. ये तीनों शब्द संस्कृत तत्सम हैं और तीनों जबरदस्त प्रचलित हैं. इनका प्रयोग हम अपने दैनंदिन जीवन में बार-बार करते हैं या कहें कि करना पड़ता है. जहां तक संबंध की बात है तो मुक्त शब्द छाया रूप में तीनों में विराजमान है. इसलिए पहले मुक्त को समझना आवश्यक है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार मुक्त शब्द का अर्थ है आजाद, स्वतंत्र, स्वाधीन, निर्बाध, बंधनहीन, उन्मुक्त, स्वामीहीन, स्वेच्छाधारी, पुराण के दृष्टिकोण से मोक्ष प्राप्त, क्षिप्त यानी फेंका हुआ. काव्यशास्त्र के अनुसार जिस काव्य या कविता में प्रबंधकीयता नहीं होती यानी एक छंद में कही गयी बात का दूसरे से तारतम्य नहीं हो, उसे मुक्तक कहा जाता है. वहीं जिसकी आवाज स्पष्ट हो, बेधड़क बोलनेवाला हो, जोर से बोलनेवाला हो उसे मुक्तकंठ कहते हैं. जो उदारतापूर्वक और अधिक मात्रा में दान देता हो उसे मुक्तहस्त या खुले हाथवाला कहा जाता है. वहीं मुक्ता का मतलब है सीपी से निकलनेवाला एक श्वेत रंग का बहुमूल्य रत्न. इसे मोती के रूप में हम अच्छी तरह जानते हैं. मोती को नीरज और मुक्तामणि भी कहते हैं. इस हिसाब से कह सकते हैं कि मुक्त और मुक्ता के बीच कोई अर्थगत संबंध भले ही न हो, लेकिन व्युत्पत्ति पर गौर करें तो मोती मुक्ता इसलिए है कि वह सीपी में जन्म लेता है और जब सीपी से मुक्त होता है, तभी मुक्ता या मोती कहलाता है. हां मुक्त का मुक्ति से सीधा संबंध अवश्य है. मुक्त विशेषण है और मुक्ति संज्ञा स्त्रीलिंग. इसलिए कि मुक्ति का मतलब ही होता है मुक्त होना. जैसे सीपी से मुक्त होने के बाद मोती मुक्ता बन जाता है, उसी प्रकार बंधन आदि से छूटने की अवस्था या भाव को मुक्ति कहते हैं. पुराणों के अनुसार जन्म-मरण रूपी बंधन से छुटकारा मिलने मुक्ति या मोक्ष कहा जाता है. मुक्ति का मतलब ब्रह्म स्वरूप की प्राप्ति, किसी दायित्व से छूटने की क्रिया या भाव, किसी अभियोग, नियम, ऋण आदि से छूटने की स्थिति.

# मेरी पड़ोसन के सलोने कुत्ते

• तीर-तुक्का

जवाहर धीर



कुछ दिन पूर्व समाचार-पत्रों में विमान की सीढ़ियों से उतरते एक, दो, तीन, चार, पांच प्यारे-प्यारे, छोटे-छोटे कुत्तों को देखा तो मन में जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि ये कुत्ते आख़िर घुस कैसे गये विमान में? विमानों के भी कुछ कायदे-कानून हैं. मैंने फटाफट उस समाचार को पढ़ डाला. आप भी पढ़िए...ये कोई साधारण कुत्ते नहीं, इंगलैंड की महारानी के कुत्ते हैं, जिन्हें वे यात्रा के दौरान कहीं भी जाते समय साथ ले जाना नहीं भूलतीं. हमने एक लम्बी सांस ली और मुंह से यकायक निकल गया...हमसे महारानी के कुत्ते भले. सचमुच कितनी विडम्बना है कि हमने तो आज तक विमान तल तक नहीं देखा, हवाई जहाजों की सैर तो दूर मगर महारानी हैं कि कुत्तों को साथ लिए एक से दूसरे देश घूम रही हैं. उनके आराम व देखभाल के लिए कुछ लोगों का दल भी साथ-साथ रहता है. इसीलिए सोचता हूं हमसे तो महारानी के कुत्ते भी भले और कुत्तों की देखभाल करने वाले नौकर भी. एक दिन हमारे इलाके की एक औरत मैडम निशा अपने कुत्ते को प्रातः काल में नित्य कर्म निवृत्ति के लिए, साथ लेकर टहल रही थी तो तुरन्त मेरे बेटे विशाल ने, जो मेरे साथ ही सैर के मैदान में था, कह डाला..'पापा इसी कुत्ते ने कल हमारे घर के गेट पर पेशाब किया था...' मैंने तुरन्त बेटे को समझाया...'चुप...धीरे बोल..आंटी ने सुन लिया तो नाराज़ हो जाएंगी...' 'क्यों पापा...?' बेटे ने प्रश्न दागा. मैंने कहा...'इसलिए कि तुमने उनके कुत्ते को कुत्ता कहा है...मैडम निशा कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी कि उनके कुत्ते को कोई कुत्ता कह दे...हां...उन्हें जो मर्जी कह दो...बेटे...जिस कुत्ते को पाल रही हैं...वह साधारण घर का कुत्ता नहीं है...इसलिए उसका हक है कि वह जहां चाहे पेशाब करे या...' हम टहलने लगते हैं तो हमारे कान में मैडम निशा की आवाज़ पड़ती है जो आधे घंटे से सड़क के किनारे-किनारे अपने प्रिय कुत्ते के साथ टहल रही हैं . जल्दी करो स्पोर्टी...नाऊ डू इट प्जीज़... . मैडम निशा की बात पर कुत्ता तो ध्यान नहीं दे रहा मगर मेरा बेटा हंस पड़ता है . मुझे उसे फिर डांटना पड़ता है...'हंसो मत बेटे यह तो मजबूरी है उसकी...' मगर आधे घंटे से आंटी मिन्नतें कर रही है और कुत्ता है कि कुछ करता ही नहीं...कहते-कहते वह मुझे कहता है...'पापा...! हम भी एक कुत्ता रख लें...' 'नहीं बेटे...हमसे यह सब कुछ नहीं होगा...' मेरे समझाने पर वह कारण पूछने लगता है . आखिर बच्चा है न . मैं उसे फिर कहता हूं...'बेटे...न तो हमसे कुत्तों की शोशेबाजी होगी...और...न ही ड्रामेबाजी...कुत्तों को इंसानों से बढ़िया ट्रीटमैंट देना हमारे बस की बात नहीं है...' विशाल चुप हो जाता है .



# नवरात्र विशेष

शुभम संदेश
www.lagatar.in
रांची, बुधवार 09 अक्टूबर, 2024





मां दुर्गा के रूप में रांची के विद्यानगर स्थित टाइनी टॉट्स इंग्लिश हाई स्कूल की तान्या कुमारी, काजल कुमारी, नंदिनी कुमारी, आराध्या कुमारी, काव्या नंदी, निहारिका कुमारी, वेदिका पांडे, अंशी कुमारी, जान्वी कुमारी, परिणीती कुमारी, नैंसी कुमारी, प्रकृति गुप्ता, अंशिका सिंह, वैष्णवी कुमारी, अंशिका कुमारी -2, सृष्टि कुमारी एवं अंजलि कुमारी.

**सनातन धर्म में सदियों पुरानी है कन्या पूजन की परंपरा. विशेषकर नवरात्रि में नौ कुमारी कन्याएं वस्तुतः नौ देवियों का ही प्रतिरूप मानी जाती हैं. श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में इस बात का उल्लेख है कि कन्या पूजन और उन्हें भोजन कराए बिना नवरात्रि अनुष्ठान अधूरा रहता है. देवी मां को जितनी प्रसन्नता कन्या भोज से मिलती है, उतनी प्रसन्नता हवन और दान से भी नहीं मिलती. मां भगवती की कृपा पाने के लिए भक्त नवरात्रि में (अष्टमी व नवमी तिथि को विशेषकर) कन्या पूजन करते हैं.**

## ऊं कुमारीं कमलारुढां त्रिनेत्रा चंद्रशेखराम

पूजा उपासना के विविध धार्मिक कर्मकांड विविध कर्मकांड हमारी सनातन वैदिक संस्कृति के पर्व-त्योहारों का सौन्दर्य है. इन कर्मकांडों से जहां एक ओर समाज में सामाजिक समरसता की बयार बहती है, वहीं आत्मिक उत्कर्ष के सोपान भी यहीं से शुरू होते हैं. शारदीय नवरात्रि की बात करें तो ऋतु परिवर्तन की संधिबेला है. गायत्री महाविद्या के महामनीषी पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य अपने ग्रन्थ 'उपासना के दो चरण : जप और ध्यान ' में इस संधिबेला के पावन पर्व पर लिखते हैं कि नवरात्र काल में वायुमंडल में दैवीय शक्तियों के स्पंदन अत्यधिक सक्रिय होते हैं तथा सूक्ष्म जगत के दिव्य प्रवाह भी इन दिनों वायुमंडल में तेजी से उभरते और मानवी चेतना को गहराई से प्रभावित करते हैं. इसी कारण हमारे वैदिक ऋषियों ने इन संधिकालों की नवरात्रीय साधना में मां शक्ति की आराधना का विधान बनाया था. वे आगे लिखते हैं कि मां आदिशक्ति का स्वरूप वस्तुतः शक्ति का विश्वरूप है और नवरात्र का अनुष्ठान शक्ति के साथ मर्यादा का अनुशासन और मां के सम्मान का संविधान. हमारे मनीषियों ने प्रतिपदा से लेकर नवमी तक आयोजित किये जाने वाले देवी आराधना के इस नौ दिवसीय साधनात्मक अनुष्ठान को कन्या पूजन से जोड़ कर इसे अधिक देवत्वपूर्ण बना दिया है. नौ कुमारी कन्याएं वस्तुतः नौ देवियों का प्रतिरूप हैं. सदियों से इनके पूजन की परंपरा चली आ रही है. श्रीमददेवी भागवत महापुराण में इसकी महिमा की चर्चा है. कन्या भोज को नवरात्रि का अनिवार्य अनुष्ठान माना गया है. मान्यता है कि मां दुर्गे के सामने कितनी भी तपस्या करें, मंत्र जाप करें, पूजा अनुष्ठान करें, तब तक वे पूरी तरह प्रसन्न नहीं होतीं जब तक उनके प्रतिरूप यानी कन्याओं को आमंत्रित कर, उनका आदर-सत्कार कर उन्हें सुस्वादुभोजन नहीं कराया जाता है. हवन और दान से भी मां को उतनी प्रसन्नता नहीं मिलती, जितनी कन्या पूजन से मिलती है. इसलिए कन्या पूजन के बना नवरात्र का अनुष्ठान पूरा नहीं होता. कन्या पूजन करके ही मां दुर्गा की कृपा सहज ही पायी जा सकती है. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार यूं तो कन्या पूजन नवरात्र काल के दौरान कभी भी कर सकते हैं लेकिन अष्टमी और नवमी की तिथि कन्या पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी गयी है.



निहारिका कुमारी

### यह है कथा

कन्या पूजन कब और कैसे शुरू हुआ, इस पर कई धार्मिक कथाएं प्रचलित हैं. इनमें सबसे लोकप्रिय है श्रीधर की कथा. आइए इस कथा के बारे में जाने. कहा जाता है कि किसी गांव में श्रीधर नाम का एक निर्धन व संतानहीन पंडित रहता था. वह मां दुर्गा का परम भक्त था. नवरात्रि के दौरान एक बार श्रीधर के मन में ख्याल आया कि क्यों नहीं पूजा पूरी होने के बाद देवी स्वरूप कुमारी कन्याओं की पूजा करें और पूरे गांव के लिए भंडारा करें. ख्याल तो सुंदर था पर इसे पूरा करना गरीब पंडित के लिए बहुत कठिन था. तिथि नजदीक आ रही थी, पर बेचारे पंडित श्रीधर के पास कोई कुमारी पूजन व भंडारे के लिए कोई इंतजाम नहीं हो पा रहा था. एक दिन दुख और व्यथा के संग श्रीधर और उसकी पत्नी ने मां दुर्गे की प्रतिमा के आगे सिर झुकाते हुए अपनी व्यथा खोल दी- हे मां! जब कन्या पूजन और भंडारे की इच्छा तुमने मेरे मन में डाली तो उसे पूरा करने की राह भी तुम्ही सुझाओ, मैं असमर्थ हो रहा हूं. करुण स्वर में जब पति पत्नी मां के सामने यह रोते हुए कह रहे थे, तभी अचानक उनके सामने एक छोटी सी सुन्दर कन्या मुस्कुराते हुए आकर खड़ी हो गई. कन्या ने चमत्कार दिखाया और श्रीधर की कन्या पूजन व गांव भर के सुस्वादु भंडारे की इच्छा आश्चर्यजनक रूप से सफल हो गयी. उस कन्या रूपी मां ने अपनी आठ अन्य सखियों के साथ श्रीधर का पूजन व प्रसाद भी ग्रहण किया. मां की कृपा को यहीं पूर्ण विराम नहीं लगा. उस सफल आयोजन के साल भर के भीतर श्रीधर के घर एक सुंदर कन्या का जन्म भी हुआ. उन्हीं दिनों श्रीधर को मां वैष्णोदेवी के सिद्धपीठ के प्रथम पुरोहित होने का गौरव भी मिला. ऐसी मान्यता है कि तभी से नवरात्र व्रत के पारण के दिन कन्या पूजन की परम्परा चली आ रही है.



वेदिका पांडे

### कुमारी, त्रिमूर्ति, कल्याणी, रोहिणी...

दुर्गा सप्तशती में कहा गया है कि दुर्गा पूजन से पहले भी कन्या का पूजन करें, तत्पश्चात ही माँ दुर्गा का पूजन आरम्भ करें. देवी पुराण में मां दुर्गा के देवी मां के विविध कन्या स्वरूप की चर्चा है. इसके मुताबिक नवरात्र साधना की पूर्णाहुति पर दो से दस वर्ष तक की नौ कन्याओं का पूजन करना शुभ फल प्रदान करता है. दो वर्ष की कन्या 'कुमारी' कहलाती है. मान्यता है कि इसके पूजन दु:ख और दरिद्रता खत्म होती है और खुशहाली का प्रवेश होता है. तीन वर्ष की कन्या 'त्रिमूर्ति' कहलाती हैं. इसके पूजन से घर में धन-धान्य और परिवार में सुख-समृद्धि आती है. चार वर्ष की कन्या 'कल्याणी' कहलाती है जिसके पूजन से परिवार का कल्याण होता है. रोहिणी पांच वर्ष की कन्या होती है जिसे पूजने से रोगमुक्ति का वरदान मिलता है. छह वर्ष की कन्या 'कालिका' रूप होती हैं जो विद्या, विजय और राजयोग का वरदान देती हैं. सात वर्ष की कन्या 'चंडिका' स्वरूपा होती हैं. इनकी पूजा से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है. आठ वर्ष की कन्या 'शाम्भवी' कहलाती है जिसका पूजन करने से वाद-विवाद में विजय प्राप्त होता है. नौ वर्ष की कन्या 'दुर्गा' कहलाती है. इनका पूजन हमारे शत्रुओं का नाश करता है. दस वर्ष की कन्या 'सुभद्रा' हैं. इन्हें प्रसन्न करने पर हमारे मनोरथ सुफल होते हैं.

## कन्याओं को लगाएं सात्विक भोजन का भोग



आचार्य अजय मिश्रा

कन्याओं का पूजन करते समय सर्वप्रथम शुद्ध जल से उनके पांव पखारें. फिर उनके पांव साफ सूखे कपड़े से पोछ कर आलता लगाएं. उन्हें साफ आसन पर बैठाएं. बालों का श्रृंगार (कंघा चलाना, सुगंधित तेल स्पर्श व क्लिप-रिबन लगाना) करें. अब खीर, पूरी, चने, हलवा आदि सात्विक भोजन का माता को भोग लगाएं. कन्याओं को सुमधुर भोजन कराने के बाद उन्हें टीका लगाएं. मुखशुद्धि के रूप में पान आदि अर्पित करें. उन्हें यथासामर्थ्य श्रृंगार सामग्री, वस्त्र, फल आदि उपहार दें. अब उन्हें खोइंछा दें. इसके लिए किसी वस्त्र या रुमाल में अरवा चावल, खोआ की बनी कोई मिठाई, फल, दूभि, गोटा हल्दी, सुपारी व द्रव्य यानी कुछ पैसे दे कर इसे बंद कर दें. उनके चरण स्पर्श कर विदा करें.

### इनका लगाएं भोग

अष्टमी के दिन माता को नौ फलों का भोग लगाएं. इन नौ फलों में केला, नींबू, श्रीफल यानी नारियल, ईख, अनार, चेरी फल, पपीता, सेव और शरीफा शामिल हों. इसके अलावा माता को स्वनिर्मित पकवान जैसे शक्करपारा, मालपुआ, हलवा, पूरी व खीर आदि का भोग लगाएं.

### अष्टमी को माता को अर्पित करें सोलह श्रृंगार

अष्टमी को मां दुर्गा को भक्त सोलह श्रृंगार की सामग्री अर्पित करते हैं. इनमें, सिंदूर, हल्दी, कुंकुम, सुगंधित तेल, शंख चूड़ी, आलता, दर्पण, कंघी, कान का कुंडल, पायल, बिंदी, गजरे का हार, काजल, बेल-पत्र की माला व मांग टीका शामिल होता है. माता को दो सेट श्रृंगार सामग्री अर्पित करें. एक मंदिर या पुजारी के लिए तो दूसरा खुद प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने के लिए.

### यह हैं मंत्र

ऊं कुमारीं कमलारुढां त्रिनेत्रा चंद्रशेखराम
तप्तकांचनवर्णाभां नानालंकारभूषिताम
रक्तिांबरपरिधानां रक्तमाल्यानुलेपनाम
वामेनाभयदां ध्यायेद्दक्षिणेन वरप्रदाम्.

मंत्राक्षरमयीं लक्ष्मीं मातृणां रूपधारिणीम्।
नवदुर्गात्मिकां साक्षात् कन्यामावाहयाम्यहम्।।
जगत्पूज्ये जगद्वन्द्ये सर्वशक्तिस्वरुपिणि ।
पूजां गृहाण कौमारि जगन्मातर्नमोस्तु ते।।

!! कुमार्य्यै नमः, त्रिमूर्त्यै नमः, कल्याण्यै नमंः, रोहिण्यै नमः, कालिकायै नमः, चण्डिकायै नमः, शाम्भव्यै नमः, दुगायै नमः, सुभद्रायै नमः !!

या देवी सर्वभूतेषु 'कन्या ' रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

ॐ श्री दुं दुर्गायै नमः ।।

ॐ श्री कुमार्यै नमः ।।

ॐ श्री त्रिगुणात्मिकायै नमः ।।



### इन बातों का रखें ध्यान

- कन्याएं रोग रहित हों.
- बहुत सात्विक तरीके से कन्याओं के लिए भोजन तैयार करें. इसमें प्याज लहसुन का इस्तेमाल नहीं हो.
- 9 कन्याओं के साथ कम से एक बालक जरूर होना चाहिए.
- कन्याओं के विदा होने के बाद तुरंत ही घर की साफ-सफाई नहीं करनी चाहिए. कन्या के जूठन को कचरा पात्र में नहीं रखें चिड़िया को परोसें. किसी ऐसी जगह विसर्जित करें जहां पांव या अशुद्धि की आशंका नहीं हो.

## गुड़हल फूल करें माता को अर्पित, मनोरथ होंगे पूरे

**शारदीय नवरात्रि चल रहा है. भक्त नानाविध पुष्प अर्पित कर मां को प्रसन्न करने को आतुर दिखते हैं. आइए आज जाने कि मां को अलग-अलग फूल अर्पित करने का क्या महत्व है-**




गेंदा फूल माता रानी को अर्पित करें. मन में या घर-परिवार में किसी तरह की नकारात्मकता होगी तो इससे दूर हो जाएगी, ऐसी मान्यता है.



कमल के फूल माता रानी को विशेष प्रिय हैं. काम में बाधा आती है तो इसे अर्पित नौरात्रि के दौरान मां को अर्पित करें.



गुलाब का फूल मां दुर्गा को विशेष प्रिय है. मान्यता है कि नवरात्रि में इसे अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता आती है.



हरसिंगार का फूल मां दुर्गा को चढ़ाने से तनाव से मुक्ति मिलती है और घर में खुशहाली आती है.



गुड़हल का फूल अर्पित करने से आपके मनोरथ पूरे होंगे. मान्यता है कि गुड़हल के फूल में मां दुर्गा का वास होता है.



तुलसी के पत्ते और धतूरे भी माता रानी को अर्पित कर सकते हैं. मान्यता है कि ऐसा करने से घर से नकारात्मकता दूर होती है और खुशहाली आती है.


## नेत्र तंत्र पीठ के रूप में प्रसिद्ध है यह चंडिका स्थान



कुमार कृष्णन

देश में 52 शक्तिपीठ हैं, सभी शक्तिपीठों में देवी मां के शरीर का एक हिस्सा गिरा था जिसके कारण यहां मंदिर स्थापित हुए. ऐसा ही एक शक्तिपीठ बिहार के मुंगेर जिले से करीब चार किलोमीटर दूर है. यहां देवी सती की बाईं आंख गिरी थी. मंदिर को चंडिका स्थान और श्मशान चंडी के नाम से जाना जाता है. मान्यताओं के अनुसार मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं की हर मुराद पूरी होती है. इस स्थान को लेकर लोगों का कहना है कि यहां आंखों से संबंधित हर रोग का इलाज होता है. जी हां, यहां खास काजल मिलता है जिसे आंखों में लगाने से व्यक्ति के आंख से संबंधित रोग दूर हो जाते हैं. नवरात्रि में यहां भक्तों का सैलाब आ पड़ता है.



- **पहुंचते हैं तांत्रिक**

चूंकि मंदिर के पूर्व और पश्चिम में श्मशान है और मंदिर गंगा किनारे स्थित है. इसके कारण यहां तांत्रिक विशेषतौर पर नवरात्र के दौरान तंत्र सिद्धियों के लिए आते हैं. चंडिका स्थान में नवरात्र के अष्टमी के दिन विशेष पूजा का आयोजन होता है. इस दिन सबसे अधिक संख्या में भक्तों का यहां जमावड़ा होता है.

नवरात्र में सुबह तीन बजे से पूजा चंडिका स्थान के मुख्य पुजारी नंदन बाबा बताते हैं कि नवरात्र के दौरान सुबह तीन बजे से माता की पूजा शुरू हो जाती है. संध्या में श्रृंगार पूजन होता है. अष्टमी के दिन यहां विशेष पूजा और माता का भव्य श्रृंगार होता है. मंदिर प्रांगण में काल भैरव, शिव परिवार और बहुत सारे हिंदू देवी- देवताओं के मंदिर हैं.

- **यह है कथा**

भगवान शिव जब राजा दक्ष की पुत्री सती के जलते हुए शरीर को लेकर जब भ्रमण कर रहे थे, तब सती की बाईं आंख यहां गिरी थी. इस कारण यह 52 शक्तिपीठों में एक माना जाता है. इसके अलावा इस मंदिर को महाभारत काल से जोड़ा जाता है. कर्ण मां चंडिका के परम भक्त थे. वह हर रोज़ मां के सामने खौलते हुए तेल की कड़ाही में कूदकर अपनी जान देते थे और मां प्रसन्न होकर उन्हें जीवनदान दे देती थी और उसके साथ सवा मन सोना भी देती थी. कर्ण सारा सोना मुंगेर के कर्ण चौरा पर ले जाकर बांट देते. इस बात का पता जब उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के पड़ा तब वे वहां पहुंचे और उन्होंने अपनी आंखों से पूरा दृश्य देखा. एक दिन वह कर्ण से पहले मंदिर गए ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान कर स्वयं खौलते हुए तेल की कड़ाही में कूद गए. मां ने उन्हें जीवित कर दिया. वह तीन बार कड़ाही में कूदे और तीन बार मां ने उन्हें जीवनदान दिया. जब वह चौथी बार कूदने लगे तो मां ने उन्हें रोक दिया और मनचाहा वरदान मांगने को कहा. राजा विक्रमादित्य ने मां से सोना देने वाला थैला और अमृत कलश मांग लिया. मां ने भक्त की इच्छा पूरी करने के बाद कड़ाही को उलटा दिया और स्वयं उसके अंदर अंतर्ध्यान हो गई. आज भी मंदिर में कड़ाही उलटी हुई है. उसके अंदर मां की उपासना होती है. मंदिर में पूजन से पहले विक्रमादित्य का नाम लिया जाता है, फिर मां चंडिका का.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

सात साल के अंतराल पर होगी हॉकी इंडिया लीग की वापसी, राजधानी रांची में होगा फाइनल मैच, और भी कई मैच होंगे

## एचआईएल उन खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद होगा, जो टीम से बाहर हैं : सलीमा टेटे

एजेंसी। बेंगलुरू



हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सात साल के अंतराल के बाद इस साल दिसंबर में धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है. झारखंड की रहने वाली भारतीय महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे का सपना अगले साल की शुरुआत में अपने घरेलू मैदान पर महिला लीग फाइनल खेलने का है.

इस साल की शुरुआत में हरेंद्र सिंह के भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालने के बाद कप्तान नियुक्त की गई मिडफील्डर ने हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है. पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा कर रही है कि यह हमारे लिए कितना अच्छा अवसर है. हमें विभिन्न देशों की खिलाड़ियों के साथ घुलने-मिलने, उनके साथ खेलने, उनके खिलाफ खेलने और खिलाड़ियों के रूप में बेहतर होने का मौका मिलेगा.

उन्होंने आगे कहा, इससे सीनियर टीम का हिस्सा न रहने वाले युवाओं को भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों की दिनचर्या को करीब से देखने का मौका मिलेगा. अपने करियर की शुरुआत में ही उच्च प्रदर्शन वाले पेशेवर माहौल में रहना उनके विकास के लिए चमत्कारी होगा. मुझे उम्मीद है कि एचआईएल उन खिलाड़ियों के लिए भी फायदेमंद होगा जो टीम से बाहर हैं. इससे उन्हें उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खुद को तेज रखने का मौका मिलेगा.

### हॉकी प्रीमियर लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी

लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी, जिसके मैच दो स्थानों पर खेले जाएंगे, जिनमें झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम शामिल है. महिला लीग का समापन 26 जनवरी, 2025 को रांची में होगा, जबकि पुरुषों का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में होगा. एचआईएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी. प्रत्येक फ्रैंचाइज 24 खिलाड़ियों की टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से शामिल करते हुए) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे. नीलामी में खिलाड़ियों को 2, 5 और 10 लाख के आधार मूल्य वाले तीन स्लैब में विभाजित किया जाएगा. सलीमा ने कहा, "नीलामी जल्द ही होने वाली है और कैंप में इसे लेकर काफी चर्चा है. यह पहला संस्करण है, इसलिए मुझे रांची की टीम के लिए खेलने से ज्यादा कुछ पसंद नहीं है. उम्मीद है कि बची हुई दो महिला टीमों में से एक टीम रांची की होगी.




बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच आज दिल्ली में

## बांग्लादेश का सफाया करने उतरेगा भारत

- ग्वालियर में पहला मैच जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली की कोटला की पिच को देश की धीमी पिचों में से एक माना जाता था, लेकिन पिछले साल हुए वनडे विश्व कप से पहले पिच में कई बदलाव हुए, जिससे विश्व कप और आईपीएल में यहां ढेरों रन बने थे.

ऐसे में विस्फोटक बल्लेबाजों से सुसज्जित भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भी अपना दबदबा बरकरार रखते हुए सीरीज में अजेय बढ़त लेने के इरादे से उतरेगी। तेज गेंदबाज मयंक यादव ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था और कोटला तो उनका होम ग्राउंड है. ऐसे में वह यहां पर कमाल का प्रदर्शन कर सकते हैं. इसके अलावा जिस तरह का टीम का लाइन अप है, उसमें कोई भी बल्लेबाज एंकर की भूमिका वाला नहीं है. ऐसे में बांग्लादेश की मुश्किलें यहां पर बढ़ सकती हैं. साथ ही अगर पिच पर स्पिनरों के लिए थोड़ी-बहुत मदद रही तो वरुण चक्रवर्ती की फिरकी एक बार फिर से बांग्लादेशी बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है. बांग्लादेश की बात करें तो शाकिब अल हसन के संन्यास लेने से टीम पर फर्क दिखाई दिया है. हालांकि पिछले मैच में उनका रोल मेहदी हसन मिराज़ ने अच्छे से निभाया है और उनके इस मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी उम्मीद है. मुस्तफिजुर रहमान अभी लय से दूर दिखे हैं, लेकिन कोटला के इस मैदान पर खेलने का अच्छा अनुभव है, जो टीम के काम आ सकता है.

भारत-बांग्लादेश मैच के दौरान कैसा रहेगा मौसम नयी दिल्ली में फिलहाल बारिश के कोई आसार नहीं हैं. हालांकि इस समय दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में मौसमी मच्छर (जीरे वाले मच्छर) का आतंक है. रात होते ही ये मच्छर लाइटों के आसपास मंडराने लगते हैं. इनकी संख्या इतनी अधिक होती है कि वहां रहना मुश्किल हो जाता है. अब क्योंकि कोटला में मैच फ्लड लाइट्स में होगा, तो वहां के हालात देखने वाले होंगे. क्या हो सकती है भारत और बांग्लादेश की प्लेइंग एकादश ग्वालियर में बांग्लादेश को पूरी तरह से चित्त करने के बाद भारतीय टीम उसी एकादश के साथ उतर सकती है. वहीं बांग्लादेश की टीम में भी बदलाव होने की संभावना कम ही है.




**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** : अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह

**बांग्लादेश** : लिटन दास (विकेटकीपर), परवेज़ हुसैन इमॉन, तंज़िद हसन, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), मेहदी हसन मिराज़, तौहीद हृदोय, महमूदुल्लाह, जाकिर अली, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफ़िज़ुर रहमान, शरीफुल इस्लाम

### दिल्ली पहुंच कर सूर्यकुमार ने किया जमकर डांस

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टी20 के लिए दिल्ली पहुंच चुकी है. सीरीज का पहला मुकाबला ग्वालियर में खेला गया था, जिसमें जीत हासिल कर सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम दूसरे टी20 के लिए बिल्कुल तैयार दिख रही है. टीम इंडिया के ग्वालियर से दिल्ली पहुंचने का वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया. टीम इंडिया के दिल्ली पहुंचने का वीडियो बड़ा ही दिलचस्प है. वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले टीम इंडिया ग्वालियर से निकलती है और दिल्ली के लिए उड़ान भरती है. इस दौरान बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल सहित टीम के कई खिलाड़ी नजर आते हैं. फिर भारतीय खिलाड़ी दिल्ली के एयरपोर्ट पर लैंड होते हैं. इसके बाद खिलाड़ी होटल पहुंचते हैं जहां उनका ढोल नगाड़ों के साथ



स्वागत होता है. इसी दौरान ढोल की धुन पर कप्तान सूर्यकुमार यादव नाचने लगते हैं. सूर्या के नाचने का वाकई दिलचस्प था.टीम इंडिया ने आसानी से जीता था पहला टी20

भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 में आसानी से जीत हासिल की थी. मुकाबले में बांग्लादेश पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 127 रनों पर ऑलआउट हो गई थी. फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने महज 11.5 ओवर में 132/3 रन बनाकर जीत हासिल कर ली थी. इस दौरान टीम के लिए हार्दिक पांड्या ने शानदार पारी खेलते हुए 16 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 (नाबाद) रन बनाए थे. हार्दिक के बल्ले से ही टीम के लिए विनिंग सिक्स निकला था. अब दिल्ली में भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 09 अक्टूबर, बुधवार को खेला जाएगा. भारतीय समय के अनुसार मैच की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी. फिर टी20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 12 अक्टूबर, शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा.



भारतीय टीम के लिए करो या मरो का मुकाबला

### श्रीलंका के खिलाफ आज हर हाल में जीतना होगा मैच

एजेंसी। दुबई

दुबई-शारजाह में विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 में शानदार मुकाबले खेले जा रहे हैं. इसमें 9 अक्टूबर को भारत और श्रीलंका के बीच एक महत्वपूर्ण मुकाबला खेला जाएगा. यह मैच दुबई के स्टेडियम में खेला जाएगा. वहीं हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम को श्रीलंका के खिलाफ होने वाले इस मैच में जीतना ही होगा. दरअसल श्रीलंका के खिलाफ होने वाला यह मुकाबला भारतीय टीम के लिए करो या मरो का मुकाबला होने वाला है. दरअसल इसके पीछे का कारण यह है कि भारतीय टीम अपने पिछले 2 मैचों में से सिर्फ एक ही जीत हासिल कर सकी है. टीम इंडिया अपने पहले मैच में भारतीय टीम न्यूजीलैंड से हार गई थी. दरअसल न्यूजीलैंड ने भारत को 58 रनों से हराया था. हालांकि इसके बाद टीम ने जबरदस्त वापसी की और पाकिस्तान को टीम को शिकस्त दी. हालांकि अब भारतीय टीम को यह जीत जरूरी है. क्योकि सेमीफाइनल में जानें के लिए भारतीय टीम को अब हर मैच को जीतना होगा.कैसी होगी पिच?

वहीं इस मुकाबले की पिच रिपोर्ट पर नजर डालें तो यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर होने वाला है. वहीं इस पिच पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही बराबर मानी जाती है.

**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा,पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन और यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, आशा सोभना.

**श्रीलंका** : चमारी अट्टापट्टू (कप्तान), विश्मी गुनारत्ने, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), सच्चिनी निसांला, सुंगधिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रमा, हसिनी परेरा, कविशा दिलहारी, निलकशी डी सिल्वा, इनोशी प्रियदर्शनी और उद्देशिका प्रबोधनी.

### एशियाई टेटे चैंपियनशिप : भारत सेमीफाइनल में, मेडल हुआ पक्का

एजेंसी। नयी दिल्ली



कजाख्स्तान में खेली जा रही 2024 एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश पा लिया है. इसी के साथ एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के इतिहास में भारत ने अपना पहला मेडल पक्का कर लिया है. एक समय भारतीय टीम 2-0 से आगे चल रही थी, लेकिन दक्षिण कोरिया ने शानदार वापसी करके मैच को रोमांचक बना दिया था. आयिका मुखर्जी और मनिका बत्रा ने अपने-अपने गेम जीतकर टीम इंडिया को 2-0 से लीड दिला दी थी. एक तरफ मुखर्जी ने शिन यूबी को 11-9, 7-11, 12-10, 7-11, 11-7 से हराया. दूसरी ओर मनिका बत्रा ने जिओन जिही को 12-11, 13-11, 11-5, 5-11, 12-10 से रोमांचक अंदाज में बात दी. मगर इसके बाद श्रीका अकुला को अपने गेम में 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी, दूसरी ओर मनिका को एक करीबी मुकाबले में शिन यूबी के हाथों 3-2 से हार मिली. इस मुकाबले के आखिरी गेम में सबकी नजरें आयिका मुखर्जी और जिओन जिही की भिड़ंत पर थीं. भारत-दक्षिण कोरिया 2-2 से बराबरी पर थे और इस दबाव की स्थिति में मुखर्जी ने जिओन को 3-0 से हराकर मैच भारत की झोली में डाला.

पाकिस्तान-इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच का दूसरा दिन

### पाकिस्तान के 556 रन के जवाब में इंग्लैंड ने बनाए एक विकेट पर 96

एजेंसी। मुल्तान

पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है. पाकिस्तान की पहली पारी 556 रन पर ऑलआउट हुई थी जिसके जवाब में इंग्लैंड ने स्टंप तक एक विकेट पर 96 रन बनाए हैं. दिन का खेल समाप्त होने के वक्त जैक क्रावले 64 रन और जो रूट 32 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे. इंग्लैंड को पहला झटका कप्तान ओली पोप के रूप में लगा जो खाता खोले बिना आउट हुए. नसीम शाह ने पोप को आउट कर इंग्लैंड को शुरुआती झटका दिया, लेकिन क्रावले और रूट ने अब तक दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी कर ली है और टीम को झटके से



उबारा.इससे पहले, पाकिस्तान के लिए पहले दिन जहां अब्दुल्लाह शफीक और कप्तान शान मसूद ने शतक जड़े. वहीं, दूसरे दिन मंगलवार को अघा सलमान ने शतक जड़ा. सलमान 104 रन बनाकर नाबाद लौटे. सलमान के अलावा सउद शकील भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन वह 82 रन बनाकर आउट हुए. इंग्लैंड के लिए स्पिनर जैक लीच ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके. पाकिस्तान टीम को दूसरे दिन पहला और ओवरऑल पांचवां झटका नसीम शाह के रूप में लगा. उन्होंने 81 गेंद में 33 रन की पारी खेली.

नसीम ने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए. उन्होंने शकील के साथ पांचवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी निभाई. नसीम के आउट होने के बाद मोहम्मद रिजवान खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए. ब्राइडन कार्स ने नसीम को, जबकि जैक लीच ने रिजवान को आउट किया.

### विश्व कप क्वालीफायर के लिए सात अनकैप्ड खिलाड़ियों की घोषणा



**मोंटेवीडियो** । रिवर प्लेट फॉरवर्ड जोक्विन लावेगा पेरू और इक्वाडोर के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए उरुग्वे की टीम में चुने गए सात अनकैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हैं. अन्य नए खिलाड़ियों में यूनिवर्सिडाड डी चिली के मिडफील्डर मार्को ओरोना, मोंटेवीडियो वांडरर्स के विंगर पाब्लो सुआरेज, मिडफील्डर लुकास सनाब्रिया, फ्लूमिनेंस के मिडफील्डर फेकुंडो बर्नाल, अलावेस के डिफेंडर सैंटियागो मोरिनो और जिमनासिया के फॉरवर्ड मटियास अबाल्डो शामिल हैं. शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा ने फॉरवर्ड डार्विन नुनेज़, एटलेटिको मैड्रिड के सेंटर-बैक जोस मारिया जिमेनेज़ व नेपोली के लेफ्ट-बैक मैथियास ओलिवेरा को भी वापस बुलाया है.

### भारत हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में वापसी के लिए तैयार

एजेंसी। नयी दिल्ली




भारतीय टीम हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है, जो इस साल 1 से 3 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा. यह टूर्नामेंट 1992 में शुरू हुआ था और आखिरी बार 2017 में आयोजित किया गया था, जिसे इस साल फिर से शुरू किया गया है. क्रिकेट हांगकांग ने सोमवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, टीम इंडिया हांगकांग सिक्सेस में मैदान से बाहर धमाल मचाने के लिए कमर कस रही है! धमाकेदार पावर-हिटिंग और छक्कों की बौछार के लिए तैयार हो जाइए, जो दर्शकों को रोमांचित कर देगी! अधिक टीमों, अधिक छक्कों, अधिक उत्साह और अधिकतम रोमांच की अपेक्षा करें! हांगकांग क्रिकेट 1 से 3 नवंबर 2024 तक वापस आ गया है! इसे मिस न करें! टूर्नामेंट का 20वां संस्करण, जो 12 टीमों के बीच खेला जाएगा, टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा. अन्य भाग लेने वाली टीमों में पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, हांगकांग, नेपाल, न्यूजीलैंड, ओमान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं. इस प्रतियोगिता में पहले भी ब्रायन लारा, वसीम अकरम, शेन वार्न, सचिन तेंदुलकर, एम.एस. धौनी और अनिल कुंबले जैसे खेल के कई दिग्गज अपनी-अपनी टीमों के लिए खेल चुके हैं.

भारत ने 2005 में टूर्नामेंट जीता था, जबकि इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका पांच-पांच खिताब के साथ सबसे सफल टीमें हैं.

**रिकॉर्ड** स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 70 मैच में 12 ओवर मेडन फेंके हैं

## कौन है टी20 क्रिकेट में भारत का सबसे सफल गेंदबाज?

एजेंसी। नयी दिल्ली



टी20 क्रिकेट ऐसा प्रारूप है, जहां बल्लेबाजों का बोलबाला रहता है. चाहे गेंदबाज कितना भी दिग्गज हो, उस मार तो पड़ती है और ऐसे में गेंदबाजों को संभलने का मौका बहुत कम ही मिलता है. हालांकि, कई ऐसे गेंदबाज हैं जो इस फॉर्मेट में भी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं. इस फॉर्मेट में 'मेडन ओवर''निकालना विकेट लेने से कम नहीं और ऐसे में यह चार भारतीय गेंदबाज इसमें माहिर हैं. टी20 फॉर्मेट में पावरप्ले और डेथ ओवर्स के ओवर सबसे अहम होते हैं, ज्यादातर यही मैच के नतीजे भी तय करते हैं. टीम इंडिया के लंबे समय से यह जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह उठा रहे हैं. इस सूची में भी सबसे पहला नाम उनका ही है. स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2016 में खेला था. अब तक इस गेंदबाज ने 70 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 12 ओवर मेडन फेंके हैं. इस दौरान उनकी इकॉनमी रेट 6.27 की रही है और उन्होंने 17.74 की औसत से 89 विकेट भी अपने नाम किए हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/7 विकेट का रहा है. दूसरा नाम भुवनेश्वर कुमार का है, साल 2012 में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस गेंदबाज ने अब तक 87 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और 10 मेडन ओवर फेंके हैं. उनकी औसत 23.10 और इकॉनमी रेट 6.96 की रही है.

भुवनेश्वर ने 90 विकेट झटके हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/4 विकेट का रहा है. तीसरा नाम पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह का है. उन्होंने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2006 में खेला था और आखिरी बार वह 2016 में खेलते हुए नजर आए थे. इस दौरान 5 मेडन ओवर फेंके थे. उनकी औसत 25.32 की रही थी. उन्होंने अपने करियर में 6.20 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी और 25 विकेट झटके थे.

चौथा नाम रवींद्र जडेजा का है, टी-20 विश्व कप 2024 के बाद संन्यास लेने वाले जडेजा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं. उन्होंने अपना पहला मुकाबला साल 2009 में खेला था. इस दौरान उन्होंने 4 मेडन ओवर डाले थे. उनकी औसत 29.85 और इकॉनमी रेट 7.13 की रही थी. उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 54 विकेट झटके थे. उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/15 का रहा है.

### पटना पाइरेट्स का लक्ष्य है चौथा खिताब जीतना

प्रो कबड्डी लीग चैंपियन

एजेंसी। नयी दिल्ली



तीन बार की प्रो कबड्डी लीग चैंपियन पटना पाइरेट्स पिछले सीजन में सेमीफाइनल में हार के बाद खिताब जीतने के लिए बेताब होगी. पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम, पाइरेट्स ने सीजन 3 से 5 तक खिताब की हैट्रिक बनाई और एक बार फिर प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाना चाहेगी. नरेंद्र रेड्डी, जिन्होंने मुख्य कोच के रूप में पीकेएल 10 में पटना पाइरेट्स को सेमीफाइनल तक पहुंचाया था, एक बार फिर उम्मीद करेंगे कि वे पाइरेट्स को एक और ठोस अभियान का आनंद लेने और कम से कम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में मदद करें. वे सीजन 11 की खिलाड़ी नीलामी में सबसे व्यस्त टीमों में से एक थे और उन्होंने अपनी टीम में शामिल करने के लिए एक दर्जन से अधिक खिलाड़ियों को खरीदा. पीकेएल 11 में पाइरेट्स की सबसे बड़ी ताकत उनके आक्रमण और रक्षा दोनों में उनकी टीम की गहराई है. सीजन 11 के खिलाड़ियों की नीलामी में उन्होंने कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खरीदा, जिसमें डिफेंडर शुभम शिंदे 70 लाख रुपये में सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जबकि ऑलराउंडर गुरदीप 59 लाख रुपये में दूसरे स्थान पर रहे. उनकी रेडिंग यूनिट का नेतृत्व सुधाकर एम कर सकते हैं, जिन्होंने अपने डेब्यू अभियान में शानदार प्रदर्शन किया था.

▼ ब्रीफ खबरें

## लोजपा नेता के घर से गांजा बरामद

**फारबिसगंज ।** भारत नेपाल सीमा से सटे अररिया के घूरना में एसएसबी 56 वीं बटालियन के कमांडर प्रवीण प्रभाकर व घूरना थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने आज बड़ी कार्रवाई की है. घूरना थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव व घूरना एसएसबी बीओपी कमांडर ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत भवानीपुर वार्ड संख्या पांच में युवा लोजपा 'आर' के जिला उपाध्यक्ष के घर में छापेमारी कर पांच किलो 170 ग्राम गांजा बरामद की है.

## 75 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** अररिया के सिकटी में मंगलवार को पुलिस और एसएसबी 52वीं वाहिनी की संयुक्त कार्रवाई में एक तस्कर को 75 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया. यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा के करीब 400 मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में की गई. गिरफ्तार तस्कर की पहचान दीपक कुमार बसाक गोपाल के रूप में हुई है, जो सिकटी थाना क्षेत्र के कचना वार्ड संख्या एक का निवासी है. उसके पास से 75 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन, 67,000 नेपाली रुपये और 80 भारतीय नोट बरामद किए गए, जिनमें 54 नोट 1,000 रुपये के और 26 नोट 500 रुपये के थे.

## मधेपुरा में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**मधेपुरा ।** मधेपुरा जिले के भर्राही थाना क्षेत्र के यदावनगर में सोमवार की रात अपराधियों ने एक वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. परिजनों को घटना की जानकारी सुबह में मिली. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान यादवनगर वार्ड छह निवासी 75 वर्षीय रघुनी यादव के रूप में हुई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है. घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. रघुनी यादव को दो बेटे और दो बेटी है.

### गया में नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा

# शिक्षा-स्वास्थ्य में बेहतर कर रहा बिहार

**संवाददाता । गया**

बिहार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा. कुछ वर्षों में इसके देश के बाकी हिस्सों की बराबरी कर लेने की संभावना है. गया में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि बेहतर शासन और सेवा वितरण के कारण बिहार के कई महत्वाकांक्षी ब्लॉक और जिले जल्द ही प्रेरणादायक बन जाएंगे. बिहार कुछ वर्षों में देश के बाकी हिस्सों की बराबरी कर लेगा. राज्य शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी संकेतकों के मामले में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है. कई महत्वाकांक्षी ब्लॉक और जिले प्रेरणादायक ब्लॉक और जिले बन जाएंगे. सुब्रमण्यम ने कहा कि बेहतर प्रशासन और सेवा वितरण के कारण भविष्य बहुत निकट है.

**अभूतपूर्व स्तर का प्रदर्शन करने वाला देश का पहला राज्य :** उन्होंने कहा कि बिहार एआई-संचालित निर्णय समर्थन प्रणाली के अभूतपूर्व स्तर का प्रदर्शन करने वाला देश का पहला राज्य है, जो नीति निर्माताओं, मध्य-कैरियर अधिकारियों और उन लोगों को मदद करेगा जिन्हें प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है. वह बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट के बारे में बोल रहे थे, जो अपने अत्याधुनिक जेननेक्स्ट लैब के उद्घाटन के साथ डेटा-संचालित शासन के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार है. जेननेक्स्ट लैब का उद्घाटन मंगलवार को सुब्रमण्यम करेंगे. उन्होंने कहा कि एक ऐसी दुनिया में जो अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है, बिपार्ड मानता है कि प्रभावी शासन और नीति-निर्माण को तेजी से बदलती वास्तविकताओं के साथ गहराई से जोड़ा जाना चाहिए.

**शासन के दृष्टिकोण को आधुनिक बनाना और बढ़ाना है :** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि नागरिक आज तीव्र निर्णयों, त्वरित सुधारों और आधुनिक चुनौतियों के साथ तालमेल रखने वाले समाधानों की मांग करते हैं. नए युग की प्रौद्योगिकियों को



अपनाना सिर्फ एक विकल्प नहीं है, बल्कि अधिक स्मार्ट, अधिक संवेदनशील और दूरदर्शी शासन चलाने के लिए यह एक अनिवार्यता है. राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बीपार्ड तीन अग्रणी प्रयोगशालाओं की शुरुआत के साथ शासन प्रशिक्षण को बदलने के लिए तैयार है, जिसका उद्देश्य नीति और शासन के दृष्टिकोण को आधुनिक बनाना और बढ़ाना है.

**एआई की शक्ति का उपयोग करने में सक्षम बनाना :** बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि ये नई सुविधाएं, बीपार्ड परिसर के भीतर 'गहरे ज्ञान और खुफिया गलियारे' का हिस्सा हैं, जिन्हें राज्य में शासन को पढ़ाने और लागू करने के तरीके को नया आकार देने के लिए डिज़ाइन किया गया है. "बिहार नेक्स्ट-जेन लैब प्रशासकों को प्रशिक्षित करने के लिए घरेलू सुरक्षित कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाएगी. एआई का एकीकरण न केवल सुरक्षित डेटा हैंडलिंग का समर्थन करेगा, बल्कि बेहतर निर्णय लेने के लिए विश्लेषणात्मक उपकरण और अंतर्दृष्टि भी प्रदान करेगा. लैब से उम्मीद की जाती है कि प्रशिक्षुओं और अधिकारियों को पूर्वानुमानित विश्लेषण, नीति निर्माण और शासन अनुकूलन के लिए एआई की शक्ति का उपयोग करने में सक्षम बनाना.

**संचार और डेटा-साझाकरण सुविधाओं से लैस होगा :** बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि यह अत्याधुनिक संचार और डेटा-साझाकरण सुविधाओं से लैस होगा, जो शासन सुधारों की रणनीति बनाने और लागू करने के लिए एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा देगा. इस प्रयोगशाला का उद्देश्य राज्य को प्रभावित करने वाले नीतिगत मामलों पर महत्वपूर्ण चर्चा और आम सहमति बनाना है.

**जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार बोले-**

### मुख्यमंत्री के कुशल नीति का है परिणाम

**पटना ।** नीति आयोग की रिपोर्ट में बिहार के कई जिलों में तेजी से विकास हो रहा है. इस रिपोर्ट में देश में 112 आकांक्षी जिलों में 13 बिहार के हैं. इसके लिए करोड़ों के पुरस्कार भी मिले हैं. इस पर जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सीएम 'नीतीश कुमार के कुशल नीति का परिणाम है'. नीरज कुमार ने लिखा कि ''नीतीश कुमार जी के कुशल नीति का परिणाम नीति आयोग ने माना बिहार में हो रही है अच्छी प्रगति. कई जिलों ने अच्छा काम कर पांच करोड़ तक के पुरस्कार जीते. देश में 112 आकांक्षी जिलों में 13 बिहार के हैं.



## फूड पॉइजनिंग से 5 बच्चों के साथ एक महिला की तबीयत बिगड़ी

- बीमार लोगों की हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रेफर कर दिया गया है

**संवाददाता । बांका**

बांका जिले में फूड पॉइजनिंग के कारण पांच बच्चों सहित छह लोग बीमार हो गए. फूड पॉइजनिंग के कारण बीमार होने का मामला सामने आया है. ये सभी लोग एक मेले से घर लौटे थे. सबने घर पहुंचने के बाद खाना नहीं खाया था. बताया जा रहा है कि ये लोग मेले में ही नाश्ता करके घर आए थे और सो गए थे. उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद सबको इलाज के लिए अमरपुर के रेफरल अस्पताल ले जाया गया. बीमार लोगों की पहचान लड्डू कुमार (12 साल), सपना कुमारी (5 साल), गोपाल कुमार (12 साल), रबीना कुमारी (6 साल), गंगिया कुमारी (13 साल) और उर्मिला देवी के रूप में हुई है. लड्डू कुमार के पिता राजेश मांझी ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है. बताया जा रहा है कि बीमार लोगों की हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रेफर कर दिया गया.

## समस्तीपुर में पूजा कर घर लौट रही नाबालिग के साथ गैंगरेप

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर जिला के उजियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां सोमवार की देर शाम कुछ मनचलों ने एक किशोरी के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है. बताया जाता है कि किशोरी सोमवार की देर शाम लगभग आठ बजे दुर्गा मंदिर से पूजा करके अकेली अपने घर जा रही थी. इसी दौरान रास्ते में पांच से छह की संख्या में जुटे मनचलों ने किशोरी का मुंह दबाकर बगल के ही एक खेत में ले गए. जहां सभी ने उसका मुंह और हाथ बांधकर बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देते हुए फरार हो गया. इधर, काफी देर तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोग आशंकित होकर उसकी खोजबीन में निकल पड़े. काफी देर तक खोजबीन के बाद उसे वह एक सुनसान जगह पर मिली. पूछताछ में उसने परिवार वालों को सारी बात बताई.

### वैशाली में गश्ती कर रही पुलिस को मिली सफलता

## इनामी बदमाश हुआ गिरफ्तार



**संवाददाता । हाजीपुर**

जिले के सराय थाने की गश्ती दल थाना क्षेत्र में घूम रही थी, इसी क्रम में बख्तियारपुर पटेरा आमगाछी के बगल में पहुंचा तो देखा कि एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति पुलिस वाहन को देख भागने लगे जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से भागते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया एवं एक व्यक्ति भागने में सफल रहा. पकड़े गए व्यक्ति के तलाशी के क्रम में एक देसी पिस्तौल एक मैगजीन पांच जिंदा कारतूस तीन मोबाइल एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है. गिरफ्तार किया गया अपराधी सराय थाना क्षेत्र के विष्णुपुर निवासी अरुण शर्मा के पुत्र हिमांशु कुमार बताया गया है. उक्त अपराधी हिमांशु कुमार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है कई कांडों में वह वांछित चल रहा था. वैशाली पुलिस द्वारा हिमांशु कुमार पर 25000 का इनाम भी घोषित किया था. एसपी हरकिशोर राय ने बताया कि कई कांडों के वांछित अपराधी हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया गया है. जिसके पास से एक देशी पिस्तौल एक मैगजीन पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है.

## रिटायर्ड सरकारी कर्मी की गोली मारकर हत्या

**पटना ।** राजधानी पटना में मंगलवार सुबह एक रिटायर्ड सरकारी कर्मी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के बजरंगपुरी इलाके की है. मृतक की पहचान राजीव कुमार गुप्ता के रूप में की गई है. वह बजरंगपुरी इलाके के ही रहने वाले थे. सुबह 4:30 बजे के आसपास वह अपने घर से मॉर्निंग वॉक के लिए हर दिन की तरह मंगलवार को भी निकले थे. मॉर्निंग वॉक के दौरान ही बदमाशों ने गोलियों से छलनी कर दिया. घटना के बारे में बताया जाता है कि सुबह करीब पांच बजे राजीव गुप्ता मॉर्निंग वॉक कर रहे थे. इसी दौरान दो की संख्या में बदमाश उनके साथ-साथ पैदल ही मॉर्निंग वॉक करने लगे. कुछ दूर चलने के बाद उनके सिर में एक गोली मारी जिसके बाद वह गिर गए. घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए. आनन-फानन में उन्हें नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया.

## तालाब से मिली युवक की लाश

### परिजन बोले-अपराधियों ने हत्या कर फेंक दिया

**संवाददाता । नालंदा**

बिहारशरीफ में मंगलवार की सुबह मस्जिद के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. मामला बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहाल मस्जिद के समीप की है. मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के कटरा पर निवासी कार्तिक राम के पुत्र बिट्टू कुमार (26) के रूप में की गई है. परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं. मृतक के भाई नीतीश कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह शौच के लिए बिट्टू घर से बाहर गया था. आसपास के लोगों से पता चला कि भाई की हत्या कर दी गई है. जब मौके पर पहुंचे तब पाया कि नेहाल मस्जिद के पास तालाब में उसका भाई गिरा हुआ है. सिर पर गंभीर चोट हैं और गले में बैंडेज बंधा हुआ है.



**अपने भाई के साथ फास्टफूड की दुकान चलाता था :** परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि किसी ने पीछे से उस पर हमला कर दिया और हत्या कर उसे तालाब में लुढ़का दिया. फिलहाल हत्या के कारणों पर सस्पेंस बना हुआ है. परिजन किसी से किसी प्रकार की दुश्मनी से इनकार कर रहें हैं. युवक अपने भाई के साथ फास्टफूड की दुकान चलाता था. वहीं इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. सदर अस्पताल आए परिवार वालों के चीख पुकार से पूरा परिसर गमगीन हो गया है. सदर डीएसपी वन ने बताया कि फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है. आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है. परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं.

## हाईकोर्ट के फैसले के बाद बीसीए ने किया बिहार रणजी टीम का ऐलान

**पटना ।** बिहार क्रिकेट में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला है. सोमवार को पटना हाईकोर्ट द्वारा आदेश जारी किए जाने के बाद बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफ़ी के लिए बिहार पुरुष टीम का ऐलान कर दिया. पटना हाईकोर्ट ने आदेश जारी करते हुए उन फ़ैसलों पर रोक लगा दी है, जिनमें अमित कुमार के सचिव पद संभालने से लेकर नई चयन समिति के गठन की बात थी. जस्टिस शैलेश कुमार सिन्हा जिन्हें 5 अगस्त 2024 को पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद लोकपाल बनाया गया था, नए आदेश के बाद अब वह भी लोकपाल नहीं हैं. साथ ही बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के जरिए ऐलान की गई बिहार की टीम रोहतक के लिए रवाना हो गई है. बिहार रणजी ट्रॉफ़ी 2024 के अभियान का आगाज हरियाणा के खिलाफ 11 अक्टूबर से होगा.

**कारोबार**

## ओला इलेक्ट्रिक पर सीसीपीए की कार्रवाई

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने ग्राहक अधिकार उल्लंघन के लिए ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, कंपनी ने मंगलवार को एक फाइलिंग में एक्सचेंज को सूचित किया. प्राधिकरण द्वारा नोटिस उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने के लिए जारी किया गया है. कथित तौर पर नोटिस विभिन्न उपभोक्ता शिकायतों और चिंताओं को संबोधित करता है, हालांकि विशिष्ट आरोपों का विवरण अज्ञात है.

## इंस्टाग्राम डाउन : 64% यूजर्स को आई समस्या

**नयी दिल्ली ।** दुनियाभर में इंस्ट्राग्राम डाउन हो गया है. मंगलवार सुबह से इसमें परेशानी आ रही है. कई उपभोक्ता ने अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और सर्विस मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर पर इसके डाउन होने की रिपोर्ट की. कई यूजर्स को ऐप लॉगिन में समस्या आ रही है. यूजर्स को एक मैसेज दिखाई दे रहा है जिसमें लिखा है- 'सॉरी समथिंग वेंट रॉन्ग'. शुरुआत में 64% यूजर्स ने उनके इंस्टाग्राम अकाउंट में लॉगिन की प्रॉबलम रिपोर्ट की, 24% यूजर्स को सर्वर कनेक्शन में दिक्कत आ रही थी.

## ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से बढ़ी रफ्तार

**नयी दिल्ली ।** मोबाइल फोन और इंटरनेट के बढ़ने के कारण देश के छोटे इलाकों में भी अब ई-कॉमर्स से खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. 72 फीसदी ग्राहकों का मानना है कि उन्होंने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अपनी खरीदी बढ़ा दी है. 21 फीसदी ने कहा, वे पहले की ही जितना खरीदी कर रहे हैं. सात फीसदी ने हालांकि कम शॉपिंग की है. फिक्की और डेलॉय की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र दूसरे व तीसरे स्तर के शहरों में तेजी से बाजार बढ़ा रहा है. मध्यम वर्ग के लोगों की आय में इजाफा हो रहा है. ऐसे में ई-कॉमर्स को इससे मदद मिल रही है. रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के अंत तक 85 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद थी.



अभिनेत्री माहिरा शर्मा मंगलवार को मुंबई हवाईअड्डे पर पहुंचते हुए तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं.

## सेंसेक्स 584 अंक की तेजी के साथ 81,634 पर बंद

**एजेंसी । मुंबई**

> **निफ्टी भी 217 अंक चढ़ा, बीएसई स्मॉल कैप में 1,322 अंक की बढ़त रही**


सेंसेक्स मंगलवार को 584 अंक की तेजी के साथ 81,634 के स्तर पर बंद हुआ. निफ्टी में भी 217 अंक की तेजी रही, ये 25,013 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 1,322 अंक चढ़कर 55,439 के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट रही. निफ्टी के 50 शेयरों में से 36 में तेजी और 14 में गिरावट रही. मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.11% की तेजी रही. गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का इनीशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ खुल गया है. निवेशक इस इश्यू के लिए 10 अक्टूबर तक बिडिंग कर सकते हैं. 15 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे. इससे पहले सोमवार को सेंसेक्स 638 अंक की गिरावट के साथ 81,050 के स्तर पर बंद हुआ था. निफ्टी में भी 218 अंक की गिरावट रही, ये 24,795 के स्तर पर बंद हुआ था. वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 1,827 अंक गिरकर 54,117 पर बंद हुआ था. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में तेजी थी. निफ्टी के 50 शेयरों में से 40 में गिरावट और 10 में तेजी थी. एनएसई के आईटी सेक्टर को छोड़कर सभी गिरावट के साथ बंद हुए थे.

### भारत पर बढ़ सकता है आयात खर्च का दबाव

# एक सप्ताह में 12 फीसदी महंगा हुआ कच्चा तेल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अक्टूबर में करीब 12 फीसदी का उछाल देखा गया है. यदि ऐसी ही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में भारत पर तेल आयात का दबाव बढ़ने की आशंका है. इस साल 30 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 71.81 डॉलर प्रति बैरल थी जो 7 अक्टूबर को बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई. हालांकि



ओपेक के सदस्य देशों, और रूस तथा कुछ अन्य पेट्रोलियम उत्पादक देशों के इस साल दिसंबर से उत्पादन बढ़ाने की उम्मीद है. इससे इस साल के अंत तक थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई में अब ईरान के इजरायल के खिलाफ खड़े होने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ रही है. ईरान समेत पश्चिम एशिया के देश पेट्रोलियम के बड़े निर्यातक हैं. इस क्षेत्र में लड़ाई बढ़ने का मतलब है आपूर्ति पक्ष पर नकारात्मक प्रभाव. इससे कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं. कच्चे तेल के दाम बढ़ने का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि देश के आयात में सबसे बड़ा हिस्सा पेट्रोलियम और कच्चे तेल का है. सरकारी आंकड़े के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से अगस्त तक इस मद में 6,37,976.02 करोड़ रुपये का आयात किया गया. यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.77 प्रतिशत अधिक है. दरअसल, भारत शुद्ध रूप से पेट्रोलियम आयातक देश है. यानी कच्चे तेल और एलएनजी-पीएनजी जैसे उत्पादों के लिए हम आयात पर निर्भर करते हैं. हालांकि सरकार ऊर्जा के दूसरे विकल्पों को अपना कर आयात पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रही है, लेकिन फिलहाल ऐसा संभव होता नहीं दिख रहा है.

## त्योहारों पर लोन सस्ता या महंगा, फैसला आज

**नयी दिल्ली ।** आरबीआई की हर दो महीने में होने वाली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू हो गई. एमपीसी के चेयरमैन और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास आज तीन दिवसीय बैठक में लिए गए फैसलों का एलान करेंगे. आम आदमी, शेयर बाजार और निवेशकों को उम्मीद है कि आरबीआई ब्याज दर घटाकर लोगों को सस्ता लोन उपलब्ध कराने का रास्ता खोलेगा.

### सेबी ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी के आईपीओ को मंजूरी दी

## 5.72 करोड़ शेयर्स बेचेंगे 6 शेयरहोल्डर्स

**एजेंसी । मुंबई**

मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आईपीओ को मंजूरी दे दी है. देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी का यह इनिशियल पब्लिक ऑफर पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस होगा. ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार, कंपनी के 6 मौजूदा शेयरहोल्डर्स की ओर से 5.72 करोड़ शेयर्स की बिक्री की जाएगी. आईडीबीआई बैंक की ओर से 2.22 करोड़ शेयर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) अपने हिस्से के 1.80 करोड़ शेयर, यूनियन बैंक 56.25 लाख शेयर, स्पेसिफाइड अंडरटेकिंग ऑफ यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया 34.15 लाख शेयर बेचेंगे. जबकि, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एचडीएफसी अपने हिस्से से 40-40 लाख शेयर बेचेंगे. देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी कंपनी है एनएसडीएल देश में 2 डिपॉजिटरी कंपनी एनएसडीएल और सीडीएसएल है. सीडीएसएल यानी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड पहले से ही स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड है. एनएसडीएल देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी कंपनी है, जो लंबे समय से आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है.

**मिली मंजूरी** सेबी ने डिपॉजिटरी फर्म नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लि. के आईपीओ को दी मंजूरी

# आईडीबीआई बैंक, एसबीआई ओएफएस में बेचेंगे शेयर

- एनएसडीएल में 26 प्रतिशत है, वह इस आईपीओ में करीब 2.22 करोड़ शेयरों की बिक्री करेगा

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी फर्म नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) को मंजूरी दे दी गई है. सेबी की ओर से कंपनी को पब्लिक इश्यू के लिए ऑब्जरवेशन जारी कर दी गई है. इसका मतलब है कि कंपनी




आईपीओ ला सकती है. एनएसडीएल की ओर से पिछले साल जुलाई में जमा किए गए ड्राफ्ट पेपर के मुताबिक यह पब्लिक इश्यू ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा. इसमें करीब 5.72 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी. ओएफएस में पैसा कंपनी के निवेशकों के पास जाता है. आईडीबीआई बैंक के पास एनएसडीएल में 26 प्रतिशत है, वह इस आईपीओ में करीब 2.22 करोड़ शेयरों की बिक्री करेगा.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), जिसकी डिपॉजिटरी में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी है. उसकी ओर से पब्लिक इश्यू में 1.8 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और केनरा बैंक के पास एनएसडीएल क्रमशः: 5 प्रतिशत, 2.8 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है. जानकारी के मुताबिक, यूबीआई की ओर से 56.2 लाख शेयर, एसबीआई और स्पेसिफाइड अंडरटेकिंग ऑफ द यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया की ओर से क्रमशः 40 लाख और 34 लाख शेयर आईपीओ में बेचे जाएंगे. एचडीएफसी बैंक के पास भी एनएसडीएल में 8.95 प्रतिशत हिस्सेदारी है.

इसमें से करीब 2 प्रतिशत हिस्सेदारी आईपीओ में ओएफएस के तहत बिक्री की जाएगी. 31 मार्च, 2023 तक एनएसडीएल भारत में सबसे बड़ी डिपॉजिटरी है, जिसे जारीकर्ताओं की संख्या, सक्रिय उपकरणों, डीमैट निपटान मात्रा में बाजार हिस्सेदारी और संपत्तियों के मूल्य से मापा जाता है. डिपॉजिटरी अधिनियम के कार्यान्वयन के बाद एनएसडीएल भारत में नवंबर 1996 में प्रतिभूतियों के डिमटेरियलाइजेशन में अग्रणी डिपॉजिटरी बन गई थी.

## वैश्विक टैबलेट बाजार में दूसरी तिमाही में 15 प्रतिशत की वृद्धि

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

वैश्विक टैबलेट शिपमेंट में इस साल की दूसरी तिमाही में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि ऐतिहासिक रूप से यह अवधि धीमी रही है. काउंटरपॉइंट रिसर्च के नवीनतम 'ग्लोबल टैबलेट मार्केट ट्रैकर' के अनुसार, 2024 की दूसरी तिमाही में बाजार में फिर से तेजी लौटी, क्योंकि एप्पल और सैमसंग ने नए उत्पाद लॉन्च किए, जबकि पिछले वर्ष कोई नई रिलीज नहीं हुई थी. रिसर्च एसोसिएट केविन ली ने कहा कि एप्पल और सैमसंग जैसे मार्केट लीडर्स की सामान्य मॉडल रिलीज शेड्यूल पर वापसी 2024 के लिए आशावादी दृष्टिकोण का संकेत देती है. ली ने कहा कि एप्पल और सैमसंग



के अलावा, हुआवेई और शाओमी जैसे चीनी निर्माताओं ने भी टैबलेट बाजार में मॉडलों की विविधतापूर्ण रेंज पेश करके विकास की गति को बढ़ाया है, जिससे मांग में और वृद्धि हुई. इस वर्ष के शेष समय में विश्वव्यापी टैबलेट बाजार में शिपमेंट आशाजनक दिख रहा है, जिसमें नए एप्पल आईपैड और एप्पल आईपैड मिनी के साथ-साथ सैमसंग की प्रमुख एस सीरीज भी शामिल है.

## न्यूज अपडेट



देशभर में मां जगदंबे की पूजा की जा रही है. कोलकाता में मंगलवार को दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान देवी दुर्गा की एक आकर्षक मूर्ति का प्रदर्शन किया गया. -एजेंसी

### ट्रेकोमा : भारत को डब्ल्यूएचओ की बधाई

**नयी दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को भारत को ट्रेकोमा नामक बैक्टीरिया आई इन्फेक्शन को समाप्त करने के लिए सम्मानित किया. इसकी वजह से ऐसा अंधापन हो सकता है जो इररिवर्सिबल है. यानी हमेशा के लिए आंखों की रोशनी का चले जाना. नेपाल, म्यांमार और पाकिस्तान के बाद भारत दक्षिण-पूर्व एशिया का चौथा देश है जिसने यह उपलब्धि हासिल की है. ट्रैकोमा एक उष्णकटिबंधीय रोग है जो क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण होता है.

### सूडान : विस्थापितों के शिविर पर हमला

**खार्तूम।** अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के एक हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 59 अन्य घायल हो गए. यह हमला पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशेर में विस्थापितों के शिविर पर हुआ. उत्तरी दारफुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर के अनुसार, दो दिन तक अबू शौक शिविर पर हमला हुआ. रविवार को दो लोगों की मौत हुई जबकि सोमवार को पांच और लोग मारे गए. खातिर ने कहा कि रविवार की बमबारी में 20 लोग घायल हुए.

### उत्तरी सिनाई में फिर रेल सेवा शुरू होगी

**काहिरा।** मिस्र के उत्तरी सिनाई में आधी सदी से भी अधिक समय बाद फिर से रेल सेवा शुरू होगी. यहां 100 किलोमीटर लंबे रेलमार्ग का ट्रायल ऑपरेशन शुरू हो गया है. इस लाइन के शुरू होने से सिनाई से अन्य प्रांतों तक लोगों और माल की आवाजाही आसान हो जाएगी, नए शहरी इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा, उत्तरी सिनाई में आर्थिक परियोजनाओं को समर्थन मिलेगा. 1973 के अरब-इजराइल युद्ध के बाद क्षेत्र में संघर्ष और सैन्य अभियानों के कारण सिनाई में ट्रेन सेवाएं काफी हद तक निलंबित कर दी गई थीं.

### खदान ढहने से 10 मजदूर मरे, 5 घायल

**लुसाका।** मध्य जाम्बिया के मुंबवा जिले में खदान ढह जाने से कम से कम 10 खनिकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए. सोमवार को मध्य प्रांत के पुलिस कमिश्नर चैरिटी मुंगांगा चंदा ने कहा कि यह दुर्घटना सोमवार तड़के उस समय हुई जब अज्ञात संख्या में लोग खदान में खनन गतिविधियां संचालित करने गए थे. खनन गतिविधियों के दौरान, मिट्टी उनके ऊपर गिर गई. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान छह खनिकों को घायल अवस्था में बचा लिया गया, जबकि नौ की मौके पर ही मौत हो गई.

### रूस के समर्थन में सैनिक भेजेंगे किम!

**सोल।** दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने मंगलवार को कहा कि उत्तर कोरिया रूस के समर्थन में यूक्रेन में अपने नियमित सशस्त्र बलों को तैनात कर सकता है. सोल का यह आकलन ऐसे समय में आया है जब उत्तर कोरिया रूस के साथ संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है. रूस-उत्तर कोरिया की मौजूदा रिश्तों का मुख्य आधार एक द्विपक्षीय समझौता है, जिस पर उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जून में शिखर वार्ता के दौरान हस्ताक्षर किए थे.

### जाकिर के बयानों से पाकिस्तानी नाराज

**कराची।** भारत भारत के भगोड़े जाकिर नाइक को पाकिस्तान में अपने विवादास्पद बयानों के कारण भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. वह शहबाज शरीफ सरकार के निमंत्रण पर पाकिस्तान दौरे पर आया हुआ है. नाइक के विवादास्पद बयानों की वजह उसके कुछ कट्टर अनुयायियों भी यह कहने लगे हैं कि इस्लामाबाद ने उसे देश में आमंत्रित करके "बड़ी गलती" की है, वह भी एक "राज्य अतिथि" के रूप में. मंगलवार को नाइक का एक वीडियो पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. इसमें वह पाकिस्तान की राष्ट्रीय एयरलाइन पीआईए का मजाक उड़ा रहा है क्योंकि पीआईए ने उस पर और उसके साथ आए लोगों पर अतिरिक्त सामान के लिए शुल्क लगाया.

### सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर के 31 फ्लैट सील

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बायर्स की रजिस्ट्री को लेकर सख्त कदम उठाया है. इस क्रम में अमिताभ कांत की सिफारिश पर सहमति नहीं देने वाले बिल्डरों पर एक्शन शुरू हो गया है. मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण की टीम ने ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-1ए/1, सेक्टर-143बी सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. के 31 अनसोल्ड फ्लैट को सील कर दिया है. इसकी कीमत करीब 51 करोड़ रुपये है. इनकी नीलामी कराई जाएगी. इससे जो पैसा आएगा, उससे बकाया वसूला जाएगा. सिक्का पर कुल बकाया 208.05 करोड़ है.

**हरियाणा में फेल साबित हुए सारे एग्जिट पोल**

विधानसभा चुनाव में हार से नाराज कांग्रेस को परिणाम स्वीकार नहीं, जाएगी चुनाव आयोग, कहा

# यह सिस्टम की जीत, लोकतंत्र की हार

**किसान, जवान, पहलवान...कांग्रेस के सारे नैरेटिव हुए धराशायी, जाट बनाम गैर-जाट ध्रुवीकरण का इशारा, बीजेपी को मिला फायदा**

लगातार न्यूज नेटवर्क

हरियाणा चुनाव परिणाम में तमाम एग्जिट पोल के अनुमानों को दरकिनार कर भाजपा ने जीत दर्ज की है. अपनी हार से नाराज कांग्रेस ने कहा है कि यह सिस्टम की जीत है और लोकतंत्र की हार है. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इस परिणाम पर हैरानी जताते हुए कहा कि किसी को यकीन नहीं हो रहा है कि हरियाणा में इतना अप्रत्याशित परिणाम आएगा. हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते हैं. हम चुनाव आयोग जाएंगे और अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरियाणा में मिली हार पर कहा कि हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है. तानाशाही से हमारी लड़ाई लंबी है.

खेड़ा ने कहा कि यदि एक लाइन में कहा जाए तो यह सिस्टम की जीत और लोकतंत्र की हार है. हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते हैं ... हम शिकायतें एकत्रित कर रहे हैं. हमारे उम्मीदवारों ने रिटर्निंग ऑफिसर्स को शिकायतें दी हैं और अब भी दे रहे हैं. आगामी दिनों में हम इन सभी शिकायतों को लेकर चुनाव आयोग जाएंगे. इस तरह का परिणाम जमीन पर कहीं नजर नहीं आया. किसी को यकीन नहीं है कि हरियाणा में इतना अप्रत्याशित परिणाम आएगा. हम सब हैरान हैं. यह नतीजे पूरी तरह अप्रत्याशित हैं और हम कहेंगे कि यह अस्वीकार्य है. हमारे प्रत्याशियों से तीन जिलों, हिसार, महेंद्रगढ़ और पानीपत से लगातार शिकायतें आ रही हैं कि कैसे कुछ मशीनों की बैटरियां जो 99 प्रतिशत थीं, उनमें हमें हारते दिखाया गया और जिन मशीनों को छुआ तक नहीं गया और जिनकी बैटरियां 60-70 प्रतिशत थीं उनमें हमारे उम्मीदवार को जीतता हुआ दिखाया गया. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मौजूदा हालात में हरियाणा के परिणाम को स्वीकार नहीं किया जा सकता है. हरियाणा का अध्याय अभी खत्म नहीं हुआ है. हमसे जीत छीनी गई है. आज जो नतीजे आए हैं, वो जमीनी हकीकत के अनुसार नहीं हैं. यह परिणाम लोक भावना के खिलाफ है.



### क्या यह राहुल गांधी की 'जाति राजनीति' को करारा झटका है?

हरियाणा का जनादेश जाति की राजनीति और जाति जनगणना के एजेंडे को भी एक बड़ा संदेश माना जा रहा है, जिसे चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बार-बार दोहराते रहे. गांधी परिवार इस चुनाव प्रचार के दौरान राज्य में कांग्रेस के लिए समर्थन की "सुनामी" की बात कर रहा था, उन्हें लग रहा था कि जाति जनगणना की बात को बार-बार दोहराने से बड़ी संख्या में दलित मतदाताओं को लुभाने में पार्टी को मदद मिलेगी. लेकिन, जिस तरह के परिणाम आए, वह राहुल गांधी की जाति की राजनीति के लिए एक बड़ा झटका है. चुनाव पर नजर रखने वालों की मानें तो कांग्रेस पार्टी की हरियाणा में हार ने साबित कर दिया कि जाति के आधार पर वोट की लामबंदी के व्यापक प्रयास किसी भी तरह से उनके पक्ष में नहीं आए, यह निश्चित रूप से जाति जनगणना के मुद्दे को बार-बार उठा रहे राहुल गांधी के प्रयास को झटका है. हरियाणा में यह आबादी का लगभग 21 प्रतिशत है. ऐसे में राहुल गांधी ने राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग वोटों पर पकड़ बनाने के लिए जाति सर्वेक्षण कराने का वादा किया था. पार्टी ने सत्ता में आने पर इस जाति जनगणना को लागू करने का वादा किया. वहीं, लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी राहुल गांधी लगातार देशव्यापी जातीय जनगणना की वकालत करते रहे. कांग्रेस ने राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से सभी एससी आरक्षित सीटों पर 17 दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था.

### बीजेपी ने खुद भी नहीं की थी ऐसे नतीजे की उम्मीद

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे ऐसे आए, जिसकी कि बीजेपी ने खुद भी उम्मीद नहीं की होगी. एग्जिट पोल वाले दिन से ही मुरझाए चेहरे अचानक चमक गए. सुबह जब काउंटिंग शुरू हुई, तो शुरुआती रुझानों में कांग्रेस एकतरफा जीत की तरफ बढ़ती दिख रही थी, लेकिन उसकी ये खुशी घंटे-दो घंटे में ही काफूर हो गई. बाजी पलट गई. बीजेपी ने स्पष्ट बहुमत के साथ हरियाणा में जीत की हैट्रिक बना ली है. किसान-जवान-पहलवान के जरिए कांग्रेस ने नैरेटिव तो खूब गढ़ा, लेकिन बीजेपी आखिर कैसे जीत गई, जीत क्या गई, सूबे में अपनी अबतक की सबसे बड़ी जीत हासिल करने जा रही है. हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने नैरेटिव गढ़ा. किसान- जवान- पहलवान के मुद्दे पर आक्रामकता के साथ प्रचार किया. अग्निवीर के मुद्दे पर जवानों की बात करके 'असली राष्ट्रवाद' का भी नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की. बीजेपी नेता बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों के आंदोलन का चेहरा रहीं विनेश फोगाट को चुनाव मैदान में उतार कर पहलवान बिरादरी के साथ जाट वोटों को जबरदस्त तरीके से साधने की कोशिश की. 7 गारंटियों के लोकलुभावन वादे किए.

### कांग्रेस की अंतर्कलह भुनाने में बीजेपी ने कसर नहीं छोड़ी

कांग्रेस में चुनाव से पहले अंतर्कलह और मुख्यमंत्री पद को लेकर नेताओं की अपनी-अपनी दावेदारी को बीजेपी ने भुनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी. चुनाव में 70 से 80 प्रतिशत उम्मीदवार भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे के उतारे गए. उनकी कट्टर प्रतिद्वंद्वी सैलजा कुमारी का इससे बेचैन होना लाजिमी था. हालांकि असंध की रैली में राहुल गांधी ने सैलजा और हुड्डा को एक मंच पर लाकर डैमेज कंट्रोल की कोशिश जरूर की. सैलजा हरियाणा में एक दिग्गज दलित चेहरा हैं. बीजेपी ने खुलेआम उन्हें पार्टी में आने का ऑफर दिया. हालांकि, सैलजा ने उसे सार्वजनिक तौर पर ठुकरा दिया लेकिन दलितों के बीच संभवत: संदेश जा चुका था. संदेश कांग्रेस में दलित नेता की कथित उपेक्षा का. इसका सीधा फायदा बीजेपी को मिला. वहीं कांग्रेस ने चुनाव के दौरान बीजेपी के खिलाफ मजबूत नैरेटिव गढ़ा. नेताओं का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर था. सारे के सारे एग्जिट पोल भी कांग्रेस की प्रचंड जीत की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन पार्टी का अति-आत्मविश्वास और अति-आक्रामकता ही उसके खिलाफ चली गई. पार्टी ने पहलवानों के आंदोलन को एक तरह से जाट अस्मिता से जोड़ने की कोशिश की. अहम मुकाबले से पहले वजन बढ़ने की वजह से ओलिंपिक मेडल से हाथ धोने वाली विनेश फोगाट का कांग्रेसी नेताओं ने जुलूस निकाल कर स्वागत किया.

# पीएम की लाओस यात्रा हिंद-प्रशांत में आसियान को भारत का मजबूत समर्थन

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह लाओस यात्रा पर जाने वाले हैं. यह दौरा इस बात को रेखांकित करता है कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देश, भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' के एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं. आसियान सदस्य देश नई दिल्ली के हिंद-प्रशांत विजन के प्रमुख साझेदार हैं. प्रधानमंत्री मोदी अपने लाओस समकक्ष सोनेक्से सिफानदोन, के निमंत्रण पर 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 10-11 अक्टूबर को वियनतियाने में होंगे. सिफानदोन आसियान के वर्तमान अध्यक्ष हैं. विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि आसियान-भारत शिखर सम्मेलन हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के जरिए भारत-आसियान रिश्तों की प्रगति की समीक्षा करेगा और भविष्य में सहयोग की दिशा तय करेगा. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, प्रमुख नेताओं के नेतृत्व वाला एक मंच है, जो क्षेत्र में रणनीतिक विश्वास का माहौल बनाने में योगदान देता है, यह भारत सहित ईएएस पार्टिसिपेटिंग देशों के नेताओं को क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करता है. यह महत्वपूर्ण यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत अपनी एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे कर रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान की केंद्रीयता और क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण का दृढ़ता से समर्थन किया है, भारत ने पिछले 10 वर्षों में यह माना है कि एक मजबूत और एकीकृत आसियान इंडो-पैसिफिक की उभरती गतिशीलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. पिछले साल, प्रधानमंत्री मोदी ने नयी दिल्ली द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से ठीक तीन दिन पहले जकार्ता की यात्रा की थी.

### आसियान के साथ भारत का जुड़ाव तीन लक्ष्यों से प्रेरित



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का मानना है कि आसियान के साथ भारत का जुड़ाव तीन लक्ष्यों से प्रेरित है. ये तीन लक्ष्य हैं भारत और आसियान के बीच संपर्क को बढ़ाना; आसियान संगठन को मजबूत करना और समुद्री क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करना. दक्षिण चीन सागर में चीन के रणनीतिक विस्तार से चिंतित कई आसियान सदस्य देश भारत और समान विचारधारा वाले साझेदार देशों के साथ गहन रक्षा संबंध बनाने की कोशिश कर रहे हैं. जकार्ता में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान भागीदारों के साथ आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा इसके भविष्य की दिशा तय करने पर व्यापक चर्चा की थी.

# देश में 16 करोड़ ग्रामीण परिवारों को अब पीने योग्य पानी उपलब्ध

- **जल जीवन मिशन :** गोवा, हरियाणा, तेलंगाना हिमाचल जैसे राज्यों में 100 प्रतिशत पहुंच

एजेंसी। नयी दिल्ली

जल शक्ति मंत्रालय का कहना है कि देश में लगभग 16 करोड़ ग्रामीण परिवारों को अब पीने योग्य पानी उपलब्ध है. 'जल जीवन मिशन' की शुरुआत के समय केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों को पीने योग्य पानी मिल रहा था जबकि अब यह आंकड़ा 78.58 प्रतिशत है. 'जल जीवन मिशन' का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पानी के नल का कनेक्शन प्रदान करना है. प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी.

मंत्रालय ने कहा कि 6 अक्टूबर तक मिशन के तहत 15.19 करोड़ ग्रामीण परिवारों को पानी के नल का कनेक्शन मिल चुका है. मिशन के शुरू होने के बाद से 11.95 करोड़ नए टैप वाटर कनेक्शन दिए गए हैं. गोवा, हरियाणा, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक पीने का स्वच्छ पानी पहुंच चुका है. इसके अलावा, देश भर में 9.29 लाख से अधिक स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों तक स्वच्छ पानी पहुंच रहा है. मंत्रालय के मुताबिक फील्ड टेस्ट किट का इस्तेमाल करके जल गुणवत्ता की जांच करने के लिए 24 लाख से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है. अब तक 54 लाख से अधिक जल नमूनों का परीक्षण किया गया है. इस पहल का मकसद ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों के बीच पानी की आपूर्ति के अंतर को कम करना और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है. 'जल जीवन मिशन' ग्रामीण महिलाओं को घर के लिए पानी लाने की मेहनत से मुक्ति दिलाने, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक - आर्थिक स्थिति में सुधार लाने का एक प्रयास है. यह मिशन जीवन को आसान बनाने के साथ ग्रामीण परिवारों के लिए गौरव और सम्मान का प्रतीक है. 'जल जीवन मिशन' सुरक्षित पेयजल को लेकर जागरूकता बढ़ाने और जल को सभी की जिम्मेदारी बनाने की एक कोशिश है.

### आरजी कर के सीनियर डॉक्टरों ने दिया इस्तीफ़ा

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेप और हत्या के ख़िलाफ़ आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में अस्पताल के 50 सीनियर डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफ़ा दे दिया. दूसरी ओर कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों ने भी 24 घंटे के भीतर जूनियर डॉक्टरों की मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में सामूहिक इस्तीफ़े की चेतावनी दी है. मंगलवार को आरजी कर के सीनियर डॉक्टरों ने राज्य के स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक को भेजे पत्र में इस्तीफ़े का एलान किया है. उन्होंने पत्र में सरकार से आंदोलनकारियों की मांगों को पूरा करने की दिशा में ठोस पहल करने की भी मांग की है. एक सीनियर डॉक्टर ने कहा कि आमरण अनशन किसी भी आंदोलन का आख़िरी हथियार होता है. जूनियर डॉक्टरों के आमरण अनशन के बावजूद सरकार ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की है.



# मध्य पूर्व संकट: इजराइल-हमास ने खाई लंबे युद्ध लड़ने की कसम

- फिलिस्तीनी ग्रुप का दावा- हमने दुश्मन के इलाके में मिसाइलें दागीं कई सैनिकों को मार गिराया गया
- नेतन्याहू ने कहा- हम अपने काम को पूरा करेंगे और गाजा से शेष बंधकों को मुक्त कराकर रहेंगे

एजेंसियां। गाजा/लेबनान/दमिश्क

हमास ने ऐलान किया है कि वह गाजा पट्टी में इजराइल के खिलाफ लंबे संघर्ष के लिए तैयार है. इसके साथ ही उसने दावा किया कि गाजा शहर में एक हमले में कई इजराइली सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. वहीं बंधकों के बारे में उसने कहा कि पहले दिन से ही हमने अपने बंदियों की सुरक्षा सुनिश्चित की है. इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार 'काम को पूरा करेगी' और गाजा से शेष बंधकों को मुक्त कराएगी. बता दें पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर बड़ा हमला किया था जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे जबकि 250 से अधिक को बंधक बना लिया था. माना जाता है 100 से अधिक बंधक अभी भी गाजा में हैं. इसी बीच, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांडी ने सीरिया और लेबनान की सीमा पर स्थित जेडीडेट याबूस क्रॉसिंग का दौरा किया. उन्होंने कहा कि इजराइली हमले शुरू होने के बाद से लाखों लोग लेबनान से सीरिया पहुंचे हैं.

फिलिस्तीनी ग्रुप की मिलिट्री विंग अल-कस्साम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू उबैदा ने एक वीडियो में मैसेज में कहा कि हम इजराइल के खिलाफ एक लंबे और दर्दनाक युद्ध को जारी रखने का फैसला लेते हैं. उबैदा ने यह बात सोमवार को '7 अक्टूबर हमले' के एक साल पूरे होने पर कही. उबैदा ने दावा किया कि लड़ाई के सभी मोर्चों पर और पूरे गाजा में, हमने दुश्मन के सैकड़ों सैनिकों को मार डाला, इजराइली वाहनों को नष्ट किया और अपनी रणनीति को परिष्कृत किया. उन्होंने कहा कि यह संघर्ष 'आपराधिक दुश्मन' के खिलाफ है. बंधकों के संबंध में उबैदा ने कहा कि पहले दिन से ही हमने अपने बंदियों की सुरक्षा सुनिश्चित की है, लेकिन नेतन्याहू की महत्वाकांक्षाओं ने उन्हें एक साल तक वापस लौटने से रोक दिया. प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि बंधकों का भाग्य अब इजराइली सरकार के फैसलों पर निर्भर करता है. अगर इजराइली सेना आगे बढ़ती है तो उनकी स्थिति खराब हो सकती है.

### युद्ध तब खत्म करेंगे जब लक्ष्य पूरे होंगे : नेतन्याहू

बता दें कि पिछले साल 7 अक्टूबर के हमले के बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध कि घोषणा कर दी थी और उसके कंट्रोल वाले गाजा पट्टी में मिलिट्री ऑपरेशन शुरू कर दिया. इजराइल के सैन्य ऑपरेशन ने गाजा में भारी तबाही मचाई है. गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इजराइली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 41,909 हो गई है. गाजा में इजराइल का मिलिट्री ऑपरेशन अब भी जारी है. इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि हम युद्ध तब समाप्त करेंगे जब हम अपने सभी लक्ष्य पूरे कर लेंगे. इनमें - हमास के दुष्ट शासन को उखाड़ फेंकना, सभी बंधकों (मृत और जीवित दोनों) की वापसी, गाजा से इजराइल के लिए किसी भी भविष्य के खतरे को नाकाम करना, दक्षिण और उत्तर में हमारे निवासियों को सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापस लाना शामिल है. नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर हमले की पहली बरसी पर एक विशेष शोक सभा में यह बात कही.

### गाजा में इजराइली बख्तरबंद वाहन को मिसाइल से निशाना बनाया : हमास

हमास की मिलिट्री विंग अल-कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया कि गाजा शहर में एक हमले में कई इजराइली सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. सोमवार को अल-कस्साम ब्रिगेड की ओर से जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, उनके लड़ाकों ने दस इजराइली सैनिकों के एक ग्रुप को एंटी पर्सनल बम से सफलतापूर्वक निशाना बनाया. एक अलग घोषणा में, ब्रिगेड ने दावा किया कि उन्होंने गाजा शहर के उत्तर में तुवाम क्षेत्र में एक इजराइली बख्तरबंद वाहन को 'यासिन 105' मिसाइल से निशाना बनाया. इजराइली सेना ने इन घटनाओं पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की. हालांकि, पब्लिक इजराइली रेडियो ने बताया कि गाजा में सैन्य बलों को गंभीर सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और घायल सैनिकों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं.

### इजराइली स्ट्राइक में हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर के कमांडर की मौत, आईडीएफ ने किया दावा

**यरूशलम।** इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी की हत्या की घोषणा की. आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि इजराइली वायु सेना ने बेरूत क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर सटीक कार्रवाई की जिसमें हुसैनी की मौत हो गई. रिपोर्ट के अनुसार, हेडक्वार्टर संगठन के भीतर रसद की देखरेख करता है और संगठन में विभिन्न इकाइयों के बजट और प्रबंधन का प्रभारी है. आईडीएफ बयान में कहा गया कि हुसैनी ने ईरान और हिजबुल्लाह के बीच हथियारों के ट्रांसफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और वह हिजबुल्लाह यूनिट्स के बीच हथियारों के वितरण के लिए जिम्मेदार था. हुसैनी जिहाद परिषद, हिजबुल्लाह की वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व परिषद का सदस्य भी था. हुसैनी हिजबुल्लाह की सबसे खास प्रोजेक्ट के बजट और रसद प्रबंधन के लिए जिम्मेदार था, जिसमें संगठन की युद्ध योजनाएं और अन्य विशेष अभियान शामिल हैं. हिजबुल्लाह ने हमले पर तुरंत टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. हालांकि, उसने रात में इजराइल की विदेशी खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय के पास एक सैन्य अड्डे पर रॉकेट दागे जाने की जिम्मेदारी ली.

**अंतरिक्ष मिशन** पांचवें मून मिशन 'लुपेक्स' को राष्ट्रीय अंतरिक्ष आयोग ने दी मंजूरी

# भारत की चांद पर बड़ी छलांग लगाने की तैयारी

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत अपनी चंद्र महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में चंद्रयान-3 के बाद, एक और बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में है. राष्ट्रीय अंतरिक्ष आयोग ने पांचवें चंद्र मिशन - 'लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन मिशन या लुपेक्स' को मंजूरी दे दी है. राष्ट्रीय अंतरिक्ष आयोग, देश में अंतरिक्ष मिशनों से जुड़ी सर्वोच्च संस्था है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'लुपेक्स', भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का एक संयुक्त मिशन है. यह मिशन भारत के बड़े चंद्र रोडमैप का हिस्सा है जिसका मकसद अंततः एक अंतरिक्ष यात्री को चांद पर भेजना और सुरक्षित रूप से वापस लाना है. मीडिया की खबरों के मुताबिक यह मिशन चांद की सतह पर 100 दिनों तक रह सकता है. यह अवधि चंद्रयान-3 के मिशन की अवधि से पांच गुना अधिक है. मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव (90-डिग्री अक्षांश) पर उतरेगा. यह चांद पर पानी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों की जांच करेगा. 'लुपेक्स' चंद्रमा की जमीन के नीचे पानी की मात्रा और वितरण का भी विश्लेषण करेगा. भारत-जापानी मिशन की योजना चंद्रमा के स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों या अंधेरे पक्ष का अन्वेषण करने और इसकी सतह पर विशेषज्ञता हासिल करने की है.



### 'लुपेक्स' रोवर का वजन प्रज्ञान से अधिक 350 किग्रा होने की उम्मीद

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिशन के लिए लॉन्च व्हीकल एक जापानी रॉकेट होगा, लैंडर सिस्टम इसरो द्वारा विकसित किया जाएगा जबकि रोवर जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी द्वारा बनाया जाएगा. 'लुपेक्स' रोवर का वजन 350 किलोग्राम हो सकता है जबकि चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर का वजन सिर्फ 26 किलोग्राम था. मीडिया की खबरों के मुताबिक 'लूपेक्स' को जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए रखा जाएगा.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)